राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 04 मई 2026
वर्ष 07, अंक 208, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सिद्धार्थनगर में पानी की टंकी पर 16 घंटे से फंसे 2 बच्चों को एयरफोर्स हेलिकॉप्टर से सेना ने किया रेस्क्यू...03

पानी की टंकी पर 16 घंटे से फंसे 2 बच्चों को एयरफोर्स हेलिकॉप्टर से सेना ने किया रेस्क्यू...11

# सीरियल ब्लास्ट का प्लान, जेल में ट्रेनिंग, NIA कोर्ट ने आतंकी को सुनाई सजा

● लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी को सुनाई सजा

● सीसीबी से केस अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने इस मामले में शामिल व्यापक साजिश का खुलासा किया था, जिसमें नसीर को भागने में मदद करने की साजिश भी शामिल थी.

● आतंकवाद रोधी एजेंसी ने जुनैद समेत 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी, जो अभी भी फरार है. जुनैद को ढूंढने के प्रयास जारी हैं।




पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक और प्रमुख सहयोगी को बेंगलुरु जेल में कट्टरपंथी बनाने के 2023 के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई है. राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि बेंगलुरु की विशेष अदालत ने विक्रम कुमार उर्फ छोटा उस्मान को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

विक्रम इस मामले में दोषी ठहराए जाने और सजा पाने वाला आठवां आरोपी है. एनआईए की जांच में पता चला कि आरोपी विक्रम कुमार को बेंगलुरु जेल में बंद रहने के दौरान लश्कर सदस्य टी. नसीर और सह-आरोपी जुनैद अहमद द्वारा कट्टरपंथी बनाया गया और अपने साथ शामिल किया गया था।

दरअसल प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैबा (एलईटीटी) आतंकवादी संगठन के एक अन्य प्रमुख आतंकवादी को एनआईए की विशेष अदालत ने 2023 के बेंगलुरु जेल में कट्टरपंथी बनाने के मामले में दोषी ठहराया और सजा सुनाई. बेंगलुरु की विशेष अदालत ने विक्रम कुमार उर्फ छोटा उस्मान को आईपीसी, यूए (पी) अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सात साल के कठोर कारावास और 30,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

विक्रम इस मामले में दोषी ठहराया जाने वाला और सजा पाने वाला आठवां आरोपी है. एनआईए द्वारा इस मामले को आरसी-28/2023/एनआईए/डीएलआई के रूप में दोबारा पंजीकृत किया गया था. पिछले महीने ही अदालत ने लश्कर-ए-तैबा के सदस्य और मुख्य साजिशकर्ता टी नसीर समेत सात अन्य आरोपियों को सजा सुनाई थी, जिन्होंने 2008 के बेंगलुरु सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में परप्पन्ना अग्रहारा केंद्रीय जेल में विचाराधीन कैदी रहते हुए आतंकी कट्टरता की साजिश रची थी।

एनआईए की जांच में पता चला था कि आरोपी विक्रम कुमार को बेंगलुरु जेल में नसीर और सह-आरोपी जुनैद अहमद ने कट्टरपंथी बनाया और भर्ती किया था. रिहाई के बाद भी वह नसीर और जुनैद के संपर्क में रहा. मई 2023 में, विक्रम ने हरियाणा के अंबाला से हथगोले और वॉकी-टॉकी का एक जखीरा इकट्ठा किया और बेंगलुरु में एक सह-आरोपी को सौंप दिया।

एनआईए की जांच के अनुसार, जुनैद द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त विक्रम, टी नसीर को जेल से अदालत ले जाते समय भागने में मदद करने की बड़ी साजिश में भी शामिल था. यह साजिश लश्कर-ए-तैबा के भारत में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने और राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने के एजेंडे का हिस्सा थी। यह मामला मूल रूप से बेंगलुरु केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) द्वारा जुलाई 2023 में आदतन अपराधियों से हथियार, गोला-बारूद और डिजिटल उपकरण जब्त किए जाने के बाद दर्ज किया गया था, जिन्होंने लश्कर-ए-तैयबा की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए बेंगलुरु शहर में सिलसिलेवार आतंकी हमले करने की योजना बनाई थी।

सीसीबी से केस अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने इस मामले में शामिल व्यापक साजिश का खुलासा किया था, जिसमें नसीर को भागने में मदद करने की साजिश भी शामिल थी. आतंकवाद रोधी एजेंसी ने जुनैद समेत 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी, जो अभी भी फरार है. जुनैद को ढूंढने के प्रयास जारी हैं।

# बेटे को मारा टक्कर, पिता को भी 2 किमी तक बोनट पर घसीटा ...

● हैदराबाद के मीरपेट में एक चौंकाने वाली रोड रेज घटना सामने आई है.

● एक कार ने टू-व्हीलर को टक्कर मारी, जिसके बाद विवाद में ड्राइवर ने एसके जिलानी को कार के बोनट पर 2 किलोमीटर तक घसीटा.

● बेटा फैसल गंभीर रूप से घायल है. स्थानीय लोगों की मदद से कार रुकी पर ड्राइवर फरार हो गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## रुह कंपा देगा हैदराबाद का हिट एंड रन केस



हैदराबाद के रंगारेड्डी जिले के मीरपेट पुलिस स्टेशन इलाके में एक चौंकाने वाली रोड रेज की घटना हुई, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई. पीड़ित के मुताबिक, एक कार ने पीछे से एक टू-व्हीलर को टक्कर मार दी, जिससे पीड़ितों पिता एसके जिलानी और उनके बेटे फैसल और कार ड्राइवर के बीच झगड़ा हो गया. बेटा फैसल को गंभीर चोटें आई. दुर्घटना के बाद, दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई. कार को रोकने और ड्राइवर से पूछताछ करने की कोशिश में जिलानी गाड़ी के सामने खड़ा हो गया।

हालांकि, ड्राइवर ने लापरवाही से भागने की कोशिश की, जिससे जिलानी कार के बोनट पर गिर गया. इस चौंकाने वाले मामले में ड्राइवर जिलानी को बोनट से चिपकाए हुए लगभग 2 किलोमीटर तक गाड़ी चलाता रहा, जिससे उसकी जान जा सकती थी. खबर है कि कार बालापुर चौरास्ता से मंडमल्लम्मा चौरास्ता की तरफ तेजी से जा रही थी, जिलानी अभी भी बोनट पर था और आस-पास खड़े लोग हैरान होकर देख रहे थे. आखिरकार, सतर्क स्थानीय लोगों और दूसरे आने-जाने वालों ने बीच-बचाव किया और गाड़ी रोक दी।

### फरार ड्राइवर को पकड़ने की कोशिश जारी

अफरा-तफरी का फायदा उठाकर ड्राइवर पीड़ित को छोड़कर मौके से भाग गया. इस बीच फैसल, जिसे शुरुआती टक्कर और उसके बाद हुई हाथापाई में चोटें आई, उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका अभी इलाज चल रहा है. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है. फरार ड्राइवर की पहचान करने और उसे पकड़ने की कोशिशें जारी हैं. अधिकारी ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज भी देख रहे हैं और चश्मदीदों के बयान इकट्ठा कर रहे हैं ताकि घटनाओं का क्रम जोड़ा जा सके और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

मंडामलम्मा चौराहे पर, राहगीरों ने बीच-बचाव करते हुए वाहन को रोक दिया, जिसके चलते ड्राइवर मौके से भाग निकला. जिलानी के बेटे फैसल को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें पास के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पनकी थाना क्षेत्र में नो एंट्री नियमों की उड़ रही धज्जियां, भारी वाहनों की आवाजाही पर सवाल



**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र से यातायात नियमों की अनदेखी का गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र में नो एंट्री लागू होने के बावजूद भारी वाहन धड़ल्ले से गुजरते देखे जा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह स्थिति नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से लगातार जारी है। दिनदहाड़े भारी वाहनों की आवाजाही से जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। क्षेत्रीय लोगों ने सवाल उठाया है कि जब नो एंट्री का स्पष्ट नियम लागू है, तो फिर भारी वाहन किस अनुमति से प्रवेश कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि संबंधित विभागों को इसकी जानकारी है, तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही, और यदि जानकारी नहीं है तो यह निगरानी व्यवस्था पर बड़ा प्रश्न है। नो एंट्री क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश से जाम, दुर्घटना और सड़क क्षति जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। इससे स्कूली बच्चों, राहगीरों और छोटे वाहन चालकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

### दुष्कर्म मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, वांछित अभियुक्त दबोचा गया

**देवरिया।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चल रहे सख्त अभियान के तहत बघौचघाट थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नाबालिग को बहला-फुसलाकर शोषण करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को रविवार को धर दबोचा। पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रसूता के ऑपरेशन में लापरवाही मिलने पर मिडवे अस्पताल सील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बलरामपुर।** सीएमओ कार्यालय से चंद दूरी पर संचालित मेडीवे हॉस्पिटल में गर्भवती का ऑपरेशन करने के बाद उसके पेट में गॉज (सर्जिकल स्पंज) छोड़ने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। चार सदस्यीय टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव की टीम ने शनिवार को अस्पताल को सील कर दिया है। महिला सर्जन और चिकित्साधिकारी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

बीते दिन पीड़ित पति अजय तिवारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र में बताया था कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी अंजू देवी का पांच सितंबर 2025 को मेडीवे हॉस्पिटल में सिजेरियन प्रसव कराया था। ऑपरेशन से एक बच्ची का जन्म हुआ था, जिसका नाम आर्या रखा गया है। ऑपरेशन के कुछ दिन बाद उसकी पत्नी की तबीयत बिगड़ने लगी। तब उसने मेडीवे हॉस्पिटल में दोबारा महिला चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने अल्ट्रासाउंड जांच कराकर फिर से दवाएं दी, लेकिन आराम नहीं हुआ। हालत ज्यादा खराब होने पर महिला चिकित्सक ने रेफर का पर्चा बना दिया और अपने अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। उसके बाद मैनें अपनी पत्नी का इलाज बहराइच स्थित एक अस्पताल में कराया। वहां जांच के दौरान पता चला कि अंजू के पेट में गॉज (सर्जिकल स्पंज) फंसा हुआ है, जिससे आंत में सड़न पैदा हो गया है। अंजू की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही थी। आनन-फानन में पहले एक बार बाईपास सर्जरी और बाद में आंतों का दोबारा उपचार कराना पड़ा। इसमें करीब छह लाख रुपये खर्च हो गए। मेडीवे अस्पताल में लापरवाहीपूर्वक ऑपरेशन का खामियाजा उसके परिवार को भुगतना पड़ रहा है। गंभीर लापरवाही के खिलाफ महिला चिकित्सक व अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की थी।

सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने शिकायत की जांच के लिए चार सदस्य टीम बनाई थी। एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव नेतृत्व में टीम ने पीड़ित और अस्पताल संचालक, चिकित्सक से बयान लिया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर सील की कार्रवाई की गई है। इस अवसर पर पटल सहायक राजेश सिंह मौजूद रहे।

## अवैध गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट सख्त: बंदी की रिहाई का आदेश, 10 लाख मुआवजा देने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रमेश यादव



**बलरामपुर** लखनऊ इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ ने अवैध गिरफ्तारी और हिरासत के एक मामले में सख्त रुख अपनाते हुए बंदी को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को याचिकाकर्ता को 10 लाख रुपये मुआवजा देने के भी निर्देश दिए हैं। यह आदेश हैबियस कॉर्पस रिट याचिका संख्या 137/2026 (मनोज़ कुमार बनाम राज्य उत्तर प्रदेश एवं अन्य) पर सुनवाई के दौरान दिनांक 29 अप्रैल 2026 को पारित किया गया। मामले के अनुसार, याचिकाकर्ता जनपद उन्नाव, थाना असीवन, केस क्राइम संख्या 244/2024 से संबंधित प्रकरण में दिनांक 27 जनवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने पाया कि गिरफ्तारी के समय संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और बंदी को गिरफ्तारी के कारण लिखित रूप में नहीं बताए गए। खंडपीठ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय उसे स्पष्ट और ठोस कारण बताना उसका संवैधानिक अधिकार है। यदि इसका पालन नहीं किया जाता है तो गिरफ्तारी और उसके बाद की न्यायिक प्रक्रिया भी अवैध मानी जाएगी। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि संबंधित अधिकारियों ने सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों की अनदेखी की, जिसके कारण याचिकाकर्ता को लगभग तीन माह तक अवैध रूप से जेल में रहना पड़ा। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए अदालत ने 10 लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश पारित किया।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत तिवारी ने प्रभावी पैरवी करते हुए तर्क रखा कि गिरफ्तारी पूरी तरह असंवैधानिक है और सर्वोच्च न्यायालय के स्थापित सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। अदालत ने उनके तर्कों को स्वीकार करते हुए याचिका मंजूर कर ली। अधिवक्ता प्रशांत तिवारी, उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के अधिवक्ता श्री महेंद्र तिवारी के भतीजे हैं, जो अपने अनुभव और विधिक मार्गदर्शन के लिए जाने जाते हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार पहले मुआवजा अदा करे और बाद में जिम्मेदार अधिकारियों से इसकी वसूली कर सकती है। यह फैसला व्यक्तिगत स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### आगरा में निर्माणाधीन मकान का ढांचा गिरा, ठेकेदार सहित तीन मजदूरों की मौत



**आगरा।** एत्माद्दौला क्षेत्र के ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस एक में शनिवार शाम को मकान के दूसरे तल पर निर्माणाधीन ढांचा गिरने से ठेकेदार और दो श्रमिकों की मौत हो गई। हादसा द्वितीय तल पर स्टोर रूम की छत पर गर्डर पर पटिया रखने के दौरान हुआ। गर्डर असंतुलित होने से ठेकेदार दोनों श्रमिक पत्थर, सीमेंट की बोरियों समेत 30 फीट सड़क पर आकर गिरे। एक श्रमिक की मौके पर मौत हो गई। जबकि ठेकेदार को एसएन इमरजेंसी और तीसरे श्रमिक को लखनऊ केजीएमसी में पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकाी होने पर एसीएम और एसीपी छत्ता छत्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना शनिवार शाम लगभग सवा चार बजे की है। ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस एक निवासी रवि प्रताप के घर में द्वितीय तल पर स्टोर रूम का निर्माण चल रहा है। एत्मादपुर के धौरा निवासी ठेकेदार मुन्नालाल, श्रमिक रंजीत और नगला छदामी एत्माद्दौला निवासी जगदीश दीवारों पर गर्डर रखने के बाद उस पर पटिया लगाने का काम कर रहे थे। तीनों पटिया पर खड़े थे। तीनों पटिया पर खड़े थे। इसी दौरान गर्डर एक ओर झुकने से पूरा ढांचा असंतुलित होकर ढह गया।

## सिद्धार्थनगर में आर्केस्ट्रा देखने के लिए घर से निकला किशोर का तीसरे दिन मिला शव, मचा हड़कप

» परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, गांव के 3 युवकों पर लगाया हत्या का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र में एक किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। शव पर चोट के गंभीर निशान मिलने के बाद परिजनों ने गांव के 3 युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। मामला मोहाना थाना क्षेत्र के जिगनिहा गांव का है। जिगनिहा गांव में रविवार को मोहम्मद सगीर((15 ) पुत्र कलीमुल्लाह का शव घर से करीब 50 मीटर दूरी पर संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है ।शव पर मुंह, नाक और सिर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

परिजनों ने गांव के ही 3 युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सगीर पूरी तरह स्वस्थ था और उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। ऐसे में उसकी संदिग्ध मौत ने कई सवाल खड़ा कर दिया है। मृतक के पिता कलीमुल्लाह के मुताबिक शुक्रवार की रात घर के पास एक भोज कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें आर्केस्ट्रा का प्रोग्राम चल रहा था। सगीर रात करीब 12 बजे आर्केस्ट्रा देखने के लिए घर निकला था। काफी देर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद मिला।

इसके बाद परिवार ने कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रविवार दोपहर करीब 12 बजे पुलिस को सूचना दी गई। इसके कुछ घंटों बाद शाम करीब 4 बजे परिजनों ने घर से थोड़ी दूरी पर सगीर का शव देखा। बताया जा रहा है कि सगीर गांव के एक मदरसे में कक्षा 6 का छात्र था। उसकी अचानक मौत से परिवार और ग्रामीणों में शोक और आक्रोश का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। तहरीर मिली है। परिजनों और ग्रामीणों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### स्मार्ट मीटर उखाड़कर लगाया बिजलीघर पर ढेर: विभाग ने कराई FIR, भाकियू देगा धरना; राकेश टिकैत भी आएंगे आगरा

**अकोला (आगरा)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने अकोला क्षेत्र में स्मार्ट मीटरों को उखाड़ने के मामले में विद्युत विभाग की ओर से विरोध प्रदर्शन करने वालों 16 नामजद, 500-600अज्ञात क्षेत्रीय ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इसके विरोध में रविवार को क्षेत्रीय ग्रामीणों ने पंचायत आयोजित की गई। रविवार को भाकियू के मंडल अध्यक्ष रणवीर चाहर और जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया अकोला पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों और क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर धरना प्रदर्शन की रणनीति तैयार की।

**स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ता है परेशान** मंडल अध्यक्ष रणवीर चाहर ने बताया कि स्मार्ट मीटरों से उपभोक्ता परेशान हैं। विद्युत विभाग द्वारा जनता पर ये जबरदस्ती थोपे जा रहे हैं।

**लोगों ने स्मार्ट मीटर उखाड़कर लगा दिया था ढेर** अकोला के लोगों ने स्मार्ट मीटर उखाड़कर बिजलीघर पर ढेर लगा दिया था। इस पर विद्युत विभाग द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। इसी के विरोध में भाकियू द्वारा कल (सोमवार) से चाहरवाटी इंटर कॉलेज के मैदान में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक मुकदमा वापस नहीं लिया जाएगा तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# मेड़ बंदी के नाम पर लाखों की बंदरबांट

» या दोषियों पर होगी कार्रवाई, बना यक्ष प्रश्न

» कई लॉकों में फर्जी भुगतान जांच में खुलेगा राज, जिमेदार कौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा।** किसानों की पैदावार बढ़ाने और कम लागत में अधिक उत्पादन के उद्देश्य से चलाई जा रही मेड़ बंदी व खेत समतलीकरण योजना अब जिले के कई विकास खंडों में सवालों के घेरे में आ गई है।विकास खंड कटरा बाजार, हलधरमऊ, इटियाथोक, झझरी ,रूपईडीह सहित अन्य ब्लॉकों से भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर कार्यों को कागजों में पूर्ण दिखाकर लाखों रुपये का भुगतान निकाल लिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य अधूरा या नगण्य है। ग्रामीणों के अनुसार, कई गांवों में केवल औपचारिक रूप से कुछ खेतों में आंशिक मेड़ बंदी कराकर पूरे कार्य को पूर्ण दर्शा दिया गया। अधिकांश किसानों को योजना का कोई लाभ नहीं मिला।

### जॉब कार्ड धारकों की उपस्थिति पर भी सवाल

इन ब्लॉकों में जॉब कार्ड धारकों की उपस्थिति को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कार्यस्थलों पर मजदूरों की वास्तविक मौजूदगी नहीं होती, फिर भी मास्टर रोल में उनकी हाजिरी भरकर भुगतान निकाल लिया जाता है। कुछ मामलों में मजदूरों को नाममात्र की मजदूरी देकर बाकी धनराशि के बंदरबांट का आरोप लगाया गया है, जिससे योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है।

### जांच और कार्रवाई की मांग तेज

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी संबंधित ब्लॉकों में मेड़ बंदी कार्यों, जॉब कार्ड धारकों की उपस्थिति, मास्टर रोल और भुगतान विवरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए।साथ ही, कार्यस्थलों का भौतिक सत्यापन कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि किसी जॉब कार्ड धारक या अधिकारी की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है, तो उससे धनराशि की वसूली कर सरकारी धन की भरपाई कराई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च स्तर पर शिकायत करने को बाध्य होंगे। इस सम्बन्ध में डीसी मनरेगा से सम्पर्क किया गया लेकिन पक्ष से जानकारी नहीं हो सकी।

## संक्षिप्त खबरें

### शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के थानों द्वारा पैदल गश्त करते हुए संदिग्धों की चेकिंग की गयी



**अमेठी।** शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, 'मिशन शक्ति' नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं व बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा द्वारा थानाक्षेत्र पीपरपुर में एवं जनपद के थानों द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने थानाक्षेत्र में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, हाइवे, चौराहों, रेलवे स्टेशन एवं शराब की दुकानों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों की चेकिंग की गयी।

### कन्हैया की लीलाओं में जीवन के सुमंगल का होता है मार्ग प्रशस्त-धीरेन्द्रपाल जी



**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेलहा के समीप हिरउ का पुरवा में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण के लोकावतार के मंगल पर जुड़ी कथाओं को सुन श्रद्धालु भावविभोर हुये दिखे। कथाव्यास छोटी काशी राजातारा से पधारे आचार्य धीरेन्द्रपाल कृष्ण त्रिपाठी जी ने बताया कि बाल्यावस्था में ही भगवान श्रीकृष्ण के हाथों राक्षसी प्रवृत्तियों का विनाश होने लगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की इन लीलाओं को देखसुन पृथ्वी पर सुख शान्ति के मंगल मार्ग का शुभ संकेत भी मिलने लगा। आचार्य धीरेन्द्र जी ने बताया कि कन्हैया का गो माता के प्रति प्रेम की लीला हमें जीव के प्रति दया और संरक्षण का भाव समझाया करती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का माखन प्रेम ममता और मातृत्व को सम्मान का भाव लिये हुये है। कथा व्यास ने द्वारिकाधीश की उपासना को जीवन के भूले बिसरे पाप से मुक्ति का सबसे सुगम उपाय बताया। उन्होंने कहा कि द्वारिकाधीश के जप में मनुष्य को स्वतः पाप से मुक्ति मिल जाया करती है।इस मौके पर इं. अतुल शुक्ला, पप्पू तिवारी, राजू सिंह, रंजन सिंह, अभिनव शुक्ला, महेन्द्र पाल तिवारी, संगम लाल दुबे, ऋषभ तिवारी, राजाराम यादव, श्याम नारायण तिवारी, विजय यादव, केशवदत्त पाण्डेय, आचार्य पवन द्विवेदी, रामदेव यादव, विपिन यादव, मिथलेश यादव आदि मौजूद रहे।


# सीएचसी प्रभारी डॉ. भास्कर यादव ड्यूटी से गायब, स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर प्रभारी डॉ. भास्कर यादव के लगातार ड्यूटी से गायब रहने से पूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर की व्यवस्था चरमरा गई है। सीएचसी गौर प्रभारी डॉ. भास्कर यादव खुद ड्यूटी से नदारद हैं तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर की स्वास्थ्य व्यवस्था की देखभाल कौन करेगा। प्रभारी के गायब रहने से सीएचसी के अंतर्गत अधिकांश आयुष्मान आरोग्य मंदिरों/उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर ताला लटक रहा है

सूत्रों के अनुसार अधीक्षक डॉ. भास्कर यादव सीएचसी पर कभी रात्रि विश्राम नहीं करते है रात्रि में अधीक्षक के न रहने से ओपीडी व इमरजेंसी सेवा भगवान भरोसे चल रही है। जब अधीक्षक ही ड्यूटी से गायब रहेंगे तो लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई कौन करेगा? डॉ. भास्कर यादव की मनमानी से सीएचसी गौर की स्थिति बदहाल हो गई है और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

प्रभारी डा0भास्कर यादव स्वयं ड्यूटी से गायब होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर की दयनीय स्थिति को सुधारने में पूरी तरह फेल हैं और अधिकांश कर्मचारी मनचाहा ड्यूटी कर रहे हैं एवं ड्यूटी के दौरान कमरे में आराम फरमा रहे हैं। **आखिर कब?** स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदार कुंभकर्णी नियर से जगेंगे और कैसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर की अव्यवस्था दूर होगी? जिसको लेकर पूरे जिले में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। मीडिया टीम ने कई महीनो से लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर का पड़ताल किया लेकिन कभी भी सीएचसी प्रभारी डा0 भास्कर यादव के




कमरे का ताला खुला नहीं मिला अर्थात हमेशा प्रभारी के कमरे में ताला लटकता रहता है। उक्त प्रकरण फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो प्रभारी ने मीडिया के फोन को रिसीव नहीं किया और न ही बाद में एक ही बार कॉल बैक किया।

## दयालपुर गांव में भीषण चोरी का मामला मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दयालपुर गांव में भीषण चोरी का मामला सामने आया है दयालपुर गांव में एक बंद पड़े मकान में चोरों में जमकर की लूटपाट अलमारी बक्से और बैग में रख सामान कर लेकर फरार हो गए इसकी सूचना नगर थाने पर दी गई मामला दर्ज करके जांच पड़ताल की जा रही है थाना अध्यक्ष भानु प्रताप का कहना है कि जल्द ही चोर की रक्त में आएंगे दयालपुर निवासी सच्चिदानंद पांडे पुलिस को ताहिर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया थाना अध्यक्ष भानु प्रताप में मामले की बारीकी से जांच किया 12 अप्रैल को अपने परिवार के साथ नोएडा दिल्ली गए थे सदानंद पांडे ने बताया घर की देखभाल करने के लिए गांव के ही छोटे लाल गुप्ता को सौप था जब 1 मई को वापस आया तो घर के तला टूटा हुआ देखकर होश उड़ गए उन्होंने तत्काल 112



पर फोन करके सूचना दिया मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही पुलिस को बताया कि घर में रखें चांदी के समान तथा सोने के समान सहित 40000 नकद कर लेकर फरार हो गए चोरों द्वारा एलइडी टीवी और सरसों तक नहीं छोड़ा घर में रखे साड़ियां और बर्तन महगे उठा ले गए पीछे का भी दरवाजा टूटा हुआ था यहां घर में रखे बेड हैं सामान सारे उठा ले गए मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष भानु प्रताप बारीकी से जांच करके मुकदमा अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कर लिया गया है जल्द ही खुलासा होगा।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण



**भदोही** रविवार दिनांक 03.05.2026 को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला ममहर एवं गिर्दबड़ागांव का मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही डॉक्टर संतोष कुमार चक द्वारानिरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सभी कार्मिक मौजूद पाए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लू वार्ड कक्ष एवं ओ.आर. यस. कार्नर का निरीक्षण किया गया जो आरक्षित पाये गए।

## ऑटो/टेम्पो चोरी करने वाले संगठित गैंग का पर्दाफाश

● थाना अध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह की अगुवाई में बड़ी कार्रवाई

चार शातिर गिरफ्तार, तीन वाहन बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती में वाहन चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं के बीच थाना नगर पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक संगठित ऑटो/टेम्पो चोर गैंग का खुलासा किया है। इस पूरी कार्रवाई की अगुवाई थाना अध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह ने की, जिनकी सक्रिय रणनीति और सतर्क निगरानी के चलते पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गैंग से जुड़े चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से तीन चोरी किए गए ऑटो/टेम्पो भी बरामद किए हैं। मामले का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत नें क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह की मौजूदगी में बताया कि 20 अप्रैल 2026 को थाना नगर क्षेत्र के ग्राम संसापुर फुतहिया से ऑटो/टेम्पो चोरी होने की घटना सामने आई थी, जिसके संबंध में थाना नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त थाना मुंडेरवा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की चोरी की घटना दर्ज थी।

लगातार हो रही इन वारदातों को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने टीम गठित कर सर्विलांस और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।इसी क्रम में 03 मई 2026 को तड़के करीब 3:30 बजे पुलिस टीम ने ग्राम बेलाड़ी से मरवटिया जाने वाले मार्ग पर संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर घेराबंदी की। मौके से चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से तीन अदद चोरी के टेम्पो बरामद किए गए, जिनकी पहचान पूर्व में दर्ज चोरी की घटनाओं से जुड़ी हुई पाई गई।पूछताछ में अभियुक्तों ने खुलासा किया कि वे गिरोह बनाकर सुनसान स्थानों से ऑटो/टेम्पो चोरी करते थे और उन्हें दूसरे जिलों में बेचने की योजना बनाते थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जितेंद्र पुत्र शिवदास गौंड, रवि पुत्र अन्नेदेव, फारुख पुत्र रियाज अली तथा शिवपूजन पुत्र बेचैन शर्मा के रूप में हुई है। सभी आरोपी जनपद बस्ती के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है। इनके खिलाफ पूर्व में चोरी, आर्म्स



एक्ट, गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब इनके अन्य साथियों और नेटवर्क की भी तलाश कर रही है।

इस कार्रवाई में थाना नगर पुलिस टीम के साथ एसओजी प्रभारी विकास यादव, उपनिरीक्षकगण तथा अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही, लेकिन पूरी कार्रवाई की कमान संभालते हुए थाना अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने जिस तरह से योजना बनाकर टीम को दिशा दी, वह इस सफलता का मुख्य आधार रहा।पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह द्वारा टीम को 25000 नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई।

## संग्रामपुर पुलिस द्वारा 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 7.65 बोर के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रोहित तिवारी पुत्र महेन्द्र प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम डेहरा मौजा विशेषरगंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 01 जिंदा कारतूस 7.65 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## कलवारी थाना क्षेत्र के महुआ डाबर गांव में सार्वजनिक रास्ते को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया

● सार्वजनिक रास्ते के विवाद में खूब चले ईंट और पत्थर।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के कलवारी थाना क्षेत्र के महुआ डाबर गांव में सार्वजनिक रास्ते को लेकर विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, रास्ता निर्माण को लेकर पहुंचे ग्रामीणों पर दबंगों ने अचानक हमला बोल दिया जिससे मौके पर अफरातफरी मच गई।बताया जा रहा है कि यह विवाद काफी समय से चल रहा था और मामले में एसडीएम द्वारा रास्ता बहाल कराने का आदेश भी जारी किया गया था लेकिन दबंगों पर इसका कोई असर नहीं दिखा,आज जब प्रशासनिक आदेश के बाद ग्रामीण रास्ता बनाने पहुंचे तभी विरोधी पक्ष के लोगों ने घरों की छतों से ईट-पत्थर बरसाने शुरू कर दिए,अचानक हुए इस हमले से लोग अपनी जान बचाकर भागते नजर आए,घटना का वीडियो भी सामने आया है,जिसमें साफ देखा जा सकता है कि किस तरह छतों से लगातार पथराव किया जा रहा है और नीचे मौजूद लोग बचने की कोशिश कर रहे हैं,सूचना मिलते ही डायल 112 पीआरबी और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची



और स्थिति को नियंत्रण में लिया, पुलिस की मौजूदगी में हालात कुछ हद तक शांत हुए लेकिन गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही जा रही है। पुलिस के ढीले रवैया के कारण घटनाओं की बाढ़ आ गई है जिले में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुका हैवहीं इस पूरे मामले में क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह ने बताया कि कल तहसील दिवस पर खड़ंजा लगाने की बात पर हसमतउल्लाह ने एप्लीकेशन दिया था, पूर्व में भी एसडीएम द्वारा आदेशित किया गया था कि खड़ंजा लगाने में कोई भी विवाद उत्पन्न ना हो इसी संबंध में शहाबुद्दीन समेत महिलाओं द्वारा रोका जा रहा था उन्हें महिलाओं द्वारा एट पत्थर चलाया गया है इस संबंध में उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## नर सेवा ही नारायण सेवा : दैवीय आपदा में पीड़ित परिवार के लिए मददगार बने सोनू यज्ञ सैनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** मानवता और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए युवा भाजपा नेता, समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य सोनू यज्ञ सैनी ने एक जरूरतमंद परिवार की सहायता कर क्षेत्र में संवेदनशील जनप्रतिनिधि होने का परिचय दिया है। बीते दिनों आए तेज आंधी-तूफान और दैवीय आपदा के कारण ग्राम सभा संभई निवासी रामसुमेर पासी का कच्चा मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। अचानक आई इस आपदा से परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया। सबसे बड़ी चिंता यह थी कि आगामी 11 मई को उनकी पुत्री का विवाह निर्धारित है और ऐसे समय में घर उजड़ जाने से परिवार गहरे संकट में पड़ गया था।घटना की जानकारी मिलते ही जिला पंचायत सदस्य सोनू यज्ञ सैनी तत्काल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम सभा के सम्मानित लोगों एवं शुभचिंतकों के साथ बैठक कर तत्काल राहत उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। इसी क्रम में परिवार के लिए टीन शेड की व्यवस्था कराई गई, जिससे विवाह कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके और परिवार को अस्थायी राहत मिल सके।सोनू यज्ञ सैनी ने कहा कि 'समाज में जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। नर सेवा ही नारायण सेवा है। ऐसे कठिन समय में हम सबको मिलकर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा होना चाहिए।' उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विवाह समारोह के लिए राशन, तेल, मसाला एवं अन्य आवश्यक सामग्री की हर संभव मदद उनकी टीम द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि बेटी के विवाह में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

इस पुनीत कार्य में क्षेत्र के अनेक समाजसेवी, ग्रामवासी एवं युवा भी आगे आए और सहयोग की भावना दिखाई।



ग्रामवासियों ने सोनू यज्ञ सैनी के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे जनप्रतिनिधि बहुत कम देखने को मिलते हैं, जो बिना किसी भेदभाव के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते हैं।पीड़ित परिवार ने भावुक होकर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि विपत्ति की इस घड़ी में मिली सहायता उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। क्षेत्र में इस सेवा कार्य की व्यापक चर्चा हो रही है और लोग इसे मानवता एवं सामाजिक एकता की प्रेरणादायक मिसाल बता रहे हैं।

## शनिवार शाम से गायब युवक की धारदार हथियार से युवक का गला रेतकर हत्या कारण स्पष्ट नहीं हो पाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में लगातार हो रही है हत्या से कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं पुलिस की लापरवाही कहीं ना कहीं साबित हो रही है रात्रि ग्रस्त की पोल खोल रहा है हत्याएं फिर भी पुलिस गस्त में चौकसी नहीं बढ़ा पा रही है जिसके कारण हत्याएं हो रही है या फिर पुलिस पर शिकंजा कसने में नाकाम है पुलिस अधीक्षक जिसके कारण घटनाओं की बाढ़ आ गई है कैसे सुरक्षित रहे जनता कहीं चोरी कहीं हत्याएं लगातार हो रही है चोरी का खुलासा कोई नहीं कर पा रही है पुलिस कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है कि रात में पुलिस ग्रस्त नहीं कर पा रही है ताजा मामला कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मंझरिया समय माता मंदिर के पास एक युवक की हत्या कर लाश फेंक दी गई थी। पुलिस को सूचना मिलने के बाद शव की शिनाख्त की गई। प्रथम दृष्टया गला रेतकर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है, जबकि शरीर पर भी चोट के निशान हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पहले मारपीट उसके बाद



की गई हत्या बारिश की वजह से कुछ स्पष्ट नहीं हो पा रहा है

शव की पहचान कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मस्जिदयां निवासी मनोज तिवारी उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई है। युवक कप्तानगंज-टिनिच रोड पर स्थित बुधईपुर गांव में किराने की दुकान चलाता था। शनिवार की शाम से ही वह गायब थे तथा मोबाइल भी स्विच ऑफ था।कुछ लोगों का कहना है कि वह सूदखोरी का व्यापार करते थे। पैसे के लेन-देन की आशंका में हत्या की चर्चा है। फिलहाल, पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## प्रोजेक्ट नई किरण परिवार में हुआ समझौता, रिश्तों में लौटी मिठास

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई। इस दौरान नई किरण टीम के सदस्यों द्वारा एक परिवार को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। समझाइश के बाद संबंधित परिवार के बीच आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। परिवार के सदस्य खुशी-खुशी एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों में मिठास और आपसी प्रेम का संदेश दिया। प्रोजेक्ट नई किरण के तहत पुलिस द्वारा पारिवारिक विवादों को सुलझाने की यह पहल समाज में सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

## भारत गैस एजेंसी बनघुसरी में गैस संकट से फूटा उपभोक्ताओं का गुस्सा, जोरदार प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** बनघुसरी भारत गैस एजेंसी बनघुसरी पर लगातार गैस सिलेंडर न मिलने से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा शनिवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में नाराज उपभोक्ता एजेंसी परिसर के बाहर एकत्र हुए और जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि कई दिनों से गैस बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे लोगों के सामने घरेलू कार्यों का संकट खड़ा हो गया है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि गैस एजेंसी की लापरवाही और मनमानी के कारण आम जनता को बार-बार एजेंसी का चक्कर लगाना पड़ रहा है, लेकिन फिर भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है और परिवारों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ता संजय कुमार गौतम, मो. अकरम, बब्बू खमरिया, नौसाद खमरिया सहित अन्य लोगों ने कहा कि यदि जल्द गैस वितरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो उपभोक्ता उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। लोगों ने एजेंसी प्रबंधन पर उपभोक्ताओं की समस्याओं को नजरअंदाज करने का भी आरोप लगाया।

विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उपभोक्ताओं की मांग का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा तत्काल सुचारु गैस वितरण सुनिश्चित कराने की मांग की है। क्षेत्र में बढ़ते जनाक्रोश को देखते हुए प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग तेज हो गई है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान कब तक करते हैं।

## बलरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता, चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

● ई-रिक्शा समेत डीजे व लाइट का सामान बरामद, न्यायालय भेजे गए आरोपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** थाना कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का डीजे व लाइट का सामान तथा एक ई-रिक्शा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 17 जनवरी 2026 को जाकिर हुसैन पुत्र यार मोहम्मद निवासी नहरबालागंज ने थाना कोतवाली देहात में तहरीर देकर बताया था कि उनकी दुकान से डीजे का सामान और लाइट चोरी हो गई है। मामले में मुकदमा संख्या 19/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार




को ग्राम कल्लाभट्ठा के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में दीपक कुमार उर्फ दीपू निवासी लुचुइया, शेखावत उर्फ कन्नन शेख निवासी नहरवालागंज तथा छोटू कश्यप निवासी विशुनापुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन एम्पलीफायर, दो मिक्सर मशीन, दो एलईडी पार डीजे लाइट तथा बिना कागजात का एक ई-रिक्शा बरामद किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आनंद कुमार, उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र चौधरी, हेड कांस्टेबल ऋतुराज यादव, हेड कांस्टेबल दीनानाथ राजभर, हेड कांस्टेबल मुन्ना प्रसाद एवं कांस्टेबल राहुल वर्मा शामिल रहे।

## बरसात में जलमग्न हो जाते हैं गौ आश्रय स्थल, ग्रामीणों ने स्थानांतरण की उठाई मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तुलसीपुर, बलरामपुर** विकासखंड तुलसीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पर्शिया गौरी सहित आसपास के गांवों में बने गौ आश्रय स्थलों की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बरसात के मौसम में आश्रय स्थल जलमग्न हो जाने से मवेशियों को भारी परेशानी का सामना जब पड़ता है। इसी समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से गौ आश्रय स्थलों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत पर्शिया गौरी में बना गौ आश्रय स्थल बारिश के दौरान पूरी तरह पानी से घिर जाता है, जिससे वहां रह रहे गौवंशों को दूसरी जगह ले जाना पड़ता है। इससे पशुओं की देखभाल, चारा-पानी और सुरक्षा की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पर्शिया गौरी से कुछ ही दूरी पर ग्राम पंचायत कनहरा में भी गौ आश्रय स्थल बना हुआ है, ऐसे



में पर्शिया गौरी के आश्रय स्थल को नानूआपुर क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए, जहां पशुओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक व्यवस्था हो सके। इसी तरह ग्राम पंचायत नेहवा में बना गौ आश्रय स्थल भी खरीदार नाले के समीप स्थित है, जो बरसात में जलभराव और कटान की चपेट में आ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस आश्रय स्थल को ग्राम पंचायत गुलरिया हिसामपुर अथवा ग्राम पंचायत महादेव गोसाई में स्थानांतरित किया जाए, जिससे गौवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत और मांग उठाने के बावजूद अब तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बरसात नजदीक आने के कारण पशुपालकों और ग्रामीणों की चिंता लगातार बढ़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके का निरीक्षण कर उचित स्थान चयनित किया जाए और गौ आश्रय स्थलों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कराया जाए, ताकि बरसात में गौवंशों को होने वाली परेशानी से बचाया जा सके। अब देखना होगा कि प्रशासन ग्रामीणों की इस गंभीर मांग पर कब तक संज्ञान लेता है।

## कम्पनी बाग में टहल रहे युवक पर लाठी-डंडों से हमला सोने की चेन और मोबाइल गायब

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कंपनी बाग में शनिवार रात टहलने गए एक युवक पर पुरानी रंजिश या विवाद के चलते जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सिविल लाइन चांदमारी निवासी सक्षम रावत पुत्र जितेन्द्र रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार रात करीब 8 बजे कंपनी बाग में टहल रहा था। इसी दौरान मोहल्ला बजरिया निवासी रवि चौबे उर्फ छोटे चौबे अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुँचा। आरोपियों ने आते ही सक्षम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और देखते ही देखते लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान उसका मोबाइल फोन, सोने की चेन और ईयरफोन कहीं गिर गए या छीन लिए गए। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कपड़ा व्यापारी से मारपीट करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के तौधकपुर उर्फ मिर्जापुर गांव निवासी कपड़ा व्यापारी वेद प्रकाश त्रिवेदी से मारपीट करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दर्शन गत 30 अप्रैल की देर रात को गांव निवासी वेद प्रकाश त्रिवेदी अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे तभी गांव के ही निकट गांव निवासी अनुज त्रिवेदी उर्फ बच्चा अन्य साथियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट की थी। इससे उन्हें गंभीर चोटे आ गई थी। उन्हें इलाज के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। घायल व्यापारी के बेटे प्रशांत ने छह लोगो के विरुद्ध मारपीट और लूट की तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित और आरोपी के बीच पुराने मकान की खरीद फरोख्त लेकर विवाद था। इसी को लेकर पीड़ित के साथ मारपीट की गई। जांच में लूट की घटना असत्य पाई गई।

### जिलाधिकारी ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर का किया निरीक्षण

**रायबरेली-** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने राजकीय पॉलिटेक्निक गोपालपुर सलोन का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने चल रही कक्षाओं का अवलोकन किया। तदोपरांत पठन-पाठन ,पुस्तकालय, छात्रावास, खानपान, प्रयोगशाला व सुरक्षा आदि संबंधी मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अध्ययनरत विद्यार्थियों से शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर का भ्रमण कर गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने प्राचार्य कार्यालय में समस्त स्टाफ से छात्राओं को संस्थान द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए स्टाफ की उपस्थिति रजिस्टर का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल-कूद मैदान सहित पूरे परिसर में साफ सफाई नियमित रूप से कराई जाए। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सुधीर गिरि, प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार, तहसीलदार सलोन दीपिका सिंह उपस्थित रहीं।

### यूपी में 381 ट्रेनिंग पार्टनर को कौशल विकास मिशन से किया गया बाहर, शून्य प्रगति पर हुई सख्त कार्रवाई




**लखनऊ।** कौशल विकास मिशन ने 14 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण देने की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। मिशन से जुड़े 381 प्रशिक्षण प्रदाताओं (ट्रेनिंग पार्टनर) को डी-इम्पैनल कर दिया गया है। इनमें निजी, औद्योगिक और स्टार्टअप श्रेणी के संस्थान शामिल हैं। मिशन के तहत हर वित्तीय वर्ष में प्रशिक्षण प्रदाताओं को उनके अनुरोध के आधार पर लक्ष्य आवंटित किए जाते हैं और उन्हें निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए जाते हैं। लेकिन हाल ही में आयोजित वर्चुअल समीक्षा बैठकों में पाया गया कि कई प्रशिक्षण प्रदाताओं की प्रगति शून्य रही। विशेष रूप से 'प्रोजेक्ट प्रवीण' और राज्य कौशल विकास निधि के अंतर्गत संचालित योजनाओं में भी इन संस्थाओं का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इन प्रशिक्षण प्रदाताओं को कई बार नोटिस जारी किए गए और जिला स्तर से पत्राचार कर सुधार का अवसर भी दिया गया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। समीक्षा में यह भी सामने आया कि कुछ संस्थान पिछले तीन वर्षों से पूरी तरह निष्क्रिय हैं और वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी अपने प्रशिक्षण केंद्र सक्रिय रखने की स्थिति में नहीं हैं। इसी आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में शून्य प्रगति वाले, लंबे समय से निष्क्रिय और आगे भी संचालन में असमर्थ पाए गए कुल 381 प्रशिक्षण प्रदाताओं को मिशन से बाहर कर दिया गया है। इनमें कई स्टार्टअप भी शामिल हैं। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार इन संस्थाओं को स्थायी रूप से पैनल से हटाया गया है और भविष्य में इन्हें किसी भी कौशल विकास कार्यक्रम से नहीं जोड़ा जाएगा।

# ख़बर का बड़ा असर: बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में शुरू हुआ सफ़ाई अभियान, हरकत में आए जिम्मेदार

● .....बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, प्रधान व सचिव पर गंभीर आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश, प्राथमिक विद्यालय बना जंगल' शीर्षक से प्रकाशित हुई थी ख़बर'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिराहिमपुर में हाल ही में ग्रामीणों द्वारा साफ़-सफ़ाई न होने को लेकर प्रधान और सचिव पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में लंबे समय से नियमित सफाई नहीं कराई जा रही थी, जिससे जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ था और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद अब



स्वतंत्र प्रभात
22 Apr 2026 - Page 3

**बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था ध्वस्त, प्रधान व सचिव पर गंभीर आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश, प्राथमिक विद्यालय बना जंगल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मलिहाबाद मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली बिराहिमपुर ग्राम पंचायत इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा में है। गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान रामशंकर और पंचायत सचिव पर घोर लापरवाही और अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में महीनों से नियमित साफ-सफाई नहीं कराई गई है, जिसके चलते पूरे पंचायत में गंदगी का अंबार लग गया है और लोगों का जीवन दूभर हो गया है।

ग्राम पंचायत के रामपुर बस्ती मजरा की स्थिति सबसे ज्यादा खराब बताई जा रही है। यहां की नालियां पूरी तरह जाम होकर बजबजा रही हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों और गलियों में फैल रहा है। दुर्गंध के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो प्रधान ने कोई ध्यान दिया और न ही पंचायत सचिव ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया।

वहीं शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले प्राथमिक विद्यालय की हालत भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। विद्यालय परिसर में जगह-जगह झाड़ियां और घास उग आई हैं, जिससे पूरा परिसर जंगल जैसा नजर आने लगा है। साफ-सफाई के अभाव में बच्चों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, यहां तैनात शिक्षक खुद अपने निजी खर्च से मजदूर लगाकर विद्यालय की सफाई कराने को मजबूर हैं, जो कि प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान रामशंकर दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है। जो भी व्यक्ति अपनी समस्या या शिकायत लेकर उसके पास पहुंचता है, उसे डराने-धमकाने की कोशिश की जाती है। इस कारण लोग खुलकर अपनी समस्याएं रखने से भी डरते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान द्वारा सरकारी व्यवस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है और आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीणों ने यह भी गंभीर आरोप लगाए हैं कि पंचायत में तैनात सफाईकर्मियों का सही तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि प्रधान केवल अपने चहेते और करीबी लोगों के घरों व आसपास ही सफाई कराता है, जबकि बाकी गांव गंदगी और अव्यवस्था से जूझता रहता है। इससे गांव में असमानता और नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

ग्रामीणों में इस पूरे मामले को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को भी मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर प्रधान व पंचायत सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

इसका बड़ा असर देखने को मिला है। खबर सामने आने के बाद जिम्मेदार अधिकारी हरकत में आए और ग्राम पंचायत में सफाई कार्य शुरू करा दिया गया। गांव में सफाईकर्मी सक्रिय रूप से काम करते नजर आए और सड़कों व गलियों में जमा कूड़ा हटाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले जहां सफाई को लेकर लापरवाही बरती जा रही थी, वहीं अब नियमित रूप से सफाई होती दिख रही है। इससे गांव में स्वच्छता का माहौल बनने लगा है और लोगों को राहत मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि मीडिया के माध्यम से आवाज उठाने के बाद ही प्रशासन और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस



ओर ध्यान दिया है। अब लोगों को उम्मीद है कि आगे भी इसी तरह नियमित रूप से साफ-सफाई होती रहेगी और गांव को स्वच्छ रखा जाएगा।

### 19 वर्षीय युवक लापता, परिजनों ने लगाई मदद की गुहार



मिश्रिख(सीतापुर) के मिश्रिख क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रघुवरपुर, बीकापुर निवासी ठाकुर प्रसाद का पुत्र पांखू उर्फ लक्की बीते 1 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे से अचानक लापता हो गया है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने बताया कि लापता युवक का रंग गोरा, कद लगभग 5.2 फीट, चेहरा लंबा है। घटना के समय वह काले रंग की पैंट और क्रीम रंग की शर्ट पहने हुए था। इस संबंध में 2 मई 2026 को थाना मिश्रिख में सूचना दर्ज करा दी गई है। परिवार वाले काफी चिंतित हैं और आसपास के क्षेत्रों में लगातार तलाश कर रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को युवक के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत दिए गए मोबाइल नंबरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित पुरस्कार देने की भी बात कही गई है।पुलिस भी मामले की जांच में जुटी हुई है और युवक की तलाश के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

# दबंगों के आगे पस्त मलिहाबाद पुलिस




● युवक पर जानलेवा हमले के प्रयास में अब तक कार्रवाई शून्य

●समाधान दिवस पहुँची पीड़िता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के थाना मलिहाबाद अंतर्गत रामपुर बस्ती में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें स्थानीय पुलिस की घोर लापरवाही और उदासीनता ने न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़िता पल्लवी सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 24 अप्रैल 2026 को गाँव के ही दबंग प्रमोद कुमार ने अपनी तेज रफ्तार पल्सर बाइक से उनके पति आदित्य प्रताप सिंह को पीछे से टक्कर मारकर जान से मारने की कोशिश की, लेकिन घटना के अगले ही दिन 25 अप्रैल को थाने में नामजद तहरीर देने के बावजूद मलिहाबाद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही और कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। पुलिस की इसी शिथिलता का लाभ उठाकर अपराधी किस्म का विपक्षी अब अपनी माता के माध्यम से अनुसूचित जाति और महिला होने का कार्ड खेलकर पीड़ित परिवार पर ही झूठे आरोप लगवाकर उन्हें प्रताड़ित कर रहा है। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जब स्थानीय पुलिस ने कोई सुध नहीं ली, तो पीड़िता ने उच्चाधिकारियों की शरण लेकर आरोपी पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने और लापरवाह पुलिसकर्मियों की कार्यशैली की जांच कर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है ताकि उसके परिवार को सुरक्षा और न्याय मिल सके।

## गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड के गड्ढे में गिरी बाइक, घायल

● गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज (रायबरेली)।** गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। उमरामऊ गांव के पास गड्ढे में बाइक गिरने से सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। डलमऊ क्षेत्र के पूरे दुबे मजरे बलीपुर गांव निवासी शिव प्रकाश शुक्ला (35) अपने बड़े भाई महेंद्र शुक्ला (40) के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी जा रहे थे। रास्ते में उमरामऊ गांव के पास सर्विस रोड पर बने गड्ढे में बाइक अनियंत्रित हो गई। दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चला रहे शिवप्रकाश ने हेलमेट पहन रखा था। झटका लगने पर हेलमेट निकलकर दूर जा गिरा। उनके सिर में गंभीर चोट आई। वहां मौजूद राहगीरों ने फौरन उन्हें यूपीडा की एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**उमरामऊ के पास धंसी सड़क बन रही हादसों की वजह, कई लोग हो चुके चोटिल**

उमरामऊ गांव के पास सर्विस रोड का हिस्सा धंस गया है। यहां गहरा गड्ढा बन गया है। तेज रफ्तार वाहन अक्सर यहां फंस जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई लोग यहां गिरकर घायल हो चुके हैं। दो दिन पहले बाइक पर बैठी एक महिला उछलकर सड़क पर गिर गई थी और गंभीर रूप से घायल हो गई थी। स्थानीय लोगों ने सड़क की मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते गड्ढे की मरम्मत नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

### हनुमत सेवक समिति द्वारा पांच मई को होगा जवाबी कीर्तन का आयोजन

**बिसवां/** सीतापुर श्री हनुमत सेवक समिति द्वारा ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार 05 मई दिन मंगलवार को रात्रि 7 बजे से शानदार जवाबी कीर्तन का आयोजन बड़ा हनुमान मंदिर, महमूदाबाद रोड बिसवां के विशाल परिसर में किया जा रहा है। इसमें प्रयागराज के प्रसिद्ध कीर्तन कार रणजीत राज एवं मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध कीर्तनकार नीलम विश्वकर्मा के बीच जोरदार जवाबी कीर्तन का रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष संयोजक पवन कुमार मिश्र बबलू ने दी। उन्होंने बताया कि श्री हनुमत सेवक समिति के बैनर के तले निरंतर 29 वां जोरदार जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के नामचीन कीर्तन कलाकारों ने अपनी कला का जौहर दिखाया है। यही नहीं कानपुर, लखनऊ, इटौंजा, बहराइच, बाराबंकी, लखीमपुर के कीर्तन प्रेमी यहां बिसवां की धरती पर आकर कीर्तन का श्रवण करते हैं। संयोजक पवन कुमार मिश्र बबलू ने सभी कीर्तन प्रेमियों से बड़ी संख्या में बड़ा हनुमानजी मंदिर महमूदाबाद रोड बिसवां के विशाल परिसर में पहुंच कर कीर्तन का श्रवण करने की अपील की है।

# मलिहाबाद नगर पंचायत में स्वच्छता मिशन फेल

● 15 दिन से नहीं हुई सफाई

PM का वाटर कूलर 2 दिन में खराब होने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मलिहाबाद, लखनऊ-** नगर पंचायत मलिहाबाद में स्वच्छ भारत मिशन के दावों की पोल खुल गई है। सरावां गांव के वार्ड नं-2 में पिछले 15 दिनों से सफाई नहीं हुई है। नालियां कचरे से पट गई हैं और गंदगी के कारण घरों में कीड़े घुस रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारी 15 दिन से गांव नहीं आया। कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन ग्रामीण खुद ही हाथों से नालियां सफाई किया गंदगी और बदबू से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। भीषण गर्मी में ग्रामीणों की मुसीबत दोगुनी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना के तहत लगाया गया वाटर कूलर सिर्फ 2 दिन चलने के बाद खराब हो गया। महीना बीत रहा, लेकिन उसे आज तक ठीक नहीं कराया गया। 45एष्ट की तपिश में लोगों को पीने का साफ ठंडा पानी नहीं मिल रहा।

**CM योगी के आदेशों की उड़ रही धज्जियां:**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'हर घर स्वच्छ जल' और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कहते हैं। लेकिन मलिहाबाद नगर पंचायत के अधिकारी उनके आदेशों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। न सफाई हो रही है, न खराब पड़े वाटर कूलर की सुध ली जा रही है।

**अधिकारियों का नहीं मिल रहा जवाब:**

इस मामले में नगर पंचायत श्वह से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। नाराज ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे में सफाई और वाटर कूलर ठीक नहीं हुआ तो वे नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

**ग्रामीणों की प्रमुख मांगें:**

1. वार्ड-2 में तुरंत सफाई अभियान चलाया जाए।
2. खराब वाटर कू नलर 24 घंटे में ठीक हो।
3.लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

# बच्चा बदलने' की अफवाह से सीएचसी में हड़कंप

● दो प्रसूताओं के परिजन भिड़े, स्टाफ ने कराया मामला शांत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला वार्ड में शनिवार को अचानक हड़कंप मच गया। बच्चा बदलने की आशंका को लेकर दो प्रसूताओं के परिजन आपस में भिड़ गए। वार्ड में देर तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। दरअसल लालूमऊ गांव निवासी शिमला पत्नी दीपू को प्रसव पीड़ा होने पर सुबह करीब 10 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं पूरे राना मजरे त्रिवेदिन का पुरवा जनता बाजार निवासिनी विनीता पत्नी दिनेश को भी करीब 11 बजे भर्ती किया गया। दोपहर करीब 1:30 बजे दोनों महिलाओं ने बच्चों को जन्म दिया। इसी दौरान विवाद की स्थिति बन गई। विनीता के परिजनों का आरोप था कि प्रसव के बाद उन्हें बेटा हुआ था जबकि स्टाफ ने उन्हें बेटी होने की जानकारी दी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों प्रसूताओं के परिजन आपस में उलझ पड़े। बात डीएनए टेस्ट तक पहुँच गई। जच्चा बच्चा वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों और तीमारदारों में भी डर और भ्रम की स्थिति बन गई। हंगामे की सूचना मिलते ही स्टाफ नर्स और ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को शांत कराया। चिकित्सीय स्टाफ ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अदला बदली नहीं हुई है। चिकित्सीय स्टाफ ने देर तक काउंसलिंग करने के बाद दोनों परिवारों को संतुष्ट किया गया। काफी समझाने-लिए




बुझाने के बाद दोनों पक्षों के परिजन मान गए और विवाद शांत हुआ। हालांकि, घटना के बाद काफी देर तक महिला वार्ड में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। सीएचसी अधीक्षक का कहना है कि दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। कहा कि इस तरह की अफवाहों से बचना चाहिए। सभी प्रसव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाती है। किसी भी शंका की स्थिति में तत्काल स्टाफ से संपर्क करना चाहिए।

## ट्रेन आते ही पटरी पर लेट गया ऑटो ड्राइवर,मौत

● पत्नी से विवाद के बाद उठाया कदम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** गोमतीनगर क्षेत्र में रेलवे लाइन किनारे स्थित पानी की टंकी के पास रविवार तड़के 22 वर्षीय आटो चालक आलोक कुमार ट्रेन आते ही पटरी पर लेट गया। लोको पाटलट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिवारजन को मामले की जानकारी दी। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मूल रूप से सीतापुर के अटरिया गांव निवासी आलोक कुमार गोमतीनगर रेलवे लाइन के पास परिवारजन के साथ रहता था और आटो चलाकर जीविका चलाता था। वह पत्नी और दो बेटों कृष्णा व कृष के साथ पानी की टंकी के पास झोपड़ी में रहता था। परिवारजन के अनुसार, दो-तीन दिन पहले किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद से वह काफी तनाव में था।

**ट्रेन आते देख पटरी पर लेटा**

रविवार भोर आलोक शौच के लिए घर से निकला और रेलवे लाइन की ओर चला गया। इसी दौरान जब उसने ट्रेन को आते देखा तो वह पटरी पर लेट गया दी। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह रेलवे लाइन के पास लोगों ने शव देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर स्थानीय लोग और परिवारजन मौके पर पहुंच गए। घटना की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। गोमतीनगर पुलिस ने परिवारजन से पूछताछ की।

पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि युवक के शरीर पर अन्य कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं, जिससे स्पष्ट है कि उसने ट्रेन के आगे गर्दन रखकर जान दी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने की आत्महत्या

**निगोहां।** नगराम थाना क्षेत्र के अमेठियन पुरवा गांव में रविवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 28 वर्षीय युवक ने कथित पारिवारिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव निवासी अशोक सिंह के पुत्र प्रशांत सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रशांत ने अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे के हुक से फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगराम ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के पिता अशोक सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को उसकी पत्नी ममता सिंह उर्फ रूचि, उसकी दो बहनों रूबी सिंह व बब्बी सिंह, तथा ससुर राजकरन सिंह और सास श्याम कुमारी सिंह द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।उन्होंने इस संबंध में थाना नगराम में तहरीर देकर सभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 14 महीने बाद फिर डॉ अनूप श्रीवास्तव को मिला कार्यवाहक CMO का चार्ज



**सीतापुर-** जनपद सीतापुर में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी अहम खबर सामने आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) सुरेश कुमार के रिटायर होने के बाद एक बार फिर कार्यवाहक सीएमओ का चार्ज डॉ अनूप श्रीवास्तव को सौंपा गया है। डॉ अनूप श्रीवास्तव कड़क और ईमानदार छवि पिछली बार भी देखी गई थी गौरतलब है कि करीब 14 महीने पहले भी उन्हें एक महीने के लिए कार्यवाहक सीएमओ की जिम्मेदारी दी गई थी। उस दौरान उन्होंने कम समय में जनपद को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया था,और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने कर पूर्ण प्रयास किया था ।जिसकी चर्चा विभाग और आम जनता में हुई थी। अब एक बार फिर जिम्मेदारी मिलने के बाद उनसे उम्मीदें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि उनके पिछले अनुभव का लाभ जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## बन्नी एवं खरैला गांव में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर-** जनपद सीतापुर के विकासखंड बिसवां में पहल फाउंडेशन द्वारा संचालित 'शिक्षा संकल्प कार्यक्रम' शैक्षिक क्षेत्र में एक प्रेरणादायी पहल के रूप में उभर रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल से बाहर (School Out) एवं ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुनः निकटवर्ती विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। विशेष रूप से अति पिछड़े क्षेत्रों में यह अभियान शिक्षा की अलख जगाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसी क्रम में बन्नी एवं खरैला गांव में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम दाता डॉ. सुधाकर वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की गतिविधियों का गहन अवलोकन करते हुए प्रोजेक्ट से जुड़े फैसिलिटेटर लवलेश कुमार एवं लवकुश यादव को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें पुनः विद्यालय में नामांकन के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न शैक्षिक एवं प्रेरणात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति, बृजमोहन लाल शकुंतला देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रकाश वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा



सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. सुधाकर वर्मा का संकल्प 'शिक्षित हो हर बच्चा अपना' इस अभियान की मूल प्रेरणा है। इस लक्ष्य को साकार करने के लिए वे स्वयं टीम के साथ डोर-टू-डोर जाकर अभिभावकों से संवाद स्थापित कर रहे हैं। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने एवं जिन बच्चों का प्रवेश आर्थिक अभाव के कारण नहीं हो पा रहा है, उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने का सराहनीय प्रयास भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि डॉ. वर्मा पिछले तीन वर्षों से निरंतर छात्रवृत्ति प्रदान कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। इसी कड़ी में पहल फाउंडेशन के माध्यम से चलाया जा रहा यह 'शिक्षा संकल्प कार्यक्रम' शिक्षा के क्षेत्र में एक व्यापक और प्रभावी अभियान बनता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिलाया। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों को शिक्षा से जोड़ रहा है, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# डीएम के आदेश पर छापेमारी में लाइफ लाइन अस्पताल पर उठे सवाल

● प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के आरोप

स्वास्थ्य विभाग की जांच में मानकविहीन अस्पतालों पर कार्रवाई

वायरल वीडियो से मामला गरमाया, बना चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने जनपद में मानकविहीन अस्पतालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने की बात कही जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान शहर के लाइफ लाइन अस्पताल का नाम भी चर्चा में आया है, जहां कथित रूप से प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के संकेत मिले हैं। इस कार्रवाई से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अस्पताल में दवाओं को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है, लेकिन यदि इसमें किए जा रहे दावे सही साबित होते हैं तो यह मरीजों की सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ माना जाएगा। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान अस्पताल में कुछ मानकों की अनदेखी भी सामने आई है। इसके बावजूद अब तक संबंधित अस्पताल के विरुद्ध किसी तरह की ठोस कार्यवाई नही की गई है, जिससे चर्चाओं का बाजार गर्म है कि लाइफ लाइन अस्पताल में प्रतिबंधित दवाओं के मिलने के बावजूद कार्यवाई न करना अपने आपमे कई सवालों को जन्म दे रहा है वही सूत्रों की मानी जाए तो उक्त अस्पताल में धड़ल्ले से डिलीवरी व महिला मरीजों का उपचार किया जा रहा है जबकि अस्पताल में कोई प्रशिक्षित महिला डॉक्टर उपलब्ध नही रहती है। उसके बावजूद डिलीवरी आदि का कराया जाना संदेहास्पद होना प्रतीत हो रहा है हालांकि यह पूरा मामला स्वास्थ्य विभाग और ड्रग कंट्रोल तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यदि जांच में आरोपों की पुष्टि होती है, तो संबंधित संस्थान पर सख्त कार्रवाई आवश्यक मानी जा रही है।

क्या लाइफ लाइन अस्पताल में प्रतिबंधित दवाओं का उपयोग किया जा रहा था? जांच के बावजूद अभी तक अस्पताल पर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? क्या पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होगी? पहले भी कई मौतों के मामले में सुर्खियों में रहा अस्पताल, आखिर कार्यवाई होगी कब ? जनपद में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस प्रकरण में क्या सख्त कदम उठाता है और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई करता है!!

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और निष्पक्ष पत्रकारिता की वैश्विक चुनौतिया



अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाया जाता है और यह दिन लोकतंत्र की उस मूल भावना को उजागर करता है, जिसमें नागरिकों को स्वतंत्र रूप से जानकारी प्राप्त करने और अपनी बात रखने का अधिकार होता है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित यह दिवस 1991 के विंडहोक घोषणा पत्र से प्रेरित है, जिसने स्वतंत्र और बहुलतावादी मीडिया की आवश्यकता को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया। आज जब हम 2026 के वैश्विक परिदृश्य पर दृष्टि डालते हैं, तो प्रेस स्वतंत्रता की स्थिति अत्यंत चिंताजनक और डरावनी प्रतीत होती है। वैश्विक सूचकांक के आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि दुनिया के 180 देशों में से आधे से अधिक देशों में प्रेस की स्थिति या तो बहुत कठिन है या फिर बेहद गंभीर श्रेणी में जा चुकी है। यह जानकर हृदय कांप उठता है कि विश्व की 1 प्रतिशत से भी कम आबादी आज उन क्षेत्रों में निवास कर रही है जहाँ प्रेस को वास्तव में स्वतंत्र और सुरक्षित माना जा सकता है। पिछले 25 वर्षों का इतिहास गवाह है कि लोकतांत्रिक मूल्यों पर दबाव निरंतर बढ़ा है और पत्रकारों के काम करने की गुंजाइश संकुचित हुई है। पत्रकारिता आज एक ऐसा पेशा बन गया है जहाँ सच बोलने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। वर्ष 2025 के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में 129 पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की निर्मम हत्या कर दी गई, जो अब तक का सबसे बड़ा और विचलित करने वाला आंकड़ा है। यह संख्या केवल एक डेटा नहीं है, बल्कि उन आवाजों की खामोशी है जो समाज की विसंगतियों पर प्रहार कर रही थीं। सन 2000 से लेकर अब तक लगभग 1795 पत्रकारों ने अपने कर्तव्य की वेदी पर प्राण न्यौछावर किए हैं, जो इस पेशे के बढ़ते जोखिमों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है।

हिंसा के साथ-साथ कानूनी उत्पीड़न भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मार्ग में एक बड़ी बाधा बनकर उभरा है। 2026 के आंकड़ों के अनुसार विश्व भर की जेलों में लगभग 330 पत्रकार बंद हैं, जिनमें से 61 प्रतिशत पत्रकारों पर राष्ट्रविरोधी होने या देश की सुरक्षा को खतरे में डालने जैसे संगीन आरोप मढ़े गए हैं। विडंबना यह है कि जिन कानूनों का निर्माण राष्ट्र की सुरक्षा के लिए किया गया था, उनका उपयोग अक्सर उन लोगों को चुप कराने के लिए किया जा रहा है जो सत्ता की खामियों को उजागर करने का साहस करते हैं। पत्रकारिता को अपराध की तरह देखे जाने की यह प्रवृत्ति किसी भी सभ्य समाज के लिए घातक है। इससे भी अधिक चिंता का विषय वह न्यायहीनता है जो पत्रकारों के खिलाफ होने वाले अपराधों में व्याप्त है। एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार पत्रकारों की हत्या के लगभग 86 प्रतिशत मामलों में अपराधियों को कभी सजा नहीं मिलती। यह न्याय की विफलता न केवल अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है बल्कि क्षेत्र में कार्यरत अन्य पत्रकारों के मन में भी भय का संचार करती है। जब सच के पहरेदारों को लगने लगता है कि उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं है और उनके हत्यारे खुलेआम घूम सकते हैं, तो वे आत्म-सेंसरशिप का रास्ता चुनने को मजबूर हो जाते हैं, जो अंततः लोकतंत्र की मृत्यु की शुरुआत होती है।

प्रेस की स्वतंत्रता पर केवल भौतिक हमला ही एकमात्र खतरा नहीं है, बल्कि आज के दौर में इसके स्वरूप बदल गए हैं। कई देशों में मानहानि और आतंकवाद विरोधी कानूनों का दुरुपयोग एक सुनियोजित हथियार की तरह किया जा रहा है। इसके साथ ही आर्थिक दबावों के जरिए मीडिया संस्थानों की रीढ़ तोड़ने का प्रयास किया जाता है। विज्ञापन और वित्तीय संसाधनों के वितरण में पक्षपात करके उन संस्थानों को पुरस्कृत किया जाता है जो सत्ता के सुर में सुर मिलाते हैं, जबकि आलोचनात्मक रुख अपनाने वाले संस्थानों को आर्थिक रूप से पंगु बना दिया जाता है। इस बदलती दुनिया में डिजिटल युग ने जहाँ सूचना के प्रसार को पंख दिए हैं, वहीं पत्रकारों के लिए नई और जटिल चुनौतियां भी पैदा की हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से दुष्प्रचार और गलत जानकारियों का जाल इतनी तेजी से फैलता है कि तथ्य और झूठ के बीच का अंतर मिटने लगता है। इसके साथ ही ऑनलाइन ट्रोलिंग, साइबर हमले और अवैध डिजिटल निगरानी ने पत्रकारों के निजी और पेशेवर जीवन को असुरक्षित बना दिया है। विशेष रूप से महिला पत्रकारों को ऑनलाइन माध्यमों पर जिस तरह के अपमान और धमकियों का सामना करना पड़ता है, वह अत्यंत निंदनीय है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू पर्यावरण से जुड़ी रिपोर्टिंग का है, जो आज के समय में सबसे जोखिम भरे क्षेत्रों में से एक बन चुका है। पिछले 15 वर्षों में पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से जुड़ी खबरें कवर करने वाले कम से कम 749 पत्रकारों पर जानलेवा हमले हुए हैं। 2019 से 2023 के बीच इस तरह के हमलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो यह दर्शाता है कि जब पत्रकार भू-माफियाओं, अवैध खनन और कॉर्पोरेट जगत के भ्रष्टाचार पर कलम चलाते हैं, तो उन्हें कितनी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यूनेस्को और द गार्जियन जैसी संस्थाओं की रिपोर्टें इस भयावह वास्तविकता की पुष्टि करती हैं। यह तथ्य हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वास्तव में उस सच को सुनने के लिए तैयार हैं जो हमारे अस्तित्व और प्रकृति की रक्षा से जुड़ा है। प्रेस की स्वतंत्रता का मुद्दा केवल मीडिया घरानों या पत्रकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर आम नागरिकों के जीवन को प्रभावित करता है। एक स्वतंत्र मीडिया भ्रष्टाचार की परतों को खोलता है, सरकारी नीतियों की निष्पक्ष समीक्षा करता है और यह सुनिश्चित करता है कि जनता को सही और सटीक जानकारी मिले ताकि वे एक जागरूक नागरिक के रूप में अपने निर्णय ले सकें। इसके विपरीत जब मीडिया को सरकारी या कॉर्पोरेट नियंत्रण में ले लिया जाता है, तो जनता तक केवल वही सूचनाएं पहुँचती हैं जो एक खास एजेंडे को पुष्ट करती हैं। इससे समाज में भ्रम और अविश्वास की स्थिति उत्पन्न होती है।

वाशिंगटन पोस्ट और स्टेटिस्टा जैसे मंचों से प्राप्त डेटा यह संकेत देता है कि प्रेस की आजादी में गिरावट का प्रभाव केवल कुछ विशिष्ट देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक महामारी का रूप ले चुका है। भारत सहित दुनिया के कई बड़े लोकतांत्रिक देशों में भी प्रेस स्वतंत्रता के सूचकांक में गिरावट देखी गई है। यह गिरावट इस बात का संकेत है कि लोकतांत्रिक संस्थानों के भीतर असहमति के स्वरों के प्रति सहिष्णुता कम होती जा रही है। प्रेस की स्वतंत्रता दरअसल लोकतंत्र का वह दर्पण है जिसमें समाज अपनी असलियत देखता है। यदि इस दर्पण पर धूल जमा दी जाए या इसे धुंधला कर दिया जाए, तो समाज अपनी कमजोरियों को कभी सुधार नहीं पाएगा। अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम उन साहसी पत्रकारों को श्रद्धांजलि दें जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान देकर सच की मशाल को जलाए रखा। यह दिन सरकारों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे प्रेस की आजादी के प्रति अपनी संवैधानिक और नैतिक प्रतिबद्धताओं को फिर से परिभाषित करें। यह आवश्यक है कि ऐसी नीतियां बनाई जाएं जो पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और न्याय प्रणाली को इतना मजबूत बनाया जाए कि पत्रकारों के खिलाफ अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति कानून की पकड़ से बाहर न रहे।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करना किसी एक समूह का दायित्व नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें यह समझना होगा कि यदि आज हम पत्रकारों की आवाज दबाने वाली शक्तियों के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तो भविष्य में हमारी अपनी आवाज भी छीन ली जाएगी। लोकतंत्र की जीवंतता के लिए यह अनिवार्य है कि प्रेस बिना किसी डर या प्रलोभन के अपना कार्य कर सके। जब तक दुनिया में एक भी पत्रकार को सच बोलने के लिए जेल भेजा जाएगा या उसकी हत्या की जाएगी, तब तक हमारा लोकतंत्र अधूरा रहेगा। प्रेस की आजादी की मशाल को प्रज्वलित रखना ही इस दिवस की सार्थकता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां एक ऐसे समाज में सांस ले सकें जहाँ सूचना पर किसी का एकाधिकार न हो और सच बोलने का साहस करने वालों को सम्मान मिले, न कि सजा।

**महेन्द्र तिवारी**

# न्यायपालिका में बढ़ता मुकदमों का बोझः न्याय में देरी, अन्याय से कम नहीं

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**



भारत की न्यायपालिका लोकतंत्र का मजबूत स्तंभ है, लेकिन आज यह खुद भारी बोझ तले दबी हुई है। मुकदमों का अंबार लगा है और लोगों को तारीख पर तारीख मिल रही है। ऐसा नहीं है कि इसे पटरी पर नहीं लाया जा सके लेकिन बिना प्रयास किए ऐसा संभव नहीं है। इसमें कई कारण हैं जिनको यदि ठीक कर दिया जाए तो व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है। हालात इतने गंभीर हैं कि लोगों को न्याय मिलने में उनकी पूरी जिंदगी निकल जाती है। विचाराधीन आंकड़ों पर नजर डालें तो अप्रैल 2026 तक, भारत की अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा केस लंबित हैं। इनमें से 70% से अधिक केस जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में हैं।

यदि हम आंकड़ों की बात करें तो भारत में प्रति 10 लाख लोगों पर केवल 21 जज हैं। जबकि लॉ कमीशन की 1987 की सिफारिश 50 जज प्रति 10 लाख की थी। विकसित देशों में यह आंकड़ा 50-150 तक है। जजों की संख्या आधी से भी कम है, और यही कारण है कि हमें न्याय मिलने में देरी पर देरी होती रहती है और विचाराधीन मामलों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। एक सिविल केस निपटाने में औसतन 10 साल से ज्यादा लग जाते हैं। कई फौजदारी केस 15-20 साल तक खिंचते हैं।

सुप्रीम कोर्ट में 34 स्वीकृत पदों में से अक्सर 2-4 खाली रहते हैं। हाई कोर्ट में 25% और जिला अदालतों में 20% से ज्यादा पद खाली हैं। भर्ती प्रक्रिया बहुत धीमी है। कई निचली अदालतों में कोर्ट रूम, स्टाफ और तकनीक की भारी कमी है। ए आई के जमाने में जहां दुनियां नई नई तकनीक पर निर्भर हो रही है वहीं भारत में 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक 20% कोर्ट रूम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा तक नहीं थी। हम वर्षों से देखते आ रहे हैं कि करीब 50% केसों में सरकार खुद एक पक्ष है। जमीन अधिग्रहण, सर्विस मैटर, टैक्स विवाद में सरकारी अपीलें सबसे ज्यादा हैं। कई बार हार तय होने पर भी अपील की जाती है। CPC, CrPC जैसी प्रक्रियाएं जटिल हैं। वकील तारीख लेने को रणनीति की तरह इस्तेमाल करते हैं। एक गवाह के बयान में ही कई-कई तारीख लग जाती हैं। निचली अदालतों में सजा की दर कम है, इसलिए हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपीलों का बोझ बढ़ता जाता है। सही मायने में न्याय में देरी भी अन्याय से कम नहीं है। जब पीड़ित को 20 साल बाद इंसाफ मिले तो उसका क्या मतलब ही क्या रह जाता है। हमारी जेलें भी भरी हुई हैं उसका मुख्य कारण है कि जेलों में 75% से ज्यादा कैदी अंडरट्रायल हैं। यानी दोषी साबित होने से पहले ही सालों जेल काट रहे हैं। मुकदमों में फंसे होने से व्यापार, निवेश और प्रोजेक्ट रुकते हैं। जब सिस्टम से उम्मीद टूटती है तो लोग कोर्ट से बाहर समझौता या दबंगई का सहारा लेते हैं।

इसलिए हमें इसके समाधान की राह पकड़नी होगी। लॉ कमीशन की सिफारिश माने बिना काम नहीं चलेगा। ऑल इंडिया ज्यूडिशियल सर्विस शुरू करना एक विकल्प है। ई-कोर्ट, वर्चुअल हियरिंग, ए आई तकनीकी से केस छांटना। कोविड के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से काफी केस निपटे, इसे स्थायी करना होगा। मीडिएशन, लोक अदालत, आर्बिट्रेशन को बढ़ावा देना होगा जिससे छोटे केस अदालत पहुंचे ही नहीं। जिससे मुकदमों का बोझ बढ़ने से बचा जा सके। फास्ट ट्रैक कोर्ट का स्तेमाल हमें ज्यादा से ज्यादा करना होगा। महिला, बच्चे, सीनियर सिटिजन और जघन्य अपराधों के लिए विशेष कोर्ट और समय सीमा तय हो। मुकदमों का बोझ सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं है। हर लंबित फाइल के पीछे एक इंसान, एक परिवार और उम्मीदें खड़ी हैं। न्यायपालिका को जज, बजट और तकनीक - तीनों चाहिए। साथ ही वकीलों, सरकार और नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। वरना देर से मिला न्याय, न्याय नहीं रह जाता।

# (मेक इन इंडिया) स्वावलंबन एवं स्व-रोजगार बेहतर विकल्प

**[युवा ऊर्जा से राष्ट्र का विकास संभव।]**




आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में लड्डू प्रसाद के लिए घी खरीद में सामने आया कथित घोटाला केवल एक प्रशासनिक अनियमितता का मामला नहीं है बल्कि यह करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था, धार्मिक संस्थानों की विश्वसनीयता और सार्वजनिक व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होता बल्कि वह विश्वास, परंपरा और भावनात्मक जुड़ाव का केंद्र होता है। ऐसे में जब प्रसाद जैसी पवित्र मानी जाने वाली वस्तु में मिलावट की आशंका सामने आती है तो उसका असर सिर्फ स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह आस्था की नींव को भी हिला देता है

जांच समिति की रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि लगभग सत्तर लाख किलोग्राम घी बिना अनिवार्य गुणवत्ता परीक्षण के खरीदा गया और कई मामलों में लैब रिपोर्ट आने से पहले ही उसका उपयोग प्रसाद बनाने में कर लिया गया। यह स्थिति किसी एक स्तर की चूक नहीं बल्कि एक पूरी व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है जिसमें नियमों की अनदेखी, निगरानी की कमी और संभावित मिलीभगत शामिल हो सकती है। जब किसी धार्मिक संस्था में इतनी बड़ी मात्रा में सामग्री का उपयोग हो रहा हो तो उसके हर चरण पर सख्त नियंत्रण और पारदर्शिता अपेक्षित होती है

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि अगस्त 2022 की लैब जांच में सैंपलों में सिटोस्टेरॉल की मौजूदगी पाई गई जो वनस्पति तेल की मिलावट का संकेत माना जाता है। इसके बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं की गई और सप्लायर्स को ब्लैकलिस्ट करने जैसे कदम नहीं उठाए गए। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब मिलावट के संकेत स्पष्ट थे तो जिम्मेदार अधिकारियों ने तत्काल कदम क्यों नहीं उठाए। इससे यह संदेह गहराता है कि कहीं न कहीं प्रणाली में गंभीर खामियां या जानबूझकर की गई लापरवाही मौजूद थी

खरीद प्रक्रिया में भी कई ऐसी बातें सामने आईं जो चिंता बढ़ाती हैं। असामान्य रूप से कम बोली स्वीकार करना, नीलामी के बाद अनौपचारिक बातचीत के जरिए कीमत कम करने की अनुमति देना और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी करना यह दर्शाता है कि आर्थिक लाभ को प्राथमिकता दी गई जबकि गुणवत्ता और सुरक्षा को नजरअंदाज किया गया। शुद्ध घी की कीमत और बाजार की वास्तविकता को देखते हुए अत्यधिक कम कीमत पर सप्लाई होना अपने आप में संदेह पैदा करता है

इस पूरे मामले में एक संगठित नेटवर्क के काम करने की आशंका भी जताई गई है जिसमें सप्लायर, बिचौलिये और कुछ संस्थागत तत्व शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार एक प्रमुख सप्लायर ने वनस्पति तेल और अन्य एडिटिव्स का उपयोग कर मिलावटी घी तैयार किया और अयोग्य घोषित होने के बाद भी वह अन्य माध्यमों से सप्लाई जारी रखने में सफल रहा। यह स्थिति दर्शाती है कि निगरानी प्रणाली में गंभीर कमजोरियां थीं और नियमों को लागू करने में इच्छाशक्ति की कमी थी

पूर्व अधिकारियों और खरीद समिति की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। रिपोर्ट में आरोप लगाए गए हैं कि टेंडर नियमों को कमजोर किया गया और मिलावट की पुष्टि के बावजूद सख्त कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि संबंधित पक्षों का कहना है कि सभी निर्णय सामूहिक रूप से लिए गए और नियमों के तहत ही प्रक्रिया अपनाई गई। यह विवाद अपने आप में इस बात का संकेत है कि पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर स्पष्टता का अभाव था

यह मुद्दा केवल एक राज्य या एक मंदिर तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरे देश के धार्मिक संस्थानों के लिए एक चेतावनी है। भारत में मंदिरों में प्रसाद वितरण की परंपरा बहुत पुरानी है और यह श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती है। ऐसे में यदि कहीं भी गुणवत्ता से समझौता होता है तो उसका प्रभाव व्यापक स्तर पर पड़ता है

पहले भी कुछ मामलों में प्रसाद या भोग की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ चुके हैं। उदाहरण के तौर पर उत्तर भारत के कुछ मंदिरों में समय समय पर नकली घी या निम्न गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग की शिकायतें सामने आई हैं जिनमें स्थानीय स्तर पर जांच और कार्रवाई की गई। हालांकि ये मामले इतने बड़े पैमाने पर नहीं थे लेकिन उन्होंने यह संकेत जरूर दिया कि धार्मिक संस्थानों में भी गुणवत्ता नियंत्रण की मजबूत व्यवस्था की आवश्यकता है।

इस तरह की घटनाएं यह भी दर्शाती हैं कि केवल धार्मिक आस्था के भरोसे व्यवस्था को नहीं छोड़ा जा सकता। आधुनिक समय में जब आपूर्ति श्रृंखला जटिल हो गई है और बड़े स्तर पर सामग्री की खरीद होती है तो वैज्ञानिक परीक्षण, डिजिटल ट्रैकिंग और स्वतंत्र ऑडिट जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य हो जाती हैं। यदि इन प्रक्रियाओं को सही ढंग से लागू किया जाए तो मिलावट जैसी समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है

सरकार और संबंधित संस्थाओं के लिए यह जरूरी है कि वे इस मामले को केवल एक आरोप या राजनीतिक विवाद के रूप में न देखें बल्कि इसे एक सुधार के अवसर के रूप में लें। यदि जांच में दोष सिद्ध होते हैं तो जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने, गुणवत्ता परीक्षण को अनिवार्य और समयबद्ध करने तथा निगरानी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

श्रद्धालुओं के दृष्टिकोण से यह घटना बेहद संवेदनशील है। मंदिर में मिलने वाला प्रसाद केवल भोजन नहीं बल्कि आशीर्वाद का प्रतीक होता है। लोग इसे श्रद्धा के साथ ग्रहण करते हैं और इसे पवित्र मानते हैं। ऐसे में यदि उसमें मिलावट की बात सामने आती है तो यह विश्वास को गहरा आघात पहुंचाती है। विश्वास एक बार टूट जाए तो उसे पुनः स्थापित करना बेहद कठिन होता है

इस पूरे प्रकरण से एक महत्वपूर्ण सीख यह मिलती है कि धार्मिक संस्थानों में भी पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक प्रबंधन प्रणालियों का समावेश आवश्यक है। केवल परंपरा के आधार पर व्यवस्था को चलाना अब पर्याप्त नहीं है। बदलते समय के साथ संस्थानों को भी अपने कामकाज में सुधार लाना होगा ताकि वे श्रद्धालुओं के विश्वास पर खरे उतर सकें। यह मामला केवल घी की गुणवत्ता या खरीद प्रक्रिया तक सीमित नहीं है बल्कि यह उस व्यापक प्रश्न से जुड़ा है कि क्या हम अपनी आस्था से जुड़े संस्थानों में भी उतनी ही सख्ती और पारदर्शिता सुनिश्चित कर पा रहे हैं जितनी अन्य सार्वजनिक संस्थानों में अपेक्षित होती है। यदि इस प्रश्न का उत्तर नकारात्मक है तो यह समय है। कि हम इससे सीख लें और आवश्यक सुधारों की दिशा में ठोस कदम उठाएं ताकि भविष्य में आस्था और विश्वास दोनों सुरक्षित रह सकें।


**संजीव ठाकुर**

## बढ़ती महंगाई से बेहाल आम जनजीवन को राहत की आस

अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के प्रभाव से आज पूरी दुनिया महंगाई की मार झेल रही है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसी स्थिति ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को अस्थिर कर दिया है, जिसका सीधा असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ा है। भारत, जो अपनी जरूरत का लगभग 80 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर है, स्वाभाविक रूप से इस संकट से प्रभावित हुआ है। भारत आज विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि देश की बड़ी आबादी आज भी सरकारी योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों पर निर्भर है। ऐसे में महंगाई का सीधा असर आम आदमी, विशेषकर मध्यम और गरीब वर्ग के जीवन पर पड़ता है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि से परिवहन लागत बढ़ती है, जिससे खाद्य पदार्थों से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं तक सब कुछ महंगा हो जाता है। खाड़ी क्षेत्र, जहां से विश्व के अधिकांश देशों में तेल और गैस की आपूर्ति होती है, लंबे समय से भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र रहा है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में, खासकर होर्मुज़ जलडमरूमध्य से तेल आपूर्ति में बाधा की आशंका ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट और गहराएगा, जिससे महंगाई और बढ़ेगी। हाल ही में भारत में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों और छोटे ( 5 किलोग्राम ) गैस सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। होटल, ढाबा और छोटे व्यवसाय चलाने वाले लोगों के लिए यह अतिरिक्त बोझ है, जिसे वे अंततः उपभोक्ताओं पर डालने को मजबूर होंगे। इसका असर उन लाखों छात्रों और श्रमिकों पर पड़ेगा, जो सस्ते भोजन और सीमित संसाधनों के सहारे जीवन यापन करते हैं। यह सही है कि वैश्विक कारणों से उत्पन्न महंगाई को पूरी तरह नियंत्रित करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं होता, विशेषकर तब जब देश की बड़ी आबादी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर निर्भर हो। इसके बावजूद सरकार ने अब तक आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने और महंगाई के प्रभाव को सीमित करने के प्रयास किए हैं, जो सराहनीय हैं। हालांकि, राजनीतिक परिदृश्य में अक्सर महंगाई जैसे मुद्दों का उपयोग आरोप-प्रत्यारोप के लिए किया जाता है। इससे न केवल जनता भ्रमित होती है, बल्कि वास्तविक समाधान पर ध्यान भी कम हो जाता है। आवश्यकता इस बात की है कि सभी पक्ष मिलकर रचनात्मक सुझाव दें और देशहित में काम करें। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार को संतुलित नीति अपनानी होगी। आवश्यक वस्तुओं–जैसे खाद्यान्न और ईंधन की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए राहत उपाय किए जा सकते हैं, वहीं विलासिता की वस्तुओं पर कर बढ़ाकर राजस्व संतुलन बनाया जा सकता है। इससे आम जनता को राहत मिलेगी और आर्थिक संतुलन भी बना रहेगा। अतीत में देखा गया है कि महंगाई, विशेषकर खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, सरकारों के लिए बड़ी राजनीतिक चुनौती बन जाती है। ऐसे में यह आवश्यक है कि केंद्र सरकार समय रहते प्रभावी कदम उठाए, ताकि बढ़ती महंगाई से जूझ रहे आम, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिल सके। अंततः, देश की जनता को उम्मीद है कि सरकार उनके जीवन से जुड़े आवश्यक खर्चों को नियंत्रित रखने के लिए ठोस और संवेदनशील कदम उठाएगी, ताकि महंगाई की मार से राहत मिल सके और जनजीवन संतुलित रह सके। **अरविंद रावल**

# कविता

## संजीव-नी



सुकून का नन्हा सा द्वार।

आशाएँ कभी शोर नहीं करतीं,
वे धीरे से आंगन पर उतरती है
धूप का एक छोटा सा बिम्ब
कमरे में बिना ब
कहे पसर जाता ।

उदासी का अपना एक पहलू,
गहरी बिना चंदा की निशा,
उसी में कहीं
बहुत हल्का सा उजाला
शायद वही आशा है
जो हार नहीं मानता।

खुशियों के पल
बहुत विशाल नहीं
वे इतने छोटे होते
अक्सर हमारे पास
और हम उन्हें ढूँढ़ते
किसी दूर आकाश में।

कभी एक मुस्कान
पूरी थकान उड़ा देती,
एक शब्द
मन के बर्फ को पिघलाते ।

तमस हटता नहीं एकबारगी
वह थोड़ा-थोड़ा पीछे जाता ,
जैसे कोई संकोची बच्चा
भीड़ को दूर से निहारता ।

और तब
हम महसूस करते
जिंदगी उतनी उदास नहीं

जितना हमने मान लिया ,
उसमें कुछ उजाले पहले से
आँखें बंद किए मौजूद हैं।

आशाएँ
दरअसल दरवाज़ा नहीं खोलतीं,
वे बस इतना करती
हमें याद दिलाती
यह सुकुन का नन्हा द्वार ।

**संजीव ठाकुर**

# लड्डू प्रसाद में मिलावट का सचः आस्था, व्यवस्था और जवाबदेही पर गहरा सवाल




स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए अपनी क्षमता एवं योग्यता के अनुसार रोजगार की तलाश राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण योगदान भी हो सकता है। भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है।

ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की।

खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता की मिसाल बना देवरिया पुलिस महकमा, श्रमदान से दिया सशक्त संदेश

**देवरिया।** स्वच्छता ही जीवन का आधार है इस संदेश को चरितार्थ करते हुए देवरिया पुलिस ने रविवार को जनपद भर में स्वच्छता का अनूठा अभियान चलाया। कार्यालयों, थानों, चौकियों और पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने खुद झाड़ू उठाकर श्रमदान किया और स्वच्छ वातावरण की दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभाई। साफ-सफाई के साथ ही परिसर में पेड़-पौधों की छंटाई, सूखे पत्तों का निस्तारण और अभिलेखों व संसाधनों को व्यवस्थित किया गया। वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग और उपकरणों की देखभाल ने पूरे माहौल को नई चमक दी। इस पहल के जरिए पुलिस ने न केवल स्वच्छता का संदेश दिया, बल्कि आमजन को भी प्रेरित किया।

### आवास एवं नौकरी दिलाने के नाम पर पांच लोग बने ठगी के शिकार



**गोलाबाजार** गोरखपुर गोला तहसील क्षेत्र में उरुवा थाना के ग्राम फत्तेपुर का एक व्यक्ति बीते संपूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देकर उरुवा थाना के एक व्यक्ति पर आवास दिलाने के नाम पर तीन लोगों से अलग अलग तिथियों में पौने दो लाख रुपया ठग लेने का आरोप लगाया है। विकास खंड बेलघाट के ग्राम फ़त्तेपुर निवासी फूलचंद्र पुत्र स्व विदेशी ने बीते शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर दिये प्रार्थना पत्र में बताया है कि उरुवा थाना के ग्राम धुरियापार निवासी एक व्यक्ति हमसे अपने को विकास भवन गोरखपुर में आवास अधिकारी बताया। मैं आवास विहीन व्यक्ति हूं। उनके झांसे में आकर आवास दिलाने के नाम उन्हें वर्ष 2024 में 40 हजार रुपया दिया। इसी प्रकार हमारे ही गांव के गुड्डी पत्नी मुराली ने 25 हजार, नौसढ़ के लक्ष्मीना पत्नी हरिश्चंद्र ने दो बार में 75 हजार कंप्यूटर ऑपरेटर पद के लिए और नौसढ़ के ही इंद्रावती ने आवास के लिए 35 हजार रुपया दिया। आज दो वर्ष हो गए हम लोगों को उक्त व्यक्ति ने न आवास दिलवाया न नौकरी दिलवाया। जब उससे हम लोग रुपया मांगने लगे तो वह घर से फरार हो गया। पता लगाने पर पता चला कि वह व्यक्ति ठग है ऐसे ही कई लोगों को वह ठग चुका है। कृपया जांच कर उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की कृपा करें। तहसील प्रभारी गोला ने पुलिस से जांच कराकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

### स्वरोजगार अपनाने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी: शिक्षक विधायक



**सिद्धार्थनगर।** शिक्षित होकर बेरोजगार रहने से बेहतर स्वरोजगार अपनाना है। स्वरोजगार अपनाने वाले की आर्थिक स्थिति अच्छी होती है,वहीं अच्छी सुविधा के लिए क्षेत्र के लोगों को इधर उधर भटकना नही पड़ता है।उपरोक्त बातें रविवार को शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उसका बाजार स्टेट बैंक शाखा के निकट श्री राधे फार्मा एंड सर्जिकल प्रतिष्ठान के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सभी युवाओं को नौकरी नही मिल सकती है, सम्मानित जीवन स्तर के लिए स्वरोजगार सबसे अच्छा विकल्प है। यह क्षेत्र के विकास और पलायन रोकने में भी काफी सहायक है। जो युवा बाहर जाकर अपने जीवकोपार्जन के लिए नौकरी खोजते हैं वह अपने क्षेत्र में ही स्वरोजगार कर अन्य लोगों की भी मदद कर सकते हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा की स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। सरकार इसके लिए कई योजनाएं चला रही है। इसका लाभ सभी लोग उठाए। इस मौके पर चंद्रभान त्रिपाठी, मयंक पाण्डेय, रामेश्वर पाण्डेय, पवन जायसवाल, शतीश तुलस्यान, डा कलीम, रोशन अली, राकेश आर्या, सच्चिदानंद चौबे, संतोष मिश्र , शिव जायसवाल, अयोध्या शाहू, मजीबुल्लाह, डा कपिल, सोमनाथ मिश्र, सत्य प्रकाश मिश्र, हबीबुल्लाह, मोबिन, डा बृजेश , सत्य प्रकाश वर्मा, अमित मिश्रा, अरुण मिश्र आदि मौजूद रहे।

# गोरखपुर में फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा

**● 25 हजार का इनामी जमीन घोटाले का मास्टरमाइंड गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जमीन की खरीद-फरोख्त के नाम पर बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए कैम्पियरगंज पुलिस ने 25,000 रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी कूटरचित दस्तावेजों के जरिए पहले से बिक चुकी जमीन को दोबारा बेचकर लोगों को ठगता था। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कैम्पियरगंज की टीम ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अनूप कुमार श्रीवास्तव पुत्र स्व. फतेह बहादुर श्रीवास्तव निवासी जटेपुर उत्तरी, थाना गोरखनाथ के रूप में हुई है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

**ऐसे करता था ठगी का खेल**

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर जमीन से जुड़े फर्जी दस्तावेज तैयार करता था। इसके बाद वह पहले से बैनामा हो चुकी जमीन को दोबारा बेच देता था। इस तरह वह भोले-भाले लोगों को झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करता रहा। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना कैम्पियरगंज में मुकदमा संख्या 745/2024 दर्ज किया गया था, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504 और 506 के तहत मामला पंजीकृत हुआ।



**पुलिस टीम की अहम भूमिका**

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक आदर्श त्रिवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में कांस्टेबल पप्पू यादव और रिक्रूट कांस्टेबल अमित गिरी भी शामिल रहे, जिन्होंने लगातार प्रयास कर आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई।

**आगे की कार्रवाई जारी** पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और उसके अन्य साथियों की तलाश तेज कर दी गई है। संभावना है कि इस गिरोह से जुड़े और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## गोरखपुर दक्षिणांचल में गूंजा गौ-रक्षा का संकल्प

**● शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का जोरदार स्वागत, 'एक वोट-एक रुपया' का आह्वान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी -गोरखपुर।** जनपद के दक्षिणांचल क्षेत्र में उस समय धार्मिक और सामाजिक माहौल चरम पर पहुंच गया, जब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का गीडा, खजनी और सिकरीगंज क्षेत्रों में भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने उनका माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया और कार्यक्रम स्थल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा।

**भरोहिया शिव मंदिर बना आस्था का केंद्र**

खजनी क्षेत्र के भरोहिया स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने जनसमूह को संबोधित करते हुए गौ-रक्षा को लेकर बड़ा संदेश दिया। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा– 'अब तक आप लोगों ने नाली, पानी, बिजली और सड़क के लिए वोट किया है, लेकिन अब समय आ गया है कि गौ माता की रक्षा के लिए वोट करें। '

**'एक वोट-एक रुपया' का संकल्प**

स्वामी जी ने उपस्थित जनसमूह से 'एक वोट-एक रुपया' के संकल्प के साथ गौ-सेवा में सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। इस दौरान उन्होंने लोगों से हाथ उठवाकर गौ-रक्षा के लिए संकल्प भी दिलवाया।

**20 मिनट रुका काफिला, फिर सिकरीगंज के लिए रवाना**

स्वागत कार्यक्रम के दौरान स्वामी जी का काफिला करीब 20 मिनट तक भरोहिया में रुका, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद काफिला सिकरीगंज के लिए रवाना हो गया। मीडिया से बातचीत में भी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गौ-रक्षा को प्रमुख मुद्दा बताते हुए कहा कि समाज को अब इस दिशा में जागरूक और संगठित होने की जरूरत है। इस पूरे कार्यक्रम ने दक्षिणांचल क्षेत्र में धार्मिक उत्साह के साथ-साथ गौ-रक्षा के मुद्दे को नई धार दे दी है।

### घाटमपुर के बरीपाल कस्बा में मानक विहीन सीसी रोड का निर्माण, ग्रामीणों ने की शिकायत



**घाटमपुर।** सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल कस्बा के अंदर प्रांतीय खंड लोकनिर्माण विभाग कानपुर नगर द्वारा बरीपाल कस्बे के अंदर जहानाबाद मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है, जो कि मानक विहीन किया जा रहा है, जिससे मोहल्ले की जनता ने नाराजगी जताई है, और घाटमपुर संपूर्ण समाधान दिवस में ग्रामीणों ने शिकायत प्पत्र भी दिया गया है,,जो कार्य कराया जा रहा है तो कहीं साढ़े पांच मीटर तो कहीं रोड की चौड़ाई चार मीटर 70 सेमी बनाई गई है,, ग्रामीणों की मांग है कि सीसी रोड की जांच कराई जाए, और कहीं नाली बनाई गई है कहीं कहीं नाली न बनानें के कारण लोगों के घरों में गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा पैदा हो रहा है जिससे गंदगी फैली हुई है,घर से बाहर निकलना दुभर हो गया है, ग्रामीणों ने मांग की है कि उपरोक्त सीसी रोड निर्माण कार्य की जांच अन्य विभाग से कराई जाए।

# गोरखपुर: बस स्टेशन का आतंक खत्म!

**● चोरी का माफिया 'मुकेश-बिच्छू गैंग' के 7 खूंखार सदस्य गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** में बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का आखिरकार पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया। थाना कैण्ट पुलिस ने 'मुकेश गैंग' और 'बिच्छू गैंग' के सात सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान, नगदी और बैग काटने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई से यात्रियों में फैले डर और असुरक्षा के माहौल पर बड़ा असर पड़ा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी कैण्ट और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। लगातार मिल रही शिकायतों और सर्विलांस की मदद से पुलिस ने गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखी और सटीक सूचना के आधार पर छापेमारी कर सभी आरोपियों को दबोच लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि यह गिरोह बेहद सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देता था। गैंग के सदस्य अलग-अलग होटलों में ठहरते थे ताकि किसी को शक न हो। हर दिन तड़के करीब 3:30 बजे गैंग लीडर व्हाट्सएप कॉल के जरिए सभी को सक्रिय करता था और 4:30 बजे वीडियो कॉल के माध्यम से दिन के टारगेट तय किए जाते थे। इसके बाद सभी सदस्य बस स्टेशन या रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों पर नजर रखते और मौका मिलते ही किसी बहाने से बैग काटकर सामान चोरी कर लेते थे। वारदात के बाद आरोपी अलग-अलग दिशाओं में निकल जाते थे, जिससे उन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता था। इस गिरोह के खिलाफ 17 अप्रैल 2026 को एक मामला दर्ज हुआ था, जब गोरखपुर बस स्टेशन से फाजिलनगर जा रहे एक दंपति के ट्रॉली बैग से आभूषण, करीब सात हजार रुपये और साड़ी चोरी कर ली गई थी। इसी मामले की जांच के दौरान पुलिस को गिरोह तक पहुंचने में सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों में विवेक कुमार, ललितेश, नरेंद्र, अमन, अर्जुन, मुकेश कुमार और नीरज कुमार शामिल हैं। ये सभी फिरोजाबाद, हाथरस और आसपास के क्षेत्रों के निवासी बताए जा रहे हैं।



पुलिस के अनुसार अर्जुन और मुकेश कुमार पर पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, लूट, धोखाधड़ी और हत्या के प्रयास जैसे मामले शामिल हैं। बरामदगी में एक ऑरेंज रंग की साड़ी, चार हजार रुपये नगद, 15 सेफ्टी पिन, 10 फोल्डिंग चाकू और 10 छोटी कैंचियां शामिल हैं। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 317(2) और 112 को भी बढ़ाया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अमित कुमार चौबे, आशीष दुबे, अवनीश पांडे, गिरीश मिश्रा और सर्विलांस टीम के राम सिंह, अरुण यादव व गणेश पांडे की अहम भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने पूरी टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## तालाब में मिला 14 वर्षीय किशोर का शव

**● शरीर पर चोट के मिले निशान, हत्या की आशंका, मां लगाती थी ब्लॉक गेट पर दुकान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर/लंभुआ-** कोतवाली क्षेत्र के नारायनपुर मिश्रौली स्थित मोहना तालाब में रविवार शाम एक 14 वर्षीय किशोर का शव उतराता मिला। मृतक कक्षा नौ का छात्र था। ग्रामीणों ने शव पर चोट के कई निशान देखे, जिससे हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान लंभुआ थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी अर्पित गुप्ता (14 वर्ष) पुत्र श्रीनाथ गुप्ता के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि अर्पित अपने दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मां लंभुआ ब्लॉक गेट के पास दाना भूनकर बेचती हैं, और अर्पित स्कूल से लौटने के बाद उनके काम में मदद करता था। उसके पिता श्रीनाथ खेती-बाड़ी और मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

रविवार शाम को ग्रामीणों ने तालाब में शव देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। लंभुआ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों ने शव की स्थिति को देखते हुए इसे प्रथम दृष्ट्या हत्या का मामला बताया है। वही घटना के बाद से परिवार में सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। इस घटना से परिवार में गहरा सदमा है।

### पत्नी के साथ नए मकान पर जा रहे युवक को रास्ते में रोककर पीटा

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम जैरवारा में आपसी रंजिश के चलते एक युवक और उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक ही परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जैरवारा निवासी अरविन्द पुत्र कृपाल सिंह लोधी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 28 अप्रैल 2026 की रात करीब 12 बजे अपने पुराने घर से खाना खाकर अपनी पत्नी प्रीति के साथ नए मकान की ओर जा रहे थे। आरोप है कि जब वे रास्ते में थे, तभी गांव के ही अभिषेक, जगदीश, श्रीमती कला और विशाल ने उन्हें अकारण रोक लिया और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब उसने गाली-गलौज का विरोध किया, तो चारों आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब लोग इकट्ठा होने लगे, तो आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। घटना की सूचना 02 मई को थाने में दी गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दानवीरों की कमी नहीं, सेवा ही सबसे बड़ी पहचान: कृषि मंत्री



**देवरिया।** जनपद के पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के मेंदीपट्टी स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित बहुभोज कार्यक्रम सेवा और सहयोग की मिसाल बन गया। मंदिर अध्यक्ष सुरेंद्र लाल श्रीवास्तव के पुत्र आदित्य श्रीवास्तव के विवाह उपरांत आयोजित इस कार्यक्रम में निर्धन कन्याओं, दिव्यांगजनों और मेधावी छात्राओं को 50 साइकिल व ट्राइसाइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही रहे, जबकि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल भी इसमें शामिल हुईं। अतिथियों के हाथों जरूरतमंदों को साइकिल वितरण कराया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। कृषि मंत्री ने कहा कि गरीब और असहाय वर्ग तक लाभ पहुंचाना समाज की सच्ची सेवा है। उन्होंने मंदिर अध्यक्ष की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा समर्थकों की सोच शुरू से ही सेवा और सहयोग की रही है, जो इस आयोजन में स्पष्ट दिखाई देती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे दिन अतिथियों के आने-जाने का सिलसिला जारी रहा।

## बौद्धिक क्रांति के संकल्प के साथ सपा इंटलेक्चुअल फोरम की पहली बैठक संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** शहर के सोंदा स्थित एक व्यापारिक प्रतिष्ठान में रविवार को समाजवादी पार्टी इंटलेक्चुअल फोरम की जनपद स्तरीय पहली एवं महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी प्रो. संतोष यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रो. एस.के. श्रीवास्तव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के फूल-माला एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत के साथ हुई। बैठक का मुख्य विषय बौद्धिक क्रांति सत्ता परिवर्तन की ओर रहा, जिस पर उपस्थित बुद्धिजीवियों ने एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि प्रो. एस.के. श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि बौद्धिक प्रकोष्ठ समाज में वैचारिक मजबूती लाने और जनसंवाद स्थापित करने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाई जाएगी तथा समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मजबूत किया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए प्रो. संतोष यादव ने कहा कि यह मंच समता, समानता और सामाजिक समरसता की स्थापना के लिए कार्य करेगा। उन्होंने इसे देवरिया में बौद्धिक फोरम की पहली संगोष्ठी बताते हुए सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और समाज के हर वर्ग को जोड़ने पर जोर दिया। बैठक में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता कपीश श्रीवास्तव, डॉ. शिव सहाय चौधरी, प्रो. सूरज गुप्ता, अनमोल भारती, डॉ. विमल कुमार, डॉ. ब्रजेश कुमार, मोहन गुप्ता, डॉ. बृजेश प्रजापति, अवनीश यादव, दिव्यांश श्रीवास्तव, विनोद यादव, घनश्याम यादव, अजय पटेल, सुभाष कुशवाहा, विजय यादव, ज्ञान प्रकाश यादव, एडवोकेट राजू यादव, मंतोष यादव, सुधीर कुमार, नंद कुमार यादव, जय प्रकाश भारतीय, विजय प्रताप, विकास गौतम, हरीश नंद, सुरेंद्र कुमार बौद्ध सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को मजबूत करने और व्यापक स्तर पर बौद्धिक जनों को जोड़ने का संकल्प दोहराया गया।

## गोरखपुर ग़ोला में पुलिस पिकेट के पास मोबाइल दुकान में लाखों की चोरी

**● CCTV में कैद आरोपी; स्टेशन तक खंगाल रही पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला- गोरखपुर:** गोला उपनगर के चंद चौराहे पर पुलिस पिकेट से महज कुछ दूरी पर स्थित एक मोबाइल दुकान में बीती रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से लाखों रुपये की नगदी और महंगे एंड्रॉयड मोबाइल सेट चोरी कर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस टीमों ने संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है। बताया जा रहा है कि संदिग्धों की गतिविधियों को गोरखपुर रेलवे स्टेशन तक खंगाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार, गोला-उरूवा मार्ग स्थित चंद चौराहे पर रानीपुर निवासी महेंद्र पाण्डेय के कटरा में वार्ड नंबर 4 के अनिल कुमार मौर्य की मोबाइल दुकान है। रविवार सुबह करीब 7 बजे जब अनिल दुकान खोलने पहुंचे तो कटरा का मुख्य शटर आधा खुला मिला। अंदर जाने पर दुकान का शटर भी खुला था और सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

पीड़ित के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में तड़के करीब 3 बजे दो युवक नंदलाल बिरियानी की दुकान की ओर से अंदर घुसते दिखाई दे रहे हैं। चोरी के बाद बाहर निकलते समय उनके हाथों में तीन बड़े थैले नजर आए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों संदिग्धों की पहचान भी कर ली गई है। बताया जा रहा है कि वे पास की गली में दीना कसौधन के मकान में किराए पर रहते थे और उनके साथ कुछ अन्य लोग भी ठहरे हुए थे। सभी का संबंध एक बैंड-बाजा समूह से बताया जा रहा है और वे दूसरे राज्य के निवासी हैं। घटना में एक अहम सुराग ऑटो चालक शंकर मौर्य ने दिया। उनके अनुसार, सुबह करीब 5 बजे फुटेज में दिख रहा एक युवक अपने साथियों के साथ गोरखपुर रेलवे स्टेशन जाने के लिए



ऑटो बुक कर गया। कुल पांच लोग थे, जिनमें तीन लोग महिलाओं के वेश में थे और उनके पास भारी बैग व अटैचियां थीं। दुकानदार के अनुसार, चोर करीब दो लाख रुपये नकद और लगभग 20 मोबाइल फोन लेकर फरार हुए हैं। थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज व अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी है। हाल की घटनाओं को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का महराजगंज में सम्भावित आगमन आज

**● विधायक प्रेमसागर पटेल की पत्नी का श्रद्धांजलि कार्यक्रम**

**● डीएम और एसपी सहित वरिष्ठ के अधिकारी ने मौके का किया निरीक्षण , तत्काल वीवीआईपी मूमेंट्स की व्यवस्था के आदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज** जिले के सिसवा विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रेम सागर पटेल की धर्मपत्नी की समय से पूर्व (असामयिक) निधन का सूचना प्रकाश में आया था। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम आज सोमवार को संभावित होना है। जिसकी सूचना च बाद जिला प्रशासन अलर्ट मूड पर है। जानकारी के अनुसार सिसवा विधानसभा 317स्ध्न वर्तमान विधायक प्रेम सागर पटेल की पत्नी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम के अवसर पर सोमवार दिनांक 04.05.2026 को सायं 04:00 बजे कोतवाली क्षेत्र के पिपरा बाबू में वीवीआईपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित आगमन होना है। जिसके दृष्टिगत कार्यक्रम



के आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य सभी गतिविधियों को लेकर पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी एवं जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, आगमन-प्रस्थान मार्गों एवं पार्किंग स्थलों का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। और साथ ही भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन, बैरिकेडिंग, चेकिंग व्यवस्था एवं ड्यूटी में लगाए गए पुलिस बल की ब्रीफिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है तथा सभी बिंदुओं पर सतर्क दृष्टि रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

### मारपीट, चोरी और तोड़फ़ोड़ का आरोप

**पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार**

ललितपुर। थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम ककरूवा निवासी आजम खां ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, चोरी और तोड़फ़ोड़ करने का गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार 30 अप्रैल की रात करीब 1 बजे गांव के कुछ लोग लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस आए तथा घर में बंधी गाय पर हमला करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट की, जिसमें अब्बास खां, आदिल, रजिया सहित अन्य सदस्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि घटना की सूचना डायल 112 और स्थानीय पुलिस को दी गई, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। वहीं परिवार के अस्पताल में होने का फायदा उठाकर आरोपियों ने घर का ताला व गोदरेज तोड़कर नगदी, सोने-चांदी के जेवरात और जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए तथा मोटरसाइकिल और वॉशिंग मशीन में तोड़फ़ोड़ कर दी। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा चोरी गया सामान बरामद कराने की मांग की है।

## घाटमपुर तहसील में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर तहसील में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई है,,इस क्रम में लोगों को जागरूक करने के लिए तहसील प्रशासन ने एक अनूठी पहल की हैं, तहसील परिसर स्थित ब्रिटिश कालीन कुएं को जनगणना 2027। की थीम पर रंग बिरंगा सजाया गया है, तहसील प्रशासन के अनुसार जनगणना अभियान 7 मई से 21 मई 2026 तक संचालित होगा, इसके उपरांत 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर घर जाकर मकान के मुखिया से 33 प्रश्न पूछेंगे, प्राप्त डेटा को एक ऐप के माध्यम से आनलाइन दर्ज किया जाएगा,,और दी गई सभी जानकारी पूर्णतः गुप्त रखी जाएगी, जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सजाएं गए कुएं पर जनगणना से संबंधित बुनियादी जानकारी अंकित की गई है, इसके अतिरिक्त तहसील तहसील की मीटिंग



हाल में जनगणना के नारे और पोस्टर भी लगाए गए हैं, जिससे तहसील आने वाले नागरिक जागरूक हो सकें,, घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि यह कुआं ब्रिटिश कालीन धरोहर है यद्यपि इसका उपयोग वर्तमान में नहीं होता है फिर भी इसकी ऐतिहासिकता को संरक्षित करने और लोगों को जनगणना के प्रति जानकारी देने के उद्देश्य से इसे इस थीम पर सजाया गया है, घाटमपुर तहसील की जनगणना चार्ज डॉ अंकिता पाठक तहसीलदार ने कहा कि विरासत और कला के इस अनूठे संयोग से परिवार को सजाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना, और उन्हें जनगणना में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है,, उन्होंने आगे कहा कि तहसील प्रशासन पुरानी धरोहर को नया रूप देकर 2027 के लिए लोगों को जोड़ने और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में शामिल करने का प्रयास कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कलिजपुर में डी.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नीमगांव खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम कलिजपुर में आयोजित डी.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-1 का शुभारंभ नीमगांव थाना प्रभारी प्रवीर कुमार गौतम द्वारा फीता काटकर किया गया। टूर्नामेंट का आयोजन प्राथमिक विद्यालय कलिजपुर के निकट खेल मैदान में किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। आयोजक समिति द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को 16 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 8 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 2100 रुपये निर्धारित किया गया है। सभी मुकाबले 10-10 ओवर के खेले जाएंगे तथा टेनिस बॉल का प्रयोग किया जाएगा। टूर्नामेंट समिति में अध्यक्ष अफसर खान, उपाध्यक्ष जीशान (फज्जू), संयोजक अनस खान, सचिव जैद खान, व्यवस्थापक आमिर खान एवं कोषाध्यक्ष कलीम खान, वर्तमान प्रधान श्रीपाल मिश्रा,पूर्व प्रधान नेहरू सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है। टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्रीय खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक टीमों से प्रतिभाग करने की अपील की है।

### ट्रेन से गिरकर बिहार के मौलाना की बरेली में मौत

**पत्नी ने गला दबाकर धक्का देने का लगाया आरोप**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में बिहार निवासी मौलाना तौसीफ रजा की ट्रेन से गिरकर मौत का मामला तूल पकड़ गया है। मौलाना की पत्नी ने ट्रेन में झगड़े के बाद पति की गला दबाकर नीचे धक्का देकर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने की पुष्टि नहीं हुई है और मौत का कारण चोट लगना आया है। पत्नी ने एक ऑडियो का भी जिक्र किया है, जिसमें दावा किया कि यह ट्रेन में झगड़े के दौरान की है। अब कैंट थाना पुलिस ने मौलाना की पत्नी को शिकायती पत्र देने के लिए बुलाया है। पत्नी ने दो दिन में बरेली आकर शिकायती पत्र देने की बात कही है। इस मामले में मुस्लिम संगठनों ने भी मामले में कार्रवाई की मांग की है। बिहार के ठाकुरगंज निवासी मौलाना तौसीफ रजा मजहरी का शव 27 अप्रैल को रेलवे ट्रैक के किनारे मिला था। कैंट थाना पुलिस ने मृतक की पहचान कर स्वजन को सूचना दी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव स्वजन को सौंप दिया था। इस मामले में शनिवार को मुस्लिम संगठनों ने मौलाना की हत्या का आरोप लगाते पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।एसपी सिटी मानुष पारीक ने कैंट थाना पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में एक ऑडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें मौलाना की पत्नी ने दावा किया है कि ट्रेन में सफर करते समय उनके पति का किसी से झगड़ा हुआ था। इस पर उन्होंने उन्हें फोन किया था। उसी समय की ऑडियो है। अब पुलिस का कहना है कि यदि कोई ऑडियो है तो उसकी जांच की जाएगी। कैंट थाना प्रभारी संजय कुमार धीर ने बताया कि मौलाना की पत्नी से संपर्क कर शिकायती पत्र देने को कहा है। पत्नी ने दो दिन बाद आने की बात कही है। शिकायती पत्र के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। यदि ट्रेन के अंदर की घटना होगी तो इसे जीआरपी बरेली जंक्शन थाना को भेजा जाएगा। जीआरपी थाना प्रभारी सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि कैंट क्षेत्र में मौलाना का शव मिला था। चोट लगने से मौत हुई है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि मामले की जांच कैंट थाना पुलिस को सौंपी है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### बरेली में बड़ी घटना: तालाब में डूबकर तीन बच्चों की मौत

बरेली के मीरगंज क्षेत्र के तिलमास गांव में रविवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना हुई। गांव के तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस हादसे में एक चौथा बच्चा डूबने से बच गया, जिसने अपने साथियों को आंखों के सामने डूबते देखा। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। मृतकों की पहचान आठ वर्षीय अंश, नौ वर्षीय आयुष और ग्यारह वर्षीय प्रवेंद्र के रूप में हुई है, जबकि दस वर्षीय गबनीश को सुरक्षित बचा लिया गया। ये चारों बच्चे रविवार दोपहर करीब तीन बजे गांव से एक किलोमीटर दूर सड़क किनारे स्थित तालाब में नहाने गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंश, आयुष और प्रवेंद्र गहरे पानी में चले गए और संतुलन बिगड़ने से डूबने लगे। गबनीश ने मदद के लिए चीखना शुरू किया, लेकिन समय पर कोई सहायता नहीं मिल पाई। तालाब के पास मछली पालन करने वाले राजू घटना के समय सो रहे थे। गबनीश की चीख-पुकार सुनकर जब तक राजू वहां पहुंचे, तब तक तीनों बच्चे पानी में डूब चुके थे। राजू ने बच्चों को तालाब से बाहर निकाला और परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मीरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई कर रही है। **ग्रामीण बोले-** तालाब पर सुरक्षा के इंतजाम नहीं ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब सड़क किनारे स्थित है और सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। न कोई चेतावनी बोर्ड लगा है और न ही बच्चों को रोकने के लिए घेराबंदी की गई है।

# शिव की पावन नगरी गोला मे शिक्षा की आड़ में जमीन का 'महा-खेल', अरबों के वारे-न्यारे!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** धर्मनगरी गोला में इन दिनों भू-माफियाओं का एक ऐसा सिंडिकेट सक्रिय है, जो 'प्रस्तावित विद्यालय' के नाम पर जमीन के काले कारोबार को अंजाम दे रहा है। हैरान करने वाली बात यह है कि शासन-प्रशासन की नाक के नीचे करोड़ों-अरबों का यह खेल चल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध रखी है।

**खेल का 'मोडस ऑपरेंडी': शिक्षा का बोर्ड, फिर आवासीय प्लॉटिंग...!!**

जांच में यह चौंकाने वाला पैटर्न सामने आया है कि भू-माफिया पहले किसी बेशकीमती कृषि भूमि या बड़े रकबे पर 'प्रस्तावित विद्यालय' का बोर्ड लगाते हैं। इसके पीछे का मकसद जमीन की बाउंड्री वॉल और मिट्टी भराई के काम को वैध रूप देना होता है ताकि किसी भी विभाग की नजर न पड़े।

**अलीगंज रोड से शुरू हुआ 'मिट्टी' का खेल**

इस खेल की शुरुआत गोला के अलीगंज रोड से हुई। यहाँ करोड़ों की जमीन पर पहले विद्यालय के नाम पर मिट्टी डालकर उसे समतल किया गया। कुछ समय बीतते ही शिक्षा का नाम गायब हो गया और वहां रातों-रात कमर्शियल और रेजिडेंशियल प्लॉट काटकर उन्हें ऊंचे दामों पर बेच दिया गया।




**खुटार रोड पर भी दोहराया गया वही कारनामा...!**

अलीगंज रोड के बाद यह सिंडिकेट खुटार रोड बाईपास की ओर बढ़ा। यहाँ भी 'प्रस्तावित विद्यालय' का बोर्ड लगाकर कई एकड़ जमीन की घेराबंदी की गई। आज हकीकत यह है कि वहां स्कूल की जगह 'कैलाश नगर' नाम की कॉलोनी बस चुकी है और भू-माफियाओं की जेबें अरबों रुपयों से भर चुकी हैं। मामला यही तक नही रुका और एक पुनः आगे बढ़कर एक और नया ठिकाना सामने आ गया, कैलाश नगर के आगे फिर. वही साजिश रची गयी। अब ताजा मामला कैलाश नगर के ठीक आगे का है। एक बार फिर वही पुराना पैंतरा अपनाया गया है। 'प्रस्तावित विद्यालय' का बोर्ड टांग दिया गया है, बाउंड्री वॉल खड़ी हो चुकी है और सैकड़ों ट्रॉली मिट्टी डालकर जमीन को प्लॉटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है।

**बड़े सवाल यह है जो प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हैं जैसे कि,**

1. क्या संबंधित विभागों आवास विकास/जिला पंचायतो से इन तथाकथित विद्यालयों का नक्शा पास है?

2. बार-बार एक ही पैटर्न पर हो रही प्लॉटिंग पर राजस्व विभाग और जिला प्रशासन खामोश क्यों है?

3. क्या इन भू-माफियाओं को किसी रसूखदार सफेदपोश का संरक्षण प्राप्त है?

4.आखिर बिना लैंड यूज चेंज (143) कराए कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियां कैसे कट रही हैं?

इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि ?गोला में चल रहा यह खेल सिर्फ जमीन का व्यापार नहीं, बल्कि नियमों की धज्जियां उड़ाने वाला एक संगठित अपराध है। अगर समय रहते उच्चाधिकारियों ने इस 'प्रस्तावित विद्यालय' वाले मायाजाल की जांच नहीं की, तो सरकार को करोड़ों के राजस्व का चूना लगना तय है।

### डोहरा तालाब में मिले एमडीआर ई कोलाई बैक्टीरिया

बरेली की सदर तहसील के डोहरा गांव के तालाब में मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट (एमडीआर) ई कोलाई बैक्टीरिया पाए गए हैं। ये कई एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हैं। इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. संजय पटेल ने चेताया है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो यह बड़ा खतरा बन सकता है। इस बैक्टीरिया पर तीन माह तक टेट्रासाइक्लिन जैसी एंटीबायोटिक का प्रयोग किया गया, लेकिन वह बेअसर साबित हुई। डॉ. संजय ने बताया कि तालाब में गांव और कॉलोनियों का अनुपचारित पानी मिल रहा है। माइक्रोबायोलॉजिकल अध्ययनों से पुष्टि हुई है कि सीवेज और तालाब दोनों में एमडीआर ई कोलाई मौजूद हैं।

यह खतरनाक सुपरबग्स का स्रोत बन रहा है। जनवरी में इंदौर में दूषित पानी के सेवन से कई लोगों की मौत हुई थी। उसमें भी ये बैक्टीरिया पाए गए थे। विभिन्न माध्यमों से यह इंसानों तक पहुंच सकता है। इससे डायरिया, मूत्र रोग और फूड पॉइजनिंग जैसी बीमारियां हो सकती हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि इस खतरे से निपटने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट और पानी की नियमित निगरानी जरूरी है। एंटीबायोटिक दवाओं का सही और सीमित उपयोग करें।

## सिंगाही में साइकिल चोरों का आतंक

**● दो हफ्तों में आधा दर्जन वारदातें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** कस्बे में इन दिनों साइकिल चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीते दो हफ्तों में करीब आधा दर्जन साइकिल चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में आक्रोश के साथ-साथ असुरक्षा की भावना भी गहराने लगी है। भेडौरा वार्ड नंबर 2 निवासी विजय राज सिंह ने बताया कि 20 अप्रैल के दिन करीब 10 बजे उनकी साइकिल घर के बाहर खड़ी थी, जिसे अज्ञात चोर उठा ले गए। वहीं, वार्ड नंबर 2 भेडौरा निवासी शिवलाल की साइकिल भी घर के बाहर से चोरी हो गई। दोनों पीड़ितों ने 23 अप्रैल को सिंगाही थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह इजहार हाशमी ने बताया कि 23 अप्रैल को उनके यहां काम करने वाला युवक दोपहर में खाना खाने घर गया था और साइकिल बाहर खड़ी कर गया। इसी दौरान



चोर साइकिल लेकर भाग गए। घटना की सूचना उन्होंने फोन के माध्यम से थाना प्रभारी को दी। रामकिशोर पटेल ने बताया कि उनकी दुकान पर काम करने वाले नौरंगाबाद निवासी युवक की साइकिल दुकान के बाहर गली में खड़ी थी, जिसे शाम करीब 6 बजे चोर ले गए। इसके अलावा 3 मई की सुबह दुर्गा मंदिर के पास से भी एक साइकिल चोरी होने की सूचना है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। सिंगाही थानाध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि टीमें गठित हैं जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## लाखो खर्च करने के पश्चात भी नही बुझी अमृत सरोज की प्यास

**● कुछ ही समय बाद ही जर्जर हो गया लाखो रूपयो की लागत से बना अमृत सरोवर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला ब्लाक कुभ्भी के अन्तर्गत आने बाले गांव कपरहा के मजरा तेन्धुआ मे बना बाबा तुरंतनाथ धाम के नाम से बना अमृत सरोवर भ्रस्टाचार की भेट चढ गया है, जो कुछ ही समय मे अति जर्जर हो गया है ,जिसमे ऐक बूद पानी भी नही है। इस अमृत सरोवर का निर्माण लगभग वीस माह पूर्व हुआ था। ग्रामीणो का आरोप है अमृत सरोवर मे कोई पानी आदि के पहुचने का कोई रास्ता नही है ,केवल बरसात के पानी के सहारे ही अमृत सरोवर आ आस्तित्व है। ग्रामीणो ने बताया जाता है कि यहां पर कोई समर सेविल य बोरिग मोटर आदि का इन्तजाम नही किया गया है, जिससे लगभग पूरे वर्ष भर तालाब खुद ही प्यासा रहता है,तीर्थ सरोवर को ही अमृत






सरोवर का रूप दिया गया था।इस तेन्धुआ मन्दिर पर राजा मोरध्वज कालीन अति प्रचीन शिव मंदिर स्थापित है जहा वर्ष भर श्रृध्धालु भगवान शिव का रूद्राभिषेक करने के लिये मंदिर पर आते रहते है , हलाकि ग्रामीण बताते है यहां कुछ समय पहले श्रृध्धालु भगवान शिव को जल चढाने के लिए व आचमन करने के लिये इसी तीर्थ से जल लाते थे।

लेकिन अव वहां न तो अमृत सरोवर मे जल है और नही कोई नल लगा है, जो नल लगा है वह गंदा पानी दे रहा है, जिससे ग्रामीण अपने घरो से जल लेकर आते है और भगवान शिव का रूद्राभिषेक करते है। लालता प्रसाद मंदिर पुजारी तेन्धुआ ने बताया कि सरोवर व नल खराब की जानकारी वह ग्राम प्रधान को भी दे चुके है लेकिन अभी तक बन नही पाया है, जिससे मन्दिर पर आने बाले लोगो को परेशानी का सामना करना पडता है, अवनीश त्रिपाठी एडीओ पंचायत ब्लाग कुभ्भी गोला खीरी, ने बताया कि वहां सरकारी हैंडपंप व सरोवर की स्थित की जानकारी नही है यदि नल खराब होगा तो फौरन ही बनबाया जायेगा,साथ ही अमृत सरोवर की जांच कराई जायेगी।

### दो बाइकों की भिड़ंत में सपा कार्यकर्ता बहार अली की मौत

**● क्षेत्र में शोक की लहर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी!** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुशवाही बाजार के पास शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता बहार अली की मौत हो गई। अवधराम निवासी मोतीपुर एक अन्य साथी दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में यह हादसा हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को संभालने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल बहार अली




को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बहार अली समाजवादी पार्टी के सक्रिय और मिलनसार कार्यकर्ता माने जाते थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दे रहे हैं। स्थानीय सपा नेता चौधरी हिमांशु पटेल ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की है।

### चंडी धाम मंदिर में अखिल भारत हिंदू महासभा की बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** शहर स्थित चंडी धाम मंदिर में अखिल भारत अखिल भारत हिंदू महासभा के तत्वावधान में रविवार को एक भव्य बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में संतों एवं संगठन पदाधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न पदों पर मनोनयन किया गया। बैठक में हीरानंद गिरीजी महाराज को जिला धर्माचार्य प्रमुख, कपिल नामदेव को जिला मीडिया प्रभारी तथा महंत कृष्ण कुमार मालवीय को संगठन का संरक्षक नियुक्त कर सम्मानित किया गया। वहीं रेखा यादव को महिला मंडल सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सोनू ताम्रकार, शंकर यादव, विनय कुशवाहा, अजय सिंह, गौरव कुमार, अरविंद सेन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन की मजबूती और सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

### रिक्रूट आरक्षियों की व्यवस्थाओं का एएसपी ने लिया जायजा



**देवरिया-** अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने रविवार को बघौचघाट थाना का निरीक्षण कर प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आवास, भोजन, मेस, साफ-सफाई समेत सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति परखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। एएसपी ने मेस में भोजन की गुणवत्ता, समयबद्धता और स्वच्छता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय व्यवस्था की नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। पुलिस के अनुसार, निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

## कब्जा दिलाने पहुंची टीम पर हमला

**● दबंगों के आगे बेबस दिखा प्रशासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** अदालत के आदेश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी के निर्देश पर कब्जा दिलाने पहुंची राजस्व और पुलिस टीम पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया और उन्हें मौके से खदेड़ दिया। हैरानी की बात यह रही कि कानून का पालन कराने गई टीम ही हमले के आगे बेबस नजर आई। समाचार लिखे जाने तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी। थाना क्षेत्र के ग्राम बंधीचक निवासी देवेंद्र यादव के जमीन विवाद में न्यायालय ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया था। इसके बाद उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार को प्रार्थना पत्र देकर कब्जा दिलाने की मांग की। निर्देश मिलते ही राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और पुलिस बल के साथ टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी। नींव की खुदाई के लिए जेसीबी मशीन भी बुला ली गई थी, लेकिन इसी बीच दूसरे पक्ष के




दबंग लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते माहौल को रणक्षेत्र में बदल दिया। आरोप है कि दबंगों ने खुलेआम हमला बोलते हुए राजस्व टीम और पुलिस को निशाना बनाया और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि मौके पर मौजूद पुलिस बल भी मूकदर्शक बना रहा और पूरी कार्रवाई ठप हो गई। दबंगों के तांडव के आगे प्रशासनिक अमला बैकफुट पर आ गया और टीम को बिना कब्जा दिलाए ही बैरंग लौटना पड़ा। घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित देवेंद्र यादव का कहना है कि खुलेआम अदालत के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। उन्होंने मांग की है कि सख्त सुरक्षा के बीच दोबारा कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया जाए और हमलावरों पर कड़ी कार्रवाई हो।

## स्वर्गीय विधायक गेंदालाल गंगवार मार्ग बना तालाब

**● निकलना दूभर नहीं हो रहा निर्माण कार्य**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

विश्व देव राठौर

**बरेली/** नवाबगंज विधानसभा से भाजपा के पहले विधायक बने गेंदालाल गंगवार की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई थी इन्हीं की यादगार में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से उनके पैतृक गांव भभुआ बाजार तक पक्की सड़क का निर्माण कराया था ज्ञात रहे भदपुरा विकासखंड के भाजपा से ब्लॉक प्रमुख बने गेंदल लाल गंगवार 1989 में नवाबगंज से भाजपा विधायक के रूप में चुने गए थे। परंतु दुर्भाग्य यह रहा के कुछ समय के बाद नवाबगंज में बिजली का करंट लगने से उनकी मृत्यु हो गई थी इसी दौरान एम एल सी के चुनाव मैं जनता दल से जयदीप सिंह बरार और भाजपा से विमल शुक्ला प्रत्याशी थी प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम



सिंह यादव जयदीप सिंह बरार के लिए वोट मांगने आए थे जब यह मामला मुख्यमंत्री के पटल पर तत्कालीन सांसद वर्तमान में झारखंड के राज्यपाल महामही संतोष कुमार गंगवार ने रखा।

तो प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण विभाग को शीघ्र पत्रावली भेजने का निर्देश दिया जिसके बाद इस सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री को से किया गया था इस सड़क का उद्घाटन प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे डॉक्टर दिनेश जौहरी ने किया था परंतु आज इस सड़क में गहरी गहरे गड्ढे हो गए हैं जिसके कारण इस सड़क पर लोगों को निकालना दूभर हो गया है। परंतु लोगों को खेत व्यक्त हो रहा है कि आज प्रदेश से लेकर देश तक में भाजपा की सरकार होने के बाद भी वह अपने स्वर्गीय विधायक के नाम बनी सड़क को ठीक नहीं करवा पा रहे हैं यह सड़क क्यों लड़ियां मुख्य चौराहे से लेकर जावेदा जाने वाली नहर के पल के पास दो फीट से भी अधिक गहरे गड्ढे हो गए हैं आगे भी सड़क खत्म हो गई है जिसके कारण हल्की सी बारिश में कीचड़ होने के कारण आवागमन प्रभावित होता है ग्रामीणों ने प्रशासन से इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए मांग की है।

## तेन्दुआ मन्दिर पर वाटर कूलर लोगो को चिढा रहा मुंह

**● अभी लगभग दो वर्ष पहले क्षेत्र पंचायत सदस्य निधि से लगाया गया था वाटर कूलर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला ब्लाक कुभ्भी के अन्तर्गत आने वाला गांव तेन्दुआ, जहां भगवान भोलेनाथ का अति प्राचीन मंदिर स्थापित है,जहां पर प्रतेक वर्ष सावन व जेस्ठ माह मे लाखो की मात्रा मे श्रृद्धालु भगवान शिव का रूद्राभिषेक करने के लिये आते है,भंडारे रामायण पाठ व मुंडन आदि के अनुष्ठान आदि भी बहुतायत की संख्या मे होते रहते है। लेकिन बढती गर्मी व आगामी महीना जेस्ठ मे भी कर्मी मे पारा बढने लगता है ऐसी स्थित मे ग्रामीण क्षेत्रो मे गरीवो व राहगीरो का मात्र ऐक ही गर्मी दूर करने का ऐक ही सहारा होता है वह है ठंडा जल, लेकिन वह भी कई महीनो से खराब पडा है।



मंदिर पर आने बाले श्रृद्धालु विना पानी पिये व भगवान को जल चढाये बैरग वापस अपने घरो को लौट रहे है है। लालता प्रसाद मंदिर पुजारी,कई महीनो से बाटर कूलर खराब पडा है जिसके लिये अधिकारियो से कहा भी जा चुका है। अवनीश त्रिपाठी ऐडीओ पंचायत ब्लाक कुम्भी गोला गोकर्णनाथ खीरी, हमे मंदिर पर बाटर कूलर खराब की कोई जानकारी नही है यदि खराब होगा तो अतिशीघ्र ही बनबाया जायेगा।

### ऑनलाइन ठगी के शिकार युवक को पुलिस ने दिलाए 20 हजार रुपए

**ललितपुर।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए युवक की पूरी रकम वापस कराकर पुलिस ने सराहनीय कार्य किया है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नाराहट पुलिस ने पीड़ित को 20 हजार रुपए की ठगी गई धनराशि वापस कराई। ग्राम झरावटा निवासी अशोक पुत्र खिलान के मोबाइल को साइबर अपराधियों ने हैक कर उसके फोन-पे खाते से 20 हजार रुपए की वित्तीय धोखाधड़ी कर ली थी। घटना के बाद पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत प्राप्त होने पर थाना नाराहट पुलिस ने बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेजों का तकनीकी विश्लेषण करते हुए संबंधित बैंक, वित्तीय एजेंसियों और वॉलेट कंपनियों से संपर्क किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धनराशि होल्ड कराकर नियमानुसार पीड़ित के खाते में पूरी रकम वापस कराने में सफलता हासिल की। रुपये वापस दिलाने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दयाशंकर सिंह, उ.नि. दिलीप कुमार व कां.अजय कुमार शामिल रहे।

## बदायूं में गंगा एक्सप्रेसवे पर हादसे, सांड़ से टकराकर पलटी कार

**● दूसरी का टायर फटा, पांच घायल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बदायूं के दातागंज क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार को सुरक्षा व्यवस्था में बड़ी चूक सामने आई, जब एक सांड़ एक्सप्रेसवे पर पहुंच गया। सांड़ से टकराकर एक कार पलट गई। इसके कुछ देर बाद दूसरी कार टायर फटने से हादसे का शिकार हो गई। दोनों हादसों में पांच महिलाएं घायल हो गईं। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दातागंज में भर्ती कराया गया है। घटना ने एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था और फेंसिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहली दुर्घटना डहरपुर गांव के पास टोल प्लाजा-207 के निकट हुई। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज निवासी दीपक श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ मेरठ से लौट रहे थे। उनकी कार तेज रफ्तार से एक्सप्रेसवे पर आगे बढ़ रही थी कि तभी अचानक एक सांड़ सामने आ गया। चालक को संभलने का मौका भी नहीं मिला और कार सीधे सांड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में कार सवार रेशू श्रीवास्तव (45) ,आराधना श्रीवास्तव (20) ,आराध्या श्रीवास्तव (17) गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को दातागंज सीएचसी पहुंचाया गया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दातागंज में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन हादसे के बाद परिवारों और राहगीरों में दहशत है।

**दूसरा हादसा, टायर फटने से पलटी कार**

पहले हादसे के कुछ ही दूरी पर पीछे दूसरा हादसा भी हो गया। जनपद बस्ती से हरिद्वार जा रहा उपाध्याय परिवार एक्सप्रेसवे पर सफर कर रहा था। तभी उनकी कार का टायर फटने से चालक ने तेज ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने से कार अनियंत्रित हो गई और पलट गई। इस हादसे में नीलम उपाध्या और श्रेया उपाध्याय घायल हो गईं। दोनों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**एक्सप्रेसवे की फेंसिंग फेल, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल**

इन हादसों ने गंगा एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि एक्सप्रेसवे के किनारे लगाए गए तारबाड़ (फेंसिंग) कई जगहों पर टूटे, ढीले या अधूरे हैं, जिससे छुट्टा मवेशी आसानी से अंदर घुस आते हैं। तेज रफ्तार वाले इस मार्ग पर यदि जानवरों की




आवाजाही नहीं रोकी गई, तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं।

**इन व्यवस्थाओं को करना जरूरी**

लोगों ने मांग की है कि पूरी फेंसिंग की तत्काल मरम्मत और मजबूती की जाए,संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा बैरियर लगाए जाएं,एक्सप्रेस-वे पर नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। यह घटना केवल एक्सप्रेस-वे तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे बदायूं जिले में छुट्टा मवेशियों की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। शहर हो या गांव, मुख्य मार्गों से लेकर अंदरूनी सड़कों तक मवेशियों का जमावड़ा आम हो गया है। सीओ दातागंज राहुल पांडेय ने बताया कि डहरपुर टोल प्लाजा के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर एक कार छुट्टा मवेशी से टकरा कर पलट गई जबकि एक कार का टायर फट गया जिससे वह पलट गई। हादसे की जानकारी पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। घायलों का सीएचसी दातागंज में उपचार कराया गया है। एक्सप्रेसवे पर पुलिस टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज प्रताड़ना मामले में पति गिरफ्तार, विवाहिता की मौत के बाद पुलिस की कार्रवाई

**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार वाराणसी जनपद के थाना कपसेठी क्षेत्र निवासी लालचंद माली ने 26 मार्च 2026 को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपनी पुत्री नीलम की शादी वर्ष 2020 में ओमप्रकाश माली निवासी कवलापुर, थाना गोपीगंज, भदोही के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति व ससुराल पक्ष द्वारा एक लाख रुपये और सोने की सीकड़ी की मांग को लेकर विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि प्रताड़ना से परेशान होकर विवाहिता ने 26 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे फांसी लगाकर जान दे दी। इस संबंध में थाना गोपीगंज में आरोपी ससुराल पक्ष के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्रवाई के तहत पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी पति ओमप्रकाश माली को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक नथुनी सिंह यादव, आरक्षी श्याम सुहावन और आरक्षी रमेश चंद शामिल रहे।

### जेसीबी ने बाइक सवार को मारा टक्कर पति की मौत पत्नी बेटी घायल

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़बलाय पहाड़ पर यादव ढाबा के पास शनिवार को लगभग 6:00 बजे विपरीत दिशा से आ रही जेसीबी ने बाइक सवार को मारा टक्कर बाइक सवार पति की हुई मौत पत्नी बेटी घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गोपाल प्रसाद मौर्या पुत्र राम सिया मौर्य 28 वर्ष घायल राजकुमारी 27 वर्ष बेटी पूजा मौर्य 13 वर्ष निवासी मोरहना थाना हनुमना जिला मऊगंज अपने बाइक से ससुराल परसिया बेलन बरौधा से अपने घर वापस मोरहना जा रहे थे जैसे ही भैसोड़बलाय पर पहुंचे उसी समय यादव ढाबा के पास विपरीत दिशा से आ रही जेसीबी ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तुरंत एक्सीडेंट का सूचना थाने पर दिए मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया अस्पताल जाते समय रास्ते में बाइक सवार गोपाल प्रसाद मौर्य 28 वर्ष की मौत हो गया वही पत्नी और बेटी घायल हो गई परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वही पत्नी और बेटी का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है मृतक के पास दो बेटियां थी 5 वर्ष की बेटी अपने मां के घर रुक गई थी।

### एक साल बाद पीड़ित को वापस मिले 7500 रुपये, पुलिस की सक्रियता से मिली राहत




**हलिया, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया खुर्द निवासी राजपति के साथ हुए ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पीड़ित को उसकी पूरी धनराशि वापस कराया है। एक वर्ष बाद धनराशि मिलते ही पीड़ित के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03 अप्रैल 2025 को राजपति के साथ 7500 रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। किसी अज्ञात साइबर ठग द्वारा उनके खाते से यह धनराशि निकाल ली गई थी। घटना के बाद पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव के नितृत्व में साईबर सेल में तैनात कास्टेबल विश्वनाथ प्रताप ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संबंधित खातों और लेन देन की पड़ताल की तथा लगातार प्रयास जारी रखा। पुलिस की सक्रियता और सतत प्रयासों के चलते अंत : सफलता हाथ लगी।इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि साइबर अपराधों के मामलों में समय पर शिकायत दर्ज कराना बेहद जरूरी होता है।

# पंचायत सहायक के ऊपर ग्रामीणों ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

● ऑडियो रिकॉर्डिंग पर पंचायत सहायक ने कबूल किया है वसूली।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़वा धनावाल गांव निवासी पूनम शुक्ला पति राम प्रकाश शुक्ला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर बताया कि पंचायत सहायक भुप नारायण पाल राशन कार्ड ऑनलाइन करने के लिए हमसे 5000 लिए हैं मैं शासन से जानना चाहती हूं कि हमारा 5000 किसके लिए लिए हैं हमारा पैसा वापस कराया जाए और उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाए ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को बाहर किए जाने के संबंध में पीड़ित महिला ने मांग किया है साथ ही साथ स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि हर काम के लिए पंचायत सहायक को पैसा चाहिए पैसा ना देने पर पंचायत सहायक काम न करने की धमकी देते हैं कोई काम बिना पैसे का नहीं करना चाहते हैं और पंचायत में धौस जमाते हैं ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को हटाने की ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग करना चाहते हैऑनलाइनम ग्रामीणों ने इस बात का रिकॉर्डिंग रखे हुए हैं कि पंचायत सहायक पैसा लेने की बात ऑडियो रिकॉर्डिंग पर कबूल कर रहा है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया कि यही हाल तमाम लोगों के साथ ग्राम पंचायत में हुआ है राशन कार्ड ऑनलाइन करने के लिए लोग पैसे का इंतजाम करके पंचायत सहायक को देते हैं तब पंचायत सहायक करता है राशन कार्ड ऑनलाइन।



3097

मेरा नाम पूनम शुक्ला मेरे पति का नाम रामप्रकाश शुक्ला ग्राम मडवा धनावल के निवासी हूं राशन कार्ड ऑनलाइन करने के लिए मैं ग्राम रोजगार सहायक ग्राम मडवा धमाल में भूप नारायण पाल नियुक्त हैं राशन कार्ड बनाने के लिए वह हमसे 5000 लिए है मैं शासन से जानना चाहती हूं कि हमारा 5000 किसके लिए लिए हैं हमारा पैसा वापस कराया जाए और के इनके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाए ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को निकाल बाहर किया जाए




## सरदार सेना के बूथ कमांडरों का हुआ सम्मान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** रविवार को चुनार विधानसभा के बूथ कमांडरों का सम्मान समारोह राजदीप महाविद्यालय कैलहट में आयोजित किया गया जिसका संचालन सुनील पटेल फ़ौजी प्रधान महासचिव छुक्क ने किया।सम्मान समारोह को सम्बोधित करते डॉ पटेल ने कहा कि यह लड़ाई सत्ता परिवर्तन से ज्यादा महत्वपूर्ण व्यवस्था परिवर्तन की है जिसमें हमारे सरदार सैनिक व बूथ कमांडर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हम सभी को इस न्यायिक लड़ाई को मिलकर अंजाम तक पहुँचाने का संकल्प लेना होगा जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में चुनार विधानसभा के तीनों ब्लॉक सीखड़ ,नारायणपुर और जमालपुर के सभी बूथों के बूथ कमांडर और सह कमांडर उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरदार सेना के संस्थापक जनहित संकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आर एस पटेल और विशिष्ट अतिथि SWC चेयरमैन एडवोकेट रामलाल पटेल रहे।

इस अवसर सरदार सेना के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अभिषेक पटेल,जनहित संकल्प पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रमेश पटेल, जनहित संकल्प पार्टी प्रदेश कोषाध्यक्ष पीयूष प्रताप पटेल ,जिला अध्यक्ष जनहित संकल्प पार्टी मुकेश पटेल, जिला अध्यक्ष आलोक पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इजहार खान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अजया भारती ,चुनार विधानसभा अध्यक्ष सतीश पटेल, सोनभद्र के प्रभारी रविशंकर पटेल, जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर पटेल, मड़िहान विधानसभा के प्रभारी चंद्रभान सिंह पटेल टिंकू बाबा, चुनार विधानसभा के प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल मुन्ना मैनेजर, राम मनोहर पटेल, संतोष सिंह यादव, दिवाकर सिंह पटेल, प्रतीक पटेल, संजय सिंह पटेल, अभिषेक पटेल, प्रतिक पटेल, आशीष पटेल, शशि प्रकाश, प्रिंस पटेल, शेखर यादव, रूमी खान, रेखा पटेल,गौरव पटेल, योगेंद्र पटेल, जय हिंद पटेल, भास्कर सहित बड़ी संख्या में सरदार सेना के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो दिन पूर्व गायब महिला का मिला शव



**मिर्जापुर, अहरौरा** थाना क्षेत्र के बभनी गांव की महिला अनुराधा 30वर्ष दो दिन पूर्व 1 मई 2026 को सुबह अपने ससुराल बभनी से मायके बैरमपुर, अकेली गई थीं। उसी दिन शाम करीब 6:30 बजे वह बिना बताए घर से कहीं चली गई। रात्रि तक न लौटने पर परिजन परेशान हो गए, और खोजबीन करने लगे। रिश्तेदारों के यहां भी जानकारी न मिलने पर पुलिस को सूचना देकर मदद की गुहार लगाई। परिजनों के अनुसार, रात 9 बजे तक वापस न आने पर उन्होंने आसपास और रिश्तेदारी में काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। थक-हारकर परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस प्रशासन विज्ञापन एवं संचार के माध्यम से खोजबीन के काफी प्रयास किया, लेकिन कहीं सुराग हाथ नहीं लगा। 3 मई की सुबह कुछ ग्रामीणों के द्वारा पुराने कुएं में किसी का शव होने की जानकारी परिजनों को दी गई। आनन फानन में प्रशासन को जानकारी देते हुए परिजन मौके पर पहुंचे और शव का शिनाख्त गुमशुदा अनुराधा के रूप में किया। परिजनों में हाहाकार मच गया। गांव में आत्महत्या और हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे। पुलिस प्रशासन शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जूट गई। जॉच के उपरांत ही स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# स्वास्थ्य अनमोल धन है- मेराज अहमद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** पर्यावरण के प्रति अटूट निष्ठा और स्वस्थ जीवन के संकल्प को आत्मसात करते हुए 'भदोही साइकिलिंग क्लब' द्वारा आयोजित 'विशाल साइकिल यात्रा' रविवार को जन-चेतना का महाकुंभ बन गई। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष व साइकिल मैन भदोही अताउल मुस्तफा अंसारी के ओजस्वी नेतृत्व में निकली इस यात्रा का ध्येय समाज के हर वर्ग को प्रकृति और आरोग्य के प्रति जागरूक करना था। साइकिल मैन भदोही अताउल अंसारी की दूरदर्शी दृष्टि और दृढ़ इच्छाशक्ति का ही प्रताप है कि समाज के हर तबके को एक साझा मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहाँ सभी एक सुर में 'स्वच्छ, हरित और समृद्ध भारत' के निर्माण हेतु इस क्रांति का सारथी बन रहे हैं।

भदोही साइकिलिंग क्लब की इस अभिनव पहल का आगाज़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बड़ा चौराहा से हुआ, जहाँ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस. एस. यादव ने उत्साहपूर्वक हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रियों को रवाना किया। चेतना का यह कारवां शहीद तिराहा, मिर्जापुर रोड से गुजरते हुए ब्राईट इंग्लिश स्कूल, खरहट्टी मोहाल पहुंची। 'यात्रा के ब्राईट इंग्लिश स्कूल, खरहट्टी मोहाल पहुँचते ही वातावरण हर्ष और उल्लास से सराबोर हो गया। यहाँ प्रधानाचार्य मेराज अहमद के नेतृत्व में विद्यालय परिवार ने पलक-पावड़े बिछाकर साइकिल यात्रियों का भव्य स्वागत किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा की गई पुष्पवर्षा और तालियों की गड़गड़ाहट ने न केवल यात्रियों का उत्साहवर्धन किया, बल्कि इस स्वास्थ्य अभियान में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया। अपनों से मिले इस स्नेह और सम्मान ने पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया।' ब्राईट इंग्लिश स्कूल के प्रधानाचार्य मेराज अहमद ने लोगों को समझाते हुए कहा कि 'एक खुशहाल जीवन के लिए दो ही आधार हैं–तंदुरुस्त शरीर और शुद्ध हवा। आज के समय में साइकिल चलाना स्वास्थ्य और प्रकृति दोनों के लिए एक वरदान है। यह न केवल हमारी फिटनेस को बढ़ाता है, बल्कि गाड़ियों के जहरीले धुएं को कम कर पर्यावरण को भी बचा लेता है। आइए, एक नई आदत डालें–आस-पास के कामों के लिए साइकिल का उपयोग करें। कदम बढ़ाएं सेहतमंद खुद के लिए और सुरक्षित धरती के लिए। 'प्रधानाचार्य मेराज अहमद ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को आगे बढ़ाया, जिससे सभी प्रतिभागियों में जोश भर गया।




# वाराणसी में लहराया मीरजापुर के रक्तदाताओ का परचम

● 23 रक्तदाताओ ने कैंसर मरीजो के लिए एसडीपी (प्लेटलेट्स) दान कर दिया मानवता का परिचय

● विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के सचिव अभिषेक साहू अपना सौवा रक्तदान कर बने मीरजापुर के प्रथम शतकवीर रक्तवीर

● लखनऊ, वाराणसी, गाजीपुर एवं फर्रुखाबाद से आये रक्तदाताओ ने भी किया एसडीपी दान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** वाराणसी रविवार रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही जिले की अग्रणी संस्था विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट ने अपने सचिव अभिषेक साहू के जन्मदिवस (5 मई) के पूर्व वाराणसी स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल में एसडीपी (प्लेटलेट्स) दान के लिए शिविर लगाया जहां 23 रक्तदाताओ ने एसडीपी (प्लेटलेट्स) दान कर कैंसर मरीजों के प्रति अपने मानवता का फर्ज निभाया। वैसे कुल 25 रक्तदाताओ ने पंजीयन कराया था लेकिन स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात 23 लोग ही एसडीपी दान कर पायें। एसडीपी दान करने वालों में संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी, उपाध्यक्ष शिव कुमार शुक्ल, सचिव अभिषेक साहू सहित विनय कुमार, मोहित सिंह, रोहित जैन, कीरत सिंह, आदित्य बरनवाल, जगन्नाथ कसेरा,पंकज जायसवाल, दीपक जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, बालकिशन कसेरा (बाला जी) सम्मिलित रहें।

काशी रक्तदान नेत्रदान कुटुम्ब, वाराणसी के अध्यक्ष नीरज पारिख, सचिव राजेश कुमार गुप्ता सहित प्रदीप इसरानी, नामित पारिख एवं आशीष केसरी ने एसडीपी दान किया। इसके अलावा लखनऊ से आये इंजीनीयर राजीव गोयल, फर्रुखाबाद से आये पंकज अग्रवाल, अमित कटियार तो गाजीपुर से आये शीर्षदीप सिंह एवं एहतेशाम आलम भी एसडीपी दान करने वालों मे सम्मिलित रहें। इस एसडीपी दान के साथ अभिषेक साहू ने अपने रक्तदान का शतक पुरा किया और वो मीरजापुर के पहले शतकवीर रक्तवीर बने जो संस्था के साथ ही पुरे मीरजापुर के लिए गौरवान्वित करने वाला ऐतिहासिक पल है। रक्तदान के पूर्व संस्था के तरफ से उन्हें शतकवीर रक्त योद्धा लिखा टीशर्ट एवं अंगवस्त्र पहनाकर शुभकामनाए दी गई और रक्तदान के दौरान स्मृति चिन्ह प्रदान कर बधाई भी दी गई। रक्तदान के पहले अभिषेक साहू ने अपने जन्मदिवस (5 मई) के पूर्व दिवस पर केक काटा। इस दौरान विंध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के शशांक गुप्ता सहित मनीष पाल, सत्य प्रकाश आर्या भी उपस्थित रहें।



## मिर्जापुर में सड़क हादसे में औराई के युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**भदोही।** औराई कोतवाली क्षेत्र के सहसेपुर गांव निवासी 26 वर्षीय शिवम केसरी की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा रविवार रात करीब 10 बजे मिर्जापुर जनपद के चिल्ह थाना क्षेत्र स्थित मिर्जापुर पुल पर हुआ। बताया जाता है कि शिवम केसरी दुकान का सामान लेकर टीवीएस लूना से घर लौट रहे थे, तभी एक स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची चिल्ह थाना पुलिस ने उन्हें तत्काल मिर्जापुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के बड़े भाई विजय केसरी समेत गांव के लोग वाराणसी पहुंच गए। शिवम के पिता सुरेश केसरी मुंबई में रहकर नौकरी करते हैं। शिवम अपने बड़े भाई के साथ गांव में परचून, जूते और कॉस्मेटिक की दुकान चलाते थे। उनकी शादी करीब 16 महीने पहले अनु से हुई थी। उनकी पत्नी इस समय आठ माह की गर्भवती हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# हाईकोर्ट से मिली अनुमति, 10 मई को लगेगा गाजी मियां का ऐतिहासिक मेला



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद भदोही में हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक माने जाने वाले हजरत सैयद सालार मसूद गाजी उर्फ गाजी मियां के ऐतिहासिक मेले के आयोजन को लेकर माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति मिल गई है। इसके बाद मेला आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। भदोही विधायक जाहिद बाग ने पूर्व में जिलाधिकारी से मिलकर मेले को सकुशल संपन्न कराने की मांग की थी। रविवार को उन्होंने मर्यादापट्टी स्थित गाजी मियां के आस्थाने पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बताया गया कि हर वर्ष जेठ माह में आयोजित होने वाला यह मेला इस बार 10 मई को प्रस्तावित है। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग एक लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग जहां गाजी मियां के रौजे पर फातिहा पढ़ते हैं, वहीं बड़ी संख्या में हिंदू श्रद्धालु भी यहां पहुंचकर माथा टेकते हैं और मन्नतें मांगते हैं।

मेला कमेटी के अध्यक्ष नुरैन खां ने बताया कि न्यायालय का निर्णय प्राप्त होने के बाद प्रशासन को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी से न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। यह मेला क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द का प्रतीक माना जाता है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## मीरजापुर प्रेस क्लब ट्रस्ट चुनावः अनुज श्रीवास्तव बने नए अध्यक्ष, नितिन अवस्थी चुने गए सचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर** रविवार को दोपहर 12 बजे नगर के कटरा बाजीराव स्थित एक निजी होटल में मीरजापुर प्रेस क्लब ट्रस्ट की महत्वपूर्ण चुनावी बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में अनुभवी और सक्रिय पत्रकारों की उपस्थिति में संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकार हितों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

चुनावी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी आकाश दूबे की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव में एबीपी न्यूज के जिला संवाददाता अनुज श्रीवास्तव को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार दैनिक भास्कर के जिला संवाददाता नितिन अवस्थी को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष पद पर मनीष रावत और दीपक मिश्रा चुने गए। न्यूज 18 के मुकेश पांडेय को मीडिया प्रभारी और प्राइम टीवी के जिला संवाददाता समर चंद शर्मा को उप सचिव बनाया गया।आमंत्रित सदस्यों के रूप में मनीष त्रिपाठी (जिला संवाददाता) भारत अपडेट, सूरज उपाध्याक्ष ( जिला संवाददाता) नेटवर्क 10 शिवबली राजपूत ( जिला संवाददाता) विंध्य ज्योति को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राजेश कुमार मिश्र (जिला संवाददाता) जी न्यूज मीरजापुर ने कहा कि मीरजापुर प्रेस क्लब ट्रस्ट पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि नई टीम से अपेक्षा है कि वह निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता को आगे बढ़ाएगी तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाएगी। पूर्व सचिव राजकुमार उपाध्याय और सह सचिव रामलाल साहनी ने नए पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत किया।



इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव ने कहा कि ट्रस्ट को पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखते हुए पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। सचिव नितिन अवस्थी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि ट्रस्ट पारदर्शिता और एकजुटता के साथ आगे बढ़ेगा। ट्रस्ट से जुड़े वरिष्ठ सदस्य राकेश द्विवेदी ने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और उसकी जिम्मेदारी है कि वह सच को सामने लाए। उन्होंने नई कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई कि वह आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाएगी। कोषाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अमरेश मिश्र ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूरे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार आकाश दुबे ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें प्रत्येक दूसरे माह में ट्रस्ट की नियमित बैठक आयोजित करना। महापुरुषों की जयंती के अवसर पर तथा सामाजिक चेतना, पर्यावरण, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर गोष्ठियां आयोजित करना। पत्रकारों के हितों जैसे मुद्दों पर विचार कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए कार्य योजना तैयार करना तथा संगठन को सशक्त रूप मजबूत करने के लिए संकल्प भी लिया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार समीर वर्मा,पवन तिवारी, जय प्रकाश पटेल, संतोष ऊमर, अखिलेश मिश्र, अमित कुमार तिवारी, बद्री अग्रहरि, एस एम सबा सहित कई अन्य गणमान्य पत्रकार उपस्थित रहे।

## बंद कमरे में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

● पुलिस-फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा धुरिया, मादाचक में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे बंद कमरे से 26 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई।सूचना मिलते ही थाना अहरौरा पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान अशोक यादव उर्फ डब्बू पुत्र राम सूरत यादव, निवासी ग्राम सरेसर, थाना अलीनगर, जनपद चंदौली के रूप में हुई है। मृतक टी-शर्ट और सफेद पैंट पहने हुए था।

मौके से मिले अहम सुराग।कमरे की तलाशी के दौरान पुलिस को शराब की बोतल, चार गिलास और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। मौके पर चार गिलास मिलने से पुलिस को आशंका है कि घटना के समय मृतक के साथ तीन अन्य लोग भी मौजूद थे। हालांकि प्रथम दृष्टया मृतक के शरीर पर कोई जाहिर चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई थाना अहरौरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास के लोगों और क्रशर प्लांट पर काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। वहीं क्षेत्रा अधिकारी ऑपरेशन मिर्जापुर का कहना है कि अहरौरा क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति के मृत अवस्था में होने की सूचना थाने पर प्राप्त हुई है।अहरौरा पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचा गया मृतक की पहचान कराया गया प्रथम दृष्टि मृतक के शरीर पर कोई जाहीर चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। थाना अहरौरा पुलिस द्वारा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के भिजवाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




## सुंदर कांड ,हनुमान चालीसा एवं भंडारे का आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** श्री राघवेंद्र रामलीला नाटक समिति द्वारा संचालित प्रत्येक शनिवार को रामलीला मंच पर होने वाले श्री हनुमान चालीसा पाठ के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात प्रसाद वितरण भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला,पुरुष एवं बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि कालीन प्रत्येक शनिवार की भांति संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस अवसर पर श्री राघवेंद्र रामलीला कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर पांडे, महामंत्री संजय साहू, पूर्व अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा बच्ची, ब्रह्मानंद कुशवाहा, सौरभ पुजारी, चंद्रहास गुप्ता, महेंद्र साहू, विनय गुप्ता, अनिल गुप्ता, महेंद्र वर्मा, बृजनंदन कुशवाहा, अमित गुप्ता, अमित सिंह पटेल, नीलेश गुप्ता, झब्बूलाल गुप्ता, पवन जायसवाल, डब्लू मिश्रा, मुन्ना बिंद, प्रमोद शर्मा, सुनील गुप्ता, कपिल गुप्ता, आशीष सिंह, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बिधनू थाना क्षेत्र में स्थित होटल के कमरे में युवक का शव पड़ा मिला

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना बिधनू क्षेत्र में स्थित होटल के कमरे में युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला, साथियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फारैसिक टीम बुलाकर घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा हैं,, पुलिस जांच में सामने आया है कि देर रात सड़क हादसा के बाद तीनों होटल में रुके थे,,सिर पर चोट लगने से युवक की मौत हो गई,, आपको बताते चलें कि युवक हमीरपुर जिले के भरूआ सुमेरपुर के मोहल्ला लखनपुरवा निवासी दयाराम वर्मा ने बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा संदीप कुमार बिदकीं में होटल मैनेजमेंट का काम करता था वह शुक्रवार शाम अपनी ससुराल साढ़ थाना क्षेत्र के हरिपुर निवासी राजेंद्र के यहां पर आए थे,इस दौरान वह गांव के रहने वाले सवेश और आशीष के साथ निजी काम से बाइक से कानपुर गए थे।

## जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के लिए कमल के फूल पर मतदान करने का स्थानीय लोगों से किया अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** रविवार को नगर पालिका परिषद मीरजापुर के वार्ड संख्या 36 बुंदेलखंड के उपचुनाव में भाजपा मीरजापुर के यशस्वी जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी ने भाजपा प्रत्याशी नितिन केसरवानी के साथ मिलकर वार्ड के विभिन्न मोहल्लों में घर - घर जनसंपर्क किया एवं भाजपा प्रत्याशी के लिए कमल के फूल के निशान पर मतदान करने का स्थानीय लोगों से अपील किया । इस दौरान नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरदिन्दुमणि त्रिपाठी हेमन्त, उदयभान तिवारी, गौरव उमर, जिला मंत्री संध्या सिंह पटेल, जिला सह कोषाध्यक्ष महेंद्र जायसवाल, जिला सह मीडिया प्रभारी शुभम जायसवाल, जिला कार्यसमिति सदस्य विरेन्द्र कुमार मौर्य वीरू, सोनम चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष नितिन विश्वकर्मा, जिलामंत्री भाजयुमो अभिनव प्रताप सिंह, सुशील मुसद्दी, पूनम केसरी, शिखा अग्रवाल, निवर्तमान सभासद संजय जायसवाल, विशाल मालवीय, जिला संयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा प्रिंस अहमद, महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा मुजम्मिल अहमद, सनी सिंह, युवा मोर्चा के साथी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया सह प्रभारी रतन कुमार सिंह ने दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### कालिन्दीपुरम में बेखौफ चोरों का तांडव: घर में घुसकर 7.30 लाख नकद व जेवरात चोरी



**धूमनगंज/प्रयागराज।** धूमनगंज थाना क्षेत्र के कालिन्दीपुरम् इलाके में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जिसने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। बेखौफ चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए करीब 7.30 लाख रुपये नगद और भारी मात्रा में सोने-चाँदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हृष्ष्र नगर कालिन्दीपुरम् निवासी अजहर अब्बास पुत्र मोहम्मद जब्बार ने बताया कि शनिवार की रात उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं। वह देर रात करीब 12:30 बजे घर लौटे और अपने कमरे में जाकर सो गए। सुबह उठने के बाद जब उन्होंने घर के दूसरे कमरे का दरवाजा खोला, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में रखी दो अलमारियों के ताले टूटे हुए थे और उनमें रखी नगदी व कीमती जेवरात गायब थे। चोर बड़ी ही सफाई से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने करीब 7.30 लाख रुपये नकद के अलावा सोने-चाँदी के आभूषण भी चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस गश्त की कमी के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### संगठित रहो निष्ठा से काम करो अपने अधिकारों के प्रति सतर्क रहो- पंकज पांडे

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट




**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर आयोजित अवकाश प्राप्त इफको कर्मचारियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए इफको एम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पांडे ने कहा है कि आज इफ़को फूलपुर इकाई सफलता का जो परचम लहरा रहा है उसमें हमारे अवकाश प्राप्त कर्मचारियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है ।अपने जिंदगी का सबसे कीमती




समय उन्होंने नींव के पत्थर की तरह काम करके खपा दिया जिस पर प्लांट खड़ा है । पांडे ने कहा हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब यहां इफको का निर्माण हो रहा था तो इन्हीं कर्मचारियों ने अपना खून पसीना बहा कर नींव के पत्थर को मजबूत किया जिसमें बहुत से लोगों ने अपने जीवन की भी कुर्बानी दी। जिससे उनके इतिहास को बुलाया नहीं जा सकता। आज जब उनके 60 साल की उम्र के बाद अवकाश लेने की बारी आ गई तो इफ़को इंप्लाइज यूनियन का यह कर्तव्य बन जाता है कि हम उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दें ।और जब भी उन्हें आवश्यकता पड़े मदद के लिए तैयार रहें। यह तभी संभव हो सकेगा जब हम संस्था के काम को निष्ठा पूर्वक करते हुए अपने अधिकारों के प्रति संगठित रहकर सतर्क रहेंगे । उन्होंने कहा कि जब-जब हमारा संगठन कमजोर होगा तब तक प्रबंधन कहीं न कहीं छोटी-छोटी गलती पर भी हमें प्रताड़ित करेगा इसलिए हमें अपने काम के प्रति सतर्क रहना पड़ेगा । इस अवसर पर महामंत्री विजय यादव ने कहा जो अपना खून पसीना बहाकर नींव का पत्थर बने वहीं मजदूर कहलाता है। इसका योगदान कभी भी नहीं बुलाया जा सकता। दुनिया का कोई ऐसा मुल्क नहीं है जहां के निर्माण और विकास में मजदूर का सर्वाधिक योगदान ना रहा हो। इसलिए हम श्रम दिवस पर बार-बार अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सतर्क होकर एक जुट रहे और जो हमारे बीच से अवकाश प्राप्त कर रहे हैं उनका सदैव सम्मान करते रहें । उल्लेखनीय है कि इसको कर्मचारी यूनियन कई वर्षों से श्रम दिवस पर अपने अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन करती आ रही है दूसरे भी संस्थाओं के लोगों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बन सकेगा। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारी के अलावा ए भारी संख्या में कर्मचारी संघ भवन पर उपस्थित थे।

# फलता सीट के सभी बूथों पर 21 को फिर वोटिंग

**● चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर पूरे क्षेत्र में 21 मई को पुनर्मतदान का आदेश दिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज-** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फलता विधानसभा सीट पर पूरे क्षेत्र में 21 मई को पुनर्मतदान का आदेश दिया है। आयोग ने 29 अप्रैल को दूसरे और अंतिम चरण में हुए मतदान के दौरान गंभीर चुनावी अपराधों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने का हवाला दिया। हालांकि यह आदेश काफी देर से आया है, क्योंकि शनिवार को ही दो विधानसभा क्षेत्रों में पुनर्तमतदान हो चुका है। लेकिन फलता में दो दिन से हो रहे प्रदर्शन के बाद चुनाव आयोग ने फैसला लिया। यहां पर बीजेपी आरोप लगा रही थी कि टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने 29 अप्रैल को मतदान के दौरान गड़बड़ की है। चुनाव आयोग ने शनिवार को जारी आदेश में फलता विधानसभा क्षेत्र की सभी 285 मतदान केंद्रों (सहायक केंद्रों सहित) पर पुनर्मतदान कराने का फैसला लिया है। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। फलता में पुनर्मतदान के वोटों की गिनती 24 मई को की जाएगी, जबकि बाकी सभी सीटों के मतों की गिनती सोमवार 4 मई को तय है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव दो चरणों में हुए थे। 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को। चुनाव आयोग के अनुसार, फलता में मतदान के दौरान इतनी गंभीर घटनाएं हुई कि पूरे क्षेत्र का मतदान रद्द कर पुनर्मतदान जरूरी हो गया है। आयोग ने इसे लोकतंत्र की प्रक्रिया को नुकसान करने की घटना बताया। लेकिन चुनाव आयोग इस बात पर मौन है कि उसे यह बात देर से क्यों समझ में आई और आदेश इतनी देरी से क्यों आया। फलता में दिनभर भारी विरोध प्रदर्शन देखा गया। स्थानीय लोगों ने तृणमूल कांग्रेस (TMC) कार्यकर्ताओं पर धमकी देने का आरोप लगाया। एएनआई के वीडियो में स्थानीय लोग सुरक्षा बलों से बहस करते दिखे। महिलाओं सहित कई लोग सड़कों पर उतरे और अपनी सुरक्षा की मांग की। एक महिला ने कहा, 'TMC के इसराफिल चौकीदार ने हमें धमकी दी है कि अगर ये लोग जीत गए तो हमारे घर जलाकर खून-खराबा करेंगे।' एक अन्य महिला ने आरोप लगाया, 'हमने ॠख्ष्ट को वोट दिया था, फिर भी उन्होंने हम पर हमला किया। हम चाहते हैं कि उन्हें गिरफ्तार किया जाए और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।' चुनाव आयोग को दूसरे चरण के मतदान के दौरान कम से कम 77 शिकायतें EVM tamperinङ की मिली थीं। कुछ EVM बटनों पर एडहेसिव टेप चिपकाया गया या स्याही से काला कर दिया गया, जिससे मतदाता अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट नहीं दे पाते। कुछ मामलों में बटनों पर इत्र लगाया गया था ताकि दबाने वाले की पहचान हो सके। इसीलिए चुनाव आयोग ने इन गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए फलता सीट पर पूर्ण पुनर्मतदान का फैसला लिया है ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित हो सके। शनिवार शाम 5 बजे तक दो विधानसभा क्षेत्रों में हुए पुनर्मतदान में कुल मिलाकर 86.9% मतदान दर्ज किया गया है। हालांकि इस मतदान प्रतिशत में अभी बदलाव होगा। चुनाव आयोग ने अभी अंतिम मतदान प्रतिशत घोषित नहीं किया है। डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में 87.6% और मगराहट पश्चिम में 86.11% मतदान हुआ है। बारिश के बीच राज्य विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान लंबी लाइनें देखी गई। दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में एक मतदान केंद्र के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारें लगीं। 29 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में कथित छेड़छाड़ की खबरों के बाद ईसीआई के निर्देशों के बाद दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 15 बूथों पर पुनर्मतदान भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच समाप्त हुआ।

## पानी की आपूर्ति बंद करने के आरोप में भाजपा उम्मीदवार और उसके पिता गिरफ्तार

**● स्थानीय चुनाव में हार के बाद पानी की आपूर्ति बंद करने के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** गुजरात के भरूच जिले के एक गांव में हजारों निवासियों की पीने के पानी की आपूर्ति लगभग चार दिनों तक बाधित रही, जिसका कारण कथित तौर पर पंचायत चुनाव में भाजपा के उस उम्मीदवार की हार थी, जिसके पिता उस समिति के प्रमुख हैं जो जल आपूर्ति को नियंत्रित करती है। शनिवार को जिला पुलिस ने खालिद मलिक और उनके बेटे शकील मलिक को गिरफ्तार किया। शकील मलिक स्थानीय भाजपा नेता हैं और जाम्बूसर तालुका पंचायत चुनाव में कवि-2 (देहगाम) सीट से हार गए थे। बाद में दोनों को जमानत पर रिहा कर दिया गया। लगभग 10,000 की आबादी वाले देहगाम गांव में 28 अप्रैल को पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी, उसी दिन गुजरात में स्थानीय स्वशासन निकायों के 26 अप्रैल को हुए चुनावों के परिणाम घोषित किए गए थे। शुक्रवार शाम को पुलिस के हस्तक्षेप के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई।

इन चुनावों में भाजपा ने गुजरात भर में अधिकांश स्वशासी निकायों में जीत हासिल की, और 22 सीटों वाली जंबूसर तालुका पंचायत में भाजपा ने 14 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की। कांग्रेस ने छह सीटें जीतीं, जबकि आम आदमी पार्टी और एक निर्दलीय उम्मीदवार ने एक-एक सीट जीती। हार के बाद, शकील और उसके पिता कथित तौर पर गांव में तलवारें लहराते हुए घूमे और निवासियों को धमकी दी कि उन्हें पीने का पानी नहीं मिलेगा। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। वीडियो की पुष्टि के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया।

## बुरे फंसे पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर!

**● गैरजमानती वारंट हुआ जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मऊ जिले से एक अहम कानूनी कार्रवाई सामने आई है, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (MP-MLA) डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह की अदालत ने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के खिलाफ गैरजमानती वारंट (NBW) जारी कर दिया है। यह मामला लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान दिए गए एक विवादित बयान से जुड़ा हुआ है, जिसमें उन पर भाजपा नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल करने और धमकी देने का आरोप है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, साल 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान रतनपुरा बाजार में एक जनसभा आयोजित की गई थी। इस सभा में ओमप्रकाश राजभर ने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (BJP) के नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। इतना ही नहीं, उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने मंच से जूता मारने जैसी धमकी दी थी, जो कानून व्यवस्था और आचार संहिता दोनों के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इस मामले में काफी समय से अदालत में सुनवाई जारी है। केस स्ब्क्र स्ब्र कोर्ट में विचाराधीन है, जहां जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की सुनवाई होती है। अदालत ने कई बार ओमप्रकाश राजभर को पेश होने के लिए तलब किया था, लेकिन वह लगातार अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे थे। उनकी अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने आखिरकार सख्त रुख अपनाया।बार-बार समन और निर्देशों के बावजूद कोर्ट में पेश न होने पर न्यायालय ने इसे अवमानना जैसा मानते हुए गैरजमानती वारंट जारी करने का फैसला लिया। इस मामले ने राजनीतिक गलियारों में भी हलचल पैदा कर दी है। एक ओर जहां विपक्ष इस कार्रवाई को कानून का पालन सुनिश्चित करने वाला कदम बता सकता है, वहीं समर्थक इसे राजनीतिक दबाव का हिस्सा भी बता सकते हैं। हालांकि, अदालत का रुख साफ है कि कानून के सामने सभी समान हैं और जनप्रतिनिधियों को भी न्यायिक प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। अब नजर इस बात पर है कि ओमप्रकाश राजभर कब तक अदालत में पेश होते हैं और इस मामले में उनकी ओर से क्या कानूनी दलील दी जाती है।

### प्रयागराज में अधिवक्ता की दर्दनाक मौत

**(प्रयागराज)।** ग्राम पंचायत सरायगनी के मजरा गांव जादीपुर में शनिवार की देर रात लगभग दो बजे गिट्टी लदे डंपर ने एक अधिवक्ता को चपेट में ले लिया। डंपर के बंपर में बाइक समेत फंसे अधिवक्ता करीब 15 मीटर तक घसीटते चले गए। डंपर भी पलट गया। करीब एक घंटे की कोशिश के बाद डंपर के बंपर में फंसे अधिवक्ता को जैसे-तैसे निकालकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर डंपर चालक की तलाश कर रही है। मऊआइमा थानांतर्गत के ग्राम पंचायत गमरहटा निवासी 37 वर्षीय अधिवक्ता शरद यादव शनिवार देर रात निमंत्रण में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह ग्राम पंचायत सरायगनी के मजरा गांव जादीपुर के सामने पहुंचे थे कि मोड़ पर सामने से डंपर आ गया। बाइक सवार शरद को जोरदार टक्कर मार दिया। बंपर में अधिवक्ता बाइक समेत फंस गए और करीब 15 मीटर तक घिसटते चले गए। इसके बाद डंपर भी पलट गया।चालक डंपर से कूदकर भाग निकला। खबर पाकर बहरिया थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। बंपर में फंसे अधिवक्ता को काफी कोशिश के बाद निकाला। हेलमेट लगाने की वजह से उनके सिर तो नहीं फटा, लेकिन शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैलहा ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हें एसआरएन अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उन्हें यहां लाया गया।डॉक्टरों की स्थिति काफी नाजुक बताई, जिस पर स्वजन एंबुलेंस से उन्हें लखनऊ स्थित अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन ऊंचाहार के पास शरद यादव ने दम तोड़ दिया।

## सांसद अफजाल अंसारी को हाईकोर्ट से 15 दिन की अंतरिम राहत

**● गिरफ्तारी जैसी कार्रवाई पर रोक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजीपुर से सपा सांसद अफजाल अंसारी को बड़ी राहत देते हुए 15 दिनों तक किसी भी तरह की सख्त कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह राहत उस मामले में दी गई है। जिसमें उन पर गांजा को वैध करने की बात कहने का आरोप है। कोर्ट ने उन्हें आगे की राहत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने को कहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा सांसद अफजाल अंसारी को अस्थायी राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की दमनात्मक कार्रवाई पर 15 दिनों के लिए रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। जिसमें अंसारी ने अपने खिलाफ दाखिल आरोप पत्र और ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी समन को चुनौती दी थी। पूरा मामला गाजीपुर जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र से जुड़ा है। साल 2024 में दर्ज एक एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि अफजाल अंसारी ने एक टीवी डिबेट के दौरान गांजा को धार्मिक संदर्भ में जोड़ते हुए उसे वैध घोषित करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि साधु-संत इसे प्रसाद के रूप में लेते हैं। और महाकुंभ जैसे आयोजनों में इसका उपयोग आम है। ऐसे में इसे गैरकानूनी क्यों माना जाए। इस बयान के बाद कई साधु-संतों ने आपत्ति जताई थी और विरोध भी दर्ज कराया था। विवाद बढ़ने पर अंसारी ने सार्वजनिक रूप से माफी भी मांग ली थी। लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने उनके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच पूरी कर आरोप पत्र अदालत में पेश कर दिया। ट्रायल कोर्ट ने आरोप पत्र को स्वीकार करते हुए उन्हें पेश होने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान अंसारी के वकील ने कोर्ट से अपील की कि उन्हें ट्रायल कोर्ट में अग्रिम जमानत या अन्य राहत के लिए आवेदन करने का समय दिया जाए। राज्य सरकार की ओर से इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने 15 दिनों की अंतरिम राहत देते हुए कहा कि इस दौरान उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि यदि अंसारी ट्रायल कोर्ट में कोई अर्जी दाखिल करते हैं। तो उस पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार जल्द फैसला किया जाए। अब इस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया ट्रायल कोर्ट में ही तय होगी।

## गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा: दो प्रतियोगी छात्र डूबे

**● एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** शहर के शिवकुटी क्षेत्र स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर घाट पर शनिवार देर शाम गंगा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। दोस्तों के साथ स्नान करने पहुंचे दो प्रतियोगी छात्र गंगा की तेज धारा में डूब गए। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और साथियों में चीख-पुकार मच गई। मृतक और लापता छात्रों की पहचान लखीमपुर खीरी निवासी अधीर रंजन सिंह और हिमांशु पाण्डेय के रूप में हुई है। दोनों प्रयागराज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। शनिवार शाम वे अपने दोस्तों के साथ कोटेश्वर महादेव मंदिर के सामने घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आकर दोनों असंतुलित हो गए और देखते ही देखते नदी में डूब गए। घटना के समय मौजूद उनके साथियों ने तत्काल उन्हें बचाने का प्रयास किया और मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन गंगा का तेज बहाव उनके प्रयासों पर भारी पड़ गया। कुछ ही क्षणों में दोनों छात्र पानी में समा गए और नजरों से ओझल हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, जल पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। शनिवार देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन अंधेरा और तेज धारा के कारण कोई सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद रविवार सुबह दोबारा अभियान शुरू किया गया। गोताखोरों ने तलाश के दौरान कुछ ही देर में एक छात्र का शव बरामद कर लिया, जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। हालांकि दूसरे छात्र की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस और जल पुलिस की टीम लगातार



गंगा में सर्च ऑपरेशन चला रही है। इस हादसे की खबर मिलते ही दोनों छात्रों के परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना ने एक बार फिर गंगा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था और सतर्कता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से घाटों पर सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने और चेतावनी संकेत लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

### रेहडी-पटरी दुकानदारों को मारी टक्कर, नाबालिग चालक फरार

**प्रयागराज।** थाना पूरामुक्ति की बेगम बाजार चौकी क्षेत्र अंतर्गत हैप्पी होम के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे लगे रेहडी-पटरी दुकानदारों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे खड़े ठेले व दुकानों में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई, हालांकि कुछ लोगों को हल्की चोटें आने की भी सूचना है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि कार में सवार युवक नाबालिग थे, जो हादसे के बाद मौके से भाग निकले। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और लोगों ने इस तरह की लापरवाही पर नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

## सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**● प्रशासन ने कब्जा कराया खाली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हंडिया/ प्रयागराज।** सराय ममरेज गांव में रविवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग और कब्जों को ध्वस्त कर दिया। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह अभियान चलाया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि सराय ममरेज में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं। साथ ही कुछ लोगों द्वारा अस्थायी निर्माण कर कब्जा भी कर लिया गया था। शिकायतों की जांच के बाद राजस्व विभाग ने कार्रवाई की योजना तैयार की। रविवार को राजस्व टीम, पुलिस बल और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। अधिकारियों की मौजूदगी में अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया और कब्जे में ली गई जमीन को खाली कराया गया। इस दौरान प्रशासन ने लोगों को चेतावनी भी दी



कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे, ताकि किसी प्रकार का विरोध या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। हालांकि कुछ स्थानीय लोगों ने हल्का विरोध जताया, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। नायब तहसीलदार ने बताया कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अवैध प्लाटिंग या कब्जे में शामिल न हों, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया है।

## पत्नी की हत्या कर पति ने लगाई फांसी

**● अवैध संबंध के विवाद में दो मौतें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज /कौंधियारा।** थाना क्षेत्र के गढ़वा कला गांव में रविवार को एक हृदयविदारक और सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है। मृतकों की पहचान अनिल तिवारी और उनकी पत्नी पूर्णिमा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। ग्रामीणों और परिजनों के अनुसार, पत्नी के किसी अन्य पुरुष से कथित अवैध संबंध को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। रविवार को विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि अनिल तिवारी ने गुस्से में आकर पत्नी पूर्णिमा की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद उसने खुद को फंदे से लटकाकर अपनी जान दे दी। काफी देर बाद जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए और उन्होंने आक्रोश जताते हुए हंगामा किया। स्थिति को संभालने के लिए एसीपी कौंधियारा के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जो घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने में लगी रही। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर घरेलू विवादों के खतरनाक रूप लेने की ओर इशारा किया है। गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

### कार्यों में लापरवाही बरतने पर अधिकारियों, लेखपालों के विरूद्ध की गयी कार्रवाई

**ब्यूरो प्रयागराज-** उप जिलाधिकारी बारा के द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील बारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 199 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 08 का त्वरित निस्तारण किया गया। समाधान दिवस मेंह्य एडीओ समाज कल्याण, एडीओ सहकारिता, थानाध्यक्ष बारा, थानाध्यक्ष कौंधियारा, थानाध्यक्ष शंकरगढ़ एवं थानाध्यक्ष घूरपुर, सहायक अभियंता लघुसिंचाई एवं बाढ़ प्रखण्ड, सीडीपीओ शंकरगढ़ व जसरा के अनुपस्थित रहने पर उनका स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए है। तहसील फूलपुर- उप जिलाधिकारी फूलपुर के द्वारा अवगत कराया गया है कि तहसील फूलपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 333 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 07 का त्वरित निस्तारण किया गया। तहसीलदार हण्डिया ने लेखपाल गिरजाशंकर-क्षेत्र भेल्सी को फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में लापरवाही बरतने तथा शासकीय कार्यों के प्रति घोर शिथिलता लापरवाही बरतने के लिए 'घोर निंदा' की है। तहसील कोरांव- तहसीलदार कोरांव में कुल 270 आवेदन प्राप्त हुए तथा 08 आवेदन पत्रों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

## जेसीबी खुदाई में दबकर मजदूर की दर्दनाक मौत

**● चालक व ठेकेदार फरार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** मीरपुर ककराह घाट के पास पाइपलाइन निर्माण कार्य के दौरान रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जेसीबी मशीन से खुदाई करते समय मिट्टी धंसने से एक मजदूर दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद जेसीबी चालक, मशीन मालिक और ठेकेदार मौके से फरार हो गए, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान गया प्रसाद पाल, पुत्र राम कृपाल, निवासी थाना बहरिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पाइपलाइन बिछाने के काम में मजदूरी कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जेसीबी से गहरी खुदाई की जा रही थी, तभी अचानक मिट्टी का बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और



पास में काम कर रहे गया प्रसाद उसकी चपेट में आ गए। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद अन्य मजदूरों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद जेसीबी चालक और ठेकेदार मौके से फरार हो गए, जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और लापरवाही को लेकर विरोध जताने लगे। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर निर्माण कार्यों में सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी को उजागर कर दिया है, जिससे मजदूरों की जान जोखिम में पड़ रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सियाराम कुमार भारती एवं पूजा कुमारी ने मनाई शादी की सिल्वर जुबली अयोध्या धाम में हुआ भव्य आयोजन



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के ग्राम पंचायत जवनपुर अंतर्गत मध्यगोपाली निवासी समाजसेवी सियाराम कुमार भारती एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा कुमारी (शिक्षिका) के सफल दांपत्य जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सिल्वर जुबली समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस विशेष अवसर पर दंपति ने केक काटकर अपनी शादी की वर्षगांठ का उत्सव मनाया और एक-दूसरे के प्रति प्रेम व सम्मान का भाव व्यक्त किया। यह शुभ आयोजन श्रीराम मंदिर, अयोध्या धाम में संपन्न हुआ, जहां धार्मिक वातावरण में समारोह को और भी विशेष बनाया गया। कार्यक्रम में बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, ग्राम पंचायत झापा की पूर्व मुखिया पूर्णिमा देवी, निधि कुमारी गुप्ता (निजी सचिव, दिल्ली), उमेश कुमार गुप्ता, शिक्षिका ऋतिका कुमारी, अजय कुमार गुप्ता, हर्ष कुमार गुप्ता, सौम्या रानी, आर्यन, आर. वी., युगल साव, गीता देवी, केशरी नायक एवं महावीर प्रसाद गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने दंपति को उनके सुखद वैवाहिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### जदयू नेता निशांत कुमार को यात्रा की सफलता के बधाई एवं शुभकामनाएं

**विकसित बिहार की सपना सरकार करने के लिए सद्भाव यात्रा पर निकले**



**गोपालगंज,(बिहार )-** विकसित बिहार के सपना साकार करने के लिए सद्भाव यात्रा पर निकले जदयू नेता ईश निशांत कुमार की यात्रा की सफलता के लिए जनता गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है पटेल ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार के शिल्पकार पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को विकास के शिखर पर पहुंचा है उनके पुत्र निशांत कुमार उनके पद चिन्हों पर चलकर बिहार के चंपारण की पावन धरती से जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मभूमि रही है निशांत कुमार संघर्ष, समर्पण, सेवा और सद्भाव के संकल्प के साथ बिहार के विकास को आगे बढ़ाने के लिए सद्भाव यात्रा पर निकल रहे है उनके साथ बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक उमेश सिंह कुशवाहा बिहार विधानसभा में पार्टी विधायक दल के नेता पूर्व मंत्री श्रवण कुमार मुख्य रूप से है! पटेल ने कहा कि निशांत कुमार संगठन को सशक्त बनाने और पार्टी के एक एक कार्यकर्ता से मिलेंगे बात करेगे और संगठन की समस्याओं को नजदीक से समझेगे!

### 29 लाख रुपये दिए और हाथ आया 'फर्जी' जॉइनिंग लेटर

**धनबाद।** छत्तीसगढ़ के कुडुमकेला घरघोड़ा, जिला रायगढ़ के रहने वाले गुरुदेव प्रसाद से 29 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गुरुदेव से उनके दोनों बेटों विकास चौहान और अविनाश चौहान को रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की गई है। ठगी का आरोप मनीष कुमार, जितेन्द्र कुमार और बिरेंद्र कुमार पर लगाया गया है। गुरुदेव प्रसाद के आवेदन पर सरायढेला थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है।गुरुदेव ने पुलिस को बताया कि आरोपित जितेन्द्र कुमार न्यू गोधर कुसुंडा कोलियरी में जनरल मजदूर के पद पर कार्यरत है। वह बापूनगर, न्यू कार्मिक नगर सरायढेला में रहता है। जितेंद्र से उनकी मुलाकात जनवरी 2023 में धनबाद में एक शादी समारोह में हुई थी। जून 2023 और अगस्त 2023 में पुनः मुलाकात हुई। उसी के आवास पर उसके भाई बिरेंद्र कुमार एवं मनीष कुमार से हुई थी। मनीष इनका पड़ोसी है। इन सभी ने रेल में नौकरी लगाने का झांसा दिया। प्रलोभन में वे आ गए। गुरुदेव के बेटों को ग्रुप सी और कनीय अभियंता में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इस एवज में इन तीनों ने मनीष और जितेंद्र की पुत्री अमृति कुमारी के खाते में पांच बार मे कुल 22 लाख रुपये लिए। इसके अतिरिक्त, उसी बीच तीन किस्तों में सात लाख रुपये नगद जितेन्द्र कुमार एवं उसके छोटे भाई बिरेंद्र कुमार को दिया। पैसा मिलने के बाद इन सब्जी ने विश्वास दिलाने के लिए रेलवे के जॉइनिंग लेटर एवं मेडिकल लेटर भी तैयार कर दिए। ट्रेनिंग के नाम पर पत्र बनाकर भेजा। ये दस्तावेज असली प्रतीत होते थे और इन्हीं के माध्यम से परिवार को भरोसे रखा गया। ट्रेनिंग के लिए हावड़ा स्टेशन जाने को कहा, परंतु खुद के स्तर से जाचं करने पर पता चला कि यह सारे दस्तावेज नकली एवं फर्जी थे। जब पैसे वापस मांगा गया तो तीनों बहाना बनाते रहे और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी और साफ-साफ पैसे लौटाने से मना कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्रा बरही लूटकांड का खुलासा

**● 20 लाख नकद, 912 ग्राम सोना और वाहन बरामद**

**अंतरराज्यीय गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार**

**हजारीबाग एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही/हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग पुलिस ने बरही थाना क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्रा शाखा में हुई सनसनीखेज लूटकांड का सफल उद्भेदन करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटे गये 20 लाख रुपये नकद, 912.22 ग्राम सोना, घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन, दो पल्सर मोटरसाइकिल और छह मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी गई। बताया कि यह घटना 24 अप्रैल 2026 को बरही स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्रा शाखा में हुई थी। दोपहर करीब 3:15 बजे चार हथियारबंद अपराधियों ने बैंक कर्मियों को बंधक बनाकर बैंक से 4,22,492 रुपये नकद एवं गोल्ड लोन के तहत जमा 3.987 किलोग्राम सोना लूट लिया था। अपराधियों ने बैंक कर्मियों को स्ट्रांग रूम में बंद कर बाहर से ताला लगाते हुए दो मोटरसाइकिलों से फरार हो गये थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा जिले की पुलिस को सक्रिय कर सभी संभावित मार्गों पर सघन वाहन जांच शुरू कराई। आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये और सीमावर्ती जिलों व राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित किया गया। इस संबंध में बैंक शाखा प्रबंधक अजय राम के फर्दबयान पर बरही थाना कांड संख्या-140/26 दर्ज किया गया। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य भी एकत्र किये। मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद और एसडीपीओ बरही अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया। जांच में एक काले रंग की स्कॉर्पियो वाहन संख्या बीआर-01एचएन-2024 की पहचान हुई, जिसका उपयोग अपराधियों ने रेकी के दौरान किया था। पुलिस ने बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड में इसी तरह की घटनाओं का अध्ययन करते हुए अपराधियों की पहचान स्थापित की। इसके बाद एसडीपीओ बरही के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने अपराधियों का पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले तक पहुंच बनाई। वहां उत्तर प्रदेश एसटीएफ के सहयोग से सारनाथ थाना क्षेत्र के हरुआ रिंग रोड स्थित राजभर बस्ती के पास स्कॉर्पियो वाहन को घेरकर तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में गोरखपुर निवासी पंकज सिंह उर्फ रौनक सिंह, नवादा निवासी मो. अफजल तथा उत्तर प्रदेश के मऊ जिले निवासी सौरभ कुमार यादव उर्फ सोनू यादव शामिल हैं। पूछताछ के दौरान अपराधियों ने बताया कि उन्होंने यूट्यूब और सोशल मीडिया के माध्यम से बैंक ऑफ महाराष्ट्रा में गोल्ड लोन सुविधा की जानकारी जुटाई थी। करीब दो महीने पूर्व बैंक की रेकी की गई थी और 17 अप्रैल को पहली बार घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई थी, लेकिन पुलिस गश्ती के कारण योजना टाल दी गई। अपराधियों ने 24 अप्रैल को अलग-अलग रास्तों और वाहनों से बरही पहुंचकर पूरी योजना के तहत घटना को अंजाम दिया। चार अपराधियों ने बैंक में प्रवेश कर हथियार के बल पर कर्मचारियों को कब्जे में लिया, अलार्म सिस्टम को निष्क्रिय किया और नकदी व सोना लूटकर फरार हो गये। बाद में गया में लूट की रकम और सोने का आपस में बंटवारा किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है और इनके खिलाफ बिहार, पश्चिम बंगाल तथा उत्तराखंड में लूट और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है। इस पूरे अभियान में अमित आनन्द अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर हजारीबाग, अजीत कुमार बिमल, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही हजारीबाग, पुनि चंद्रशेखर कुमार पुलिस निरीक्षक बरही अचल, पुनि शाहिद रजा पुलिस निरीक्षक पेलावल अचल, पुनि सह थाना प्रभारी बरही बिनोद कुमार, पुअनि सरोज कुमार चौधरी थाना प्रभारी चौपारण थाना, पुअनि संचित कुमार, ओपी प्रभारी, पदमा ओपी, पुअनि वेद प्रकाश पाण्डेय, ओपी प्रभारी पेलावल ओपी, गौतम कुमार, थाना प्रभारी ईचाक थाना, पुअनि पंकज कुमार, ओपी प्रभारी बडाबाजार ओपी. पुअनि संजय रत्ना मुफ्फसिल थाना, पुअनि राजबल्लभ कुमार बरही थाना, पुअनि मृत्युंजय कुमार, बरही थाना, पुअनि सुशील कुमार बरही थाना, पुअनि सुरजीत चौधरी बरही थाना, पुअनि सुमीत साव बरही थाना, पुअनि नरेन्द्र कुमार पाडेय बरही थाना, तकनीकी शाखा एवं नक्सल शाखा के पुलिरा पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी शामिल रहें।

## श्रद्धांजलि सभाः जबलपुर के बरगी डैम हादसे के मृतकों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**● युवा भारत चंदवा ने इंदिरा गांधी चौक पर आयोजित की श्रद्धांजलि सभा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले स्थित बरगी डैम में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे देश को शोक में डुबो दिया। इस हादसे में कई लोगों की असमय मौत हो गई, जिससे हर किसी का दिल दहल उठा। इसी दुःखद घटना को लेकर युवा भारत चंदवा के द्वारा इंदिरा गांधी चौक, चंदवा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार पाठक ने की। उपस्थित लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम का माहौल बेहद भावुक रहा, जहां हर आंख नम थी और सभी ने एकजुट होकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर युवा भारत चंदवा के अध्यक्ष आदर्श रविराज ने कहा कि जबलपुर की यह घटना बेहद पीड़ादायक है, जिसने कई परिवारों को गहरे शोक में डाल दिया है। हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। सभा में सांसद प्रतिनिधि दीपक निषाद सहित बिनोद कुमार गुड्डु, गोविन्द अग्रवाल, शिवकेश्वर यादव, राहुल जायसवाल, प्रदीप ठाकुर, राजू प्रसाद, धीरज कुमार, अंकित, गोलू, राजन कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## रोजगार सेवक समेत चार पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कडेसरा खुर्द में एक ग्रामीण ने रोजगार सेवक समेत चार लोगों पर घर में पहुंचकर लाठी-कुल्हाड़ी से हमला करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कडेसरा खुर्द निवासी शिवप्रसाद पुत्र रामाधार सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 30 अप्रैल 2026 को शाम करीब 3.40 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। आरोप है कि उसी दौरान गांव के शिशुपाल सिंह (रोजगार सेवक), मंगल सिंह, इन्द्रपाल सिंह और अचल सिंह लाठी-कुल्हाड़ी लेकर उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से खत्म कराने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर तालबेहट पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान प्रवेश परीक्षा

**गोपालगंज (बिहार )-** गोपालगंज के एस एस बालिका उच्च विद्यालय मे आयोजित परीक्षा विद्यालय के सुचारु प्रबंधन और प्रशासन के सक्रियता से कुशल पूर्वक सम्पन्न हुआ। ग्यारह बजे से प्रवेश शुरू हुआ और डेढ़ बजे तक प्रवेश का सील सिला चलता रहा,, सभी अभ्यर्थी सकुशल प्रवेश पा कर खुद को निश्चिंत किये। अभ्यर्थीयो को आने मे दिक्क़त ना हो इसके लिए हर चौराहे पे भरपूर मात्रा मे ट्रैफिक पुलिस हर अभ्यर्थीयों को सहयोग करते दिखी। अंदर परीक्षा चल रहा था और बाहर तमाम कोचिंग संस्था वाले अभिभावकों को लुभाने मे लगे रहे। यहाँ गोरखपुर, सिवान और पटना के तमाम कोचिंग संस्था के प्रतिनिधि आ कर बच्चों को कम खर्च और कम समय मे पढ़ा कर पास कराने की दावा करते हुए अपने संस्था मे प्रवेश कराने के लिए हर अभिभावक को प्रेरित कर रहे थे। गोरखपुर से चल के आये गुरुकुल पाठशाला के तरफ से हर अभिभावक को पेन डायरी तथा एक झोला दी गयी।

## बसारिया में सजेगा प्रतिभाओं का मंच

**● एन वाई एस इंटरनेशनल एकेडमी का तीसरा ग्रैंड एनुअल फेस्ट कल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के बसारिया स्थित एन वाई एस इंटरनेशनल एकेडमी में विद्यालय का 'तीसरा ग्रैंड एनुअल फेस्ट 2026' कल भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में शाम 5:00 बजे से प्रारंभ होगा, जिसकी तैयारियाँ उत्साहपूर्वक अंतिम चरण में हैं। इस गरिमामय आयोजन में बरही के विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ आरती कौशल (जिला परिषद सदस्या), मंजू देवी (मुखिया), राम प्रवेश पांडे (सेवानिवृत्त प्राचार्य), प्रो. कैलाश राणा (कॉमर्स कॉलेज, झुमरी तिलैया), अश्विनी कुमार तिवारी (प्रधानाध्यापक, आदर्श मध्य विद्यालय, कोडरमा), अभिषेक कुमार पांडे (प्राचार्य, मंजुला शर्मा मेमोरियल एकेडमी, डोमचांच) एवं डॉ. दुलार ठाकुर (प्राचार्य, भद्रकाली महाविद्यालय, इटखोरी) सहित कई गणमान्य अतिथि कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत-संगीत, नाटक तथा अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना है।

विद्यालय के निदेशक राजकुमार ठाकुर ने अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक सहभागिता एवं रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में उत्साह का माहौल है, और इसे यादगार बनाने के लिए सभी स्तर पर तैयारियाँ की जा रही हैं।

## लायंस क्लब की पहल लाई रंग, स्वास्थ्य शिविर में 106 मरीजों की हुई जाँच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा त्रिदेव हॉस्पिटल, देवघर के सहयोग से बीते रविवार को अग्रसेन भवन, कुंडू बंगला, मधुपुर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री हाफिजुल हसन ने किया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी, मधुपुर के चेयरमैन सह लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य पीएमजेएफ लायन डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया, मधुपुर नगर परिषद की चेयरमैन दरक्शां परवीन तथा वाइस चेयरमैन ऋषभ भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कुल 106 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा आवश्यक परामर्श दिया। इसमें हृदय रोग, सामान्य चिकित्सा, पैथोलॉजी, हड्डी रोग एवं स्त्री रोग से संबंधित जांच और सलाह प्रदान की गई। साथ ही ईसीजी, शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच निःशुल्क की गई, जिसका लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया। चिकित्सक दल में डॉ. पंकज कुमार शर्मा (हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. राकेश कुमार (जनरल फिजिशियन), डॉ. नमिता (पैथोलॉजिस्ट), डॉ. रविजीत प्रकाश (हड्डी रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. भारती सिंह (स्त्री रोग विशेषज्ञ) शामिल थे।

इस अवसर पर मंत्री हाफिजुल हसन ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुलभ बनाना आवश्यक है। वहीं डॉ. अरुण कुमार गुटगुटिया ने ऐसे शिविरों को स्वास्थ्य जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। नगर परिषद चेयरमैन दरक्शां परवीन ने इसे जनहितकारी पहल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। लायंस क्लब के अध्यक्ष प्रेम पाठक ने बताया कि शिविर का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन में क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में क्लब की ओर से सभी सहयोगियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## तरंग ग्रुप एवं आदित्य विज़न के संयुक्त प्रयास से छात्राओं को मिला डिजिटल प्रशिक्षण

**● 30 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को प्राप्त हुआ स्मार्ट टीवी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** तरंग ग्रुप हजारीबाग एवं आदित्य विज़न के संयुक्त तत्वावधान में हजारीबाग टाउन हॉल में टेक सखी 2026 का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष कार्यशाला छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता और प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद वन्देमातरम गीत सभी ने संयुक्त रूप से गया. इसके बाद गर्मी को देखते हुए जल संरक्षण एवं पर नशामुक्ति पर सभी प्रतिभागियों ने शपथ लिया. विशेषज्ञों द्वारा,द्व के आधुनिक उपयोग, डिजिटल भविष्य और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य वक्ताओं में प्रोफेसर सजल मुखर्जी ने बताया डिजीटल युग में तकनीकी ज्ञान आवश्यक है,और यह पहल बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएगी। वहीं राष्ट्रपति अवार्ड सम्मानित अशोक कुमार ने साइबर जागरूकता को आज की सबसे बड़ी सुरक्षा बताया जबकि गुरुकुल के निर्देशक जेपी जैन ने बताया कि महिलाओं का डिजिटल सशक्तिकरण ही समाज के विकास की कुंजी है। समाजसेवी बाटेश्वर मेहता ने बताया कि डिजिटल बेटी शक्ति महाअभियान बेटियों को तकनीकी जानकारी के लिए एक बेहतर मंच है। कार्यक्रम के आयोजकों एवं तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि 'द्यटेक सखी 2026 एक मिशन है, जिसका उद्देश्य हर बेटी को तकनीकी रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की लगभग 600 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण आईसेक्ट यूनिवर्सिटी कौशल विभाग के संयोजक सह प्रशिक्षक दीपेन्द्र कुमार का ए आई पर सौरव विश्वकर्मा का साइबर सुरक्षा पर एवं कोलकाता से आए टेक महिंद्रा के अखिलेश सिंह आधारभूत डिजिटल साक्षरता पर आधारित कार्यशाला लिया गया.अंत में प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र एवं चयनित 30 संस्थानों को डिजिटल शिक्षा को आगे बढाने के लिए 30 स्मार्ट टीवी का वितरण किया गया। इस अवसर पर तरंग ग्रुप के कोषाध्यक्ष मनोज पूरी के साथ सदस्यों का नाम दीपक गुप्ता, मेघा राज, लक्ष्मी यादव, कोमल, संध्या कुमारी, चंदन कुमार, अगस्त्य कुमार, रिशि राजपूत, शशिकांत सिंह, मानवी सिंह, महेश कुमार, ओम शंकर ,अनीता देवी के साथ अन्य गणमान्य मौजूद थे।

## आइसा सुपौल का दूसरा जिला सम्मेलन संपन्न, 17 सदस्यीय कमेटी का गठन

**● संतोष कुमार सियोटा बने जिला सचिव, रामाशीष को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुपौल/त्रिवेणीगंज-** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) सुपौल का दूसरा जिला सम्मेलन रविवार को त्रिवेणीगंज स्थित अनुपलाल यादव महाविद्यालय परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि वर्तमान दौर में देश के छात्र-युवा शिक्षा, रोजगार, लैंगिक एवं सामाजिक न्याय के मुद्दों पर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार और बिहार की राज्य सरकार शिक्षा को अधिकार के बजाय मुनाफे का साधन बना रही हैं, जिससे गरीब और मेहनतकश तबके के छात्र शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के लागू होने से शिक्षा व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है और शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है। साथ ही सरकारी स्कूलों के बंद होने, पेपर लीक की घटनाओं और शैक्षणिक संस्थानों में अव्यवस्था पर भी चिंता जताई। उन्होंने विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में बढ़ती समस्याओं और छात्रों के बीच बढ़ते तनाव को भी गंभीर मुद्दा बताया। प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि रोहित वेमुला प्रकरण के बाद यूजीसी द्वारा लाए गए समता संबंधी प्रावधानों को लागू कराने की जरूरत है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस दिशा में अपेक्षित पहल नहीं की। उन्होंने इन प्रावधानों को लागू करने के लिए छात्र आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया। सम्मेलन के सांगठनिक सत्र में 17 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया। इसमें संतोष कुमार सियोटा को जिला सचिव तथा रामाशीष को जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं सुनील कुमार सरदार, अंकू आनंद और अभिनव आनंद को जिला उपाध्यक्ष, शशिकांत कुमार एवं अभिनंदन कुमार को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। सम्मेलन में माले जिला सचिव जयनारायण यादव, पूर्व आइसा सचिव डॉ. अमित कुमार चौधरी, पिपरा विधानसभा से महागठबंधन प्रत्याशी अनिल कुमार, खेगरामस जिला सचिव जन्मजेय राय, मुलेश कुमार शर्मा, मो. अब्दुल सहित सैकड़ों छात्र-युवा उपस्थित रहे। सम्मेलन के अंत में संगठन को और मजबूत बनाने तथा छात्र-हितों के मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया।

## यादव समाज को संगठित व सशक्त बनाने पर जोर, सरकार पर भेदभाव का आरोप

**सभी क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने पर जोर**



**त्रिबेनीगंज-** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक रविवार को विज्ञान कॉलेज में आयोजित की गई द्य बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार पप्पू ने की , बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला संरक्षक डॉक्टर इन्द्र भूषण प्रसाद ने कहा कि, यादव समाज को आज की तारीख में बौद्धिक आर्थिक सामाजिक स्तर पर मजबूत बनना होगा, तथा जाति के अंदर जो कमजोर लोग हैं उनको भी मुख्य धारा में लाना होगा द्य आज बिहार में सबसे ज्यादा संख्या में होने के बावजूद यादव समाज आर्थिक रूप से शैक्षणिक रूप से पिछड़ा हुआ है व्यापार में भी हमारी जाति का कोई बहुत बहुत बड़ी भागीदारी नहीं है द्य न्यायपालिका और मुख्य धारा की मीडिया में हमारे लोगों की संख्या कम रहने के कारण हमारी आवाज को दबा दिया जा रहा है। बैठक में कुसहा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि अपराध और अपराधियों की कोई जाति नहीं होती लेकिन सरकार सिर्फ यादव को टारगेट कर फर्जी काउंटर कर मार रही है द्य बैठक में अधिवक्ता राजेश कुमार गजेश ने यादव जाति में आपसी भाईचारे पर जोड़ दिया। वही गौतम कुमार ने कहा किया बैठक हर सप्ताह अलग-अलग टोलों और मोहल्ले में आयोजित की जानी चाहिए होनी चाहिए द्य दैनिक जागरण के पत्रकार करण कुमार लड्डू ने प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यादव की भागीदारी बढ़ाने की अपील की। इस बैठक इस बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि प्रत्येक मैं माह से कम दो बैठक अलग-अलग जगह पर की जाए। बैठक में मुख्य रूप से गौतम कुमार,मिथिलेश कुमार,सुप्रभात कुमार जे पी यादव,राहुल कुमार, संजय कुमार,रोशन कुमार, मंजेश कुमार रणधीर यादव,अभिषेक सरकार,विकास कुमार मनोज कुमार आलोक कुमार की उपस्थिति रही।

## शहीद स्मारक की सफाई कर समाजसेवियों ने पेश की मिसाल

**● अब हर दिन होगा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन**

**शहीदों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य :अनूप भाई**

**परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखना हमारा संकल्पः श्वेता दुबे**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** भगवा ध्वज समिति हजारीबाग के आह्वान पर रविवार को शहर के परिसदन स्थित शहीद स्मारक परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। बीते कुछ महीनों से स्मारक स्थल पर गंदगी का अंबार लगा हुआ था और यह स्थान नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा था। इसे देखते हुए शहर के समाजसेवियों ने सुबह 5 बजे से श्रमदान कर पूरे परिसर की साफ-सफाई की। सफाई अभियान के दौरान स्मारक परिसर से बड़ी मात्रा में कचरा, शराब की बोतलें एवं अन्य नशीले पदार्थ बरामद किए गए, जिन्हें हटाकर स्थल को स्वच्छ बनाया गया। इसके साथ ही पेड़ों से गिरे पत्तों की सफाई कर उन्हें नष्ट किया गया तथा स्मारक स्थल को पानी से धोकर साफ किया गया। परिसर में गिरा एक विशाल आम का पेड़ आवागमन में बाधा बन रहा था, जिसे सामूहिक प्रयास से काटकर रास्ता सुचारू किया गया। इस अभियान में भगवा ध्वज समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी अनूप भाई, झारखंड मुक्ति मोर्चा की हजारीबाग नगर महिला अध्यक्ष श्वेता दुबे, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मेहता, भाजपा हजारीबाग सदर मंडल के उपाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, शिक्षक उमेश कुमार, शिक्षक टिंकू पासवान, संजू कुमार, कारू यादव, सुरेंद्र वर्मा, नीरज चंद्रवंशी, अधिवक्ता प्रमोद वर्मा, जितेंद्र चंद्रवंशी, दिलीप यादव, प्रतिमा कुमारी, भवंती देवी एवं सुनील वर्मा सहित कई लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सफाई के उपरांत सभी ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अनूप भाई ने कहा कि भगवा ध्वज समिति की ओर से अब प्रत्येक दिन प्रातःकाल शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया जाएगा और संध्या में दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन किया जाएगा। साथ ही कारगिल विजय दिवस पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करने की भी घोषणा की गई।वहीं, श्वेता दुबे ने कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने संकल्प लिया कि स्मारक परिसर को हमेशा स्वच्छ रखा जाएगा और जल्द ही यहां वृक्षारोपण कर फूल-पौधे लगाए जाएंगे, ताकि परिसर को सुंदर और स्वच्छ बनाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति टीम ने एक परिवार को टूटने से बचाया

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा ब्रेकिंग न्यूज़

**कोंच(जालौन)**– मिशन शक्ति टीम ने रविवार को एक बार फिर एक परिवार को टूटने से बचा लिया। कोतवाली में दोनों की बात सुनकर मिशन शक्ति टीम प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने दोनों को जब समझाया तो वे विवाद को खत्म करने पर राजी हो गए और हंसी-खुशी अपने घर चले गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा निवासी महिला रोशनी ने अपने पति पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। यह मामला मिशन शक्ति टीम के हवाले कर दिया गया। टीम प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने रोशनी के पति बलवीर उर्फ गब्बर को कोतवाली बुलवाया और पति-पत्नी को महिला हेल्प डेस्क में बिठाकर उनको आपस में बातचीत करने का मौका दिया। इसके बाद टीम प्रभारी ने दोनों को अपने सामने बुलाकर उनकी बात सुनी। यह निकल कर आया पिटाई से आहत पत्नी ने गुस्से में आकर पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न मारपीट जैसे आरोप आयद करते हुए पुलिस में शिकायत कर दी थी। वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार व महिला कांस्टेबल नैना ने दोनों की काउंसलिंग करने के बाद जब समझाया कि छोटी-छोटी बातों से परिवार किस तरह टूट कर बिखर जाते हैं, तो दंपत्ति की समझ में बात आ गई और वह समझौता करने पर राजी हो गए और हंसी-खुशी घर गए। इस तरह मिशन शक्ति टीम ने एक बार फिर एक परिवार को टूटने से बचा लिया।

### तहसील परिसर में जर्जर पेड़ों का खतरा, हादसे की आशंका से दहशत में लोग



**महरौनी।** तहसील परिसर में खड़े वर्षों पुराने जर्जर पेड़ अब लोगों की जान के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। इन पेड़ों की कई डालें अंदर से खोखली व कमजोर हो चुकी हैं, जबकि कुछ बड़ी डालें टूटकर पेड़ों पर ही लटकी हुई हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

तहसील परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में वादकारी, अधिवक्ता, कर्मचारी और आम नागरिकों का आवागमन रहता है। ऐसे में इन खतरनाक पेड़ों की स्थिति सभी के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। हाल ही में आई तेज आंधी के दौरान एक पीपल के पेड़ की मोटी डाल टूटकर नीचे गिर गई। गनीमत रही कि घटना रात के समय हुई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यदि यह हादसा दिन में होता, तो गंभीर परिणाम सामने आ सकते थे। इसके अलावा परिसर में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों की कई भारी-भरकम डालें आधी टूटकर लटकी हुई हैं, जो किसी भी समय नीचे गिर सकती हैं। इन पेड़ों के नीचे से गुजरने वाले लोग लगातार भय के साए में आने-जाने को मजबूर हैं। बावजूद इसके, अब तक इन खतरनाक डालों को हटाने या पेड़ों की छंटाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन न तो पेड़ों का सर्वे कराया गया है और न ही छंटाई की कोई व्यवस्था की गई है। प्रशासन की यह लापरवाही किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है।

# बस्ती जिले मेंआईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल पर लग रहे हैं फर्जी रिपोर्ट शिकायतों के बाद अधिकारी मौन

● स्वच्छता मिशन की धज्जियां उड़ा रही है महिला मेट अन्तिमा देवी शिकायत तुम पर लग रहे हैं फर्जी रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में स्वच्छता मिशन को मजाक बना रहे हैं अधिकारी और कर्मचारी द्वारा खुली छूट दी जा रही है रास्ते पर गंदगी का भरमार है ग्राम पंचायत महादेवरी की महिला मेट अंतिम देवी पिछले 10 सालों से शौचालय नहीं बना हुआ है और रास्ते पर उनके पति सहित पूरे परिवार के लोग गंदगी फैला रहे हैं इस शिकायत खंड विकास अधिकारी से लेकर मुख्य विकास अधिकारी जिला अधिकारी और जिला पंचायत अधिकारी के दिया गया लेकिन अधिकारियों द्वारा रुपया लेकर के कार्रवाई न करना प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छता मिशन शौचालय की धज्जियां उड़ा रहे हैं ऐसी महिला मेट पर कार्रवाई न करना अधिकारियों के लिए टेढ़ी खीर बनी हुई है महिला मेट अंतिम देवी पिछले 10वर्षो अधिकारियों को गुमराह करके और झूठी बयान बाजी करके अपना पल्ला झाड़ रही है जबकि जांच रिपोर्ट में उनके घर शौचालय न होना साबित करता है कि यह जिम्मेदार पद पर रहते हुए स्वच्छता मिशन की अवहेलना कर रही है और इनका सपोर्ट विकासखंड अधिकारी सहायक विकास अधिकारी तथा उच्च अधिकारी भी दे रहे हैं क्योंकि ग्राम पंचायत में फर्जी फोटो लगा करके हाजिरी लगाने की आवाज में मोटी रक्कम्मा चलती है इस रकम से अधिकारियों को गुमराह करके फर्जी रिपोर्ट लगवाते हैं आईजीआरएस जिला अधिकारी को किया गया आईजीआरएस विकास विभाग के मुख्य विकास अधिकारी को दिया गया लेकिन फर्जी रिपोर्ट लगाकर उन्होंने पल्ला झाड़ लिया कि इनका बस से हटाने की जिम्मेदारी हमारी नहीं है जिले की कमान संभाले जिला अधिकारी को इस मामले पर भी कुछ बोलने का तैयार नहीं प्रधानमंत्री का स्वच्छता मिशन फ्लॉप नजर आ रहा है।

चारों तरफ आईजीआरएस के फर्जी रिपोर्ट की भरमार है जनता की शिकायतों पर न्या न मिलाना अधिकारियों द्वारा फर्जी रिपोर्ट को संज्ञान में ना लेना जिले की विडंबना है शिकायतों को अनदेखा करना जिलाधिकारी एवं विकास विभाग के अधिकारी पंचायत विभाग के अधिकारी फर्जी की फोटो को लगवा कर मामलेक निस्तारण कर दिया जाता है जांच के नाम पर कर्मचारी सुनते हैं रुपया जिससे शिकायत करता को न्याय नहीं मिल पाता है ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों की जांच से स्तरीय होनी चाहिए।

## व्यापार मंडल ने उठाए मूलभूत समस्याओं के मुद्दे,आंदोलन की चेतावनी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिला उद्योग व्यापार मंडल ने पत्रकार वार्ता कर शहर की मूलभूत समस्याओं पेयजल, बिजली, सड़क, स्मार्ट मीटर और अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन आंदोलन की रणनीति बनाने को मजबूर होगा। व्यापार मंडल ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर आपत्ति जताते हुए उपभोक्ताओं की सहमति के बिना प्रीपेड मीटर लगाने पर रोक लगाने, शिकायतों के समाधान के लिए समिति गठित करने तथा प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में बदलने की मांग की। इसके अलावा बिजली कटौती पर रोक, सड़क खुदाई के बाद तत्काल मरम्मत और जलापूर्ति कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। अतिक्रमण अभियान को लेकर व्यापार मंडल ने कहा कि कार्रवाई निष्पक्ष और नियमों के तहत होनी चाहिए तथा दुकानदारों के नुकसान की भरपाई कराई जाए। संगठन ने जिलाधिकारी की शहर विकास और सौंदर्यीकरण की पहल की सराहना करते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा, कमलेश सराफ, बॉबी राजा नाराहट, रविन्द्र दिवाकर, मंगू पहलवान, संजय रिंकू, संजीव कड़ंकी, संतोष इमलिया के अलावा अन्य व्यापारी नेता मौजूद रहे। संचालन महामंत्री शैलेन्द्र सिंघई ने किया।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट और गाली-गलौज पति-पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना कोतवाली अंतर्गत ग्राम जिजयावन बालाढाना में आपसी रंजिश के चलते एक महिला के साथ उसके घर में घुसकर मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एक दंपति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम जिजयावन बालाढाना निवासी विमला पत्नी राजबहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव की ही बृजेश कुमारी और उसके पति राजू के साथ उनके परिवार का पुराना विवाद चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार (02 मई 2026) को आरोपी दंपति अचानक उसके घर आ धमके और बिना किसी कारण के उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। विमला ने जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी बृजेश कुमारी और उसके पति राजू ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब पीड़िता की बहू राधिका उसे बचाने आई, तो आरोपी उसे और विमला को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर हमलावर दम्पत्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## शिक्षकों और छात्रों को डिजिटल मंच से जोड़कर शिक्षा में ला रहा सकारात्मक परिवर्तन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटना/बिहार**– राज्य के सरकारी विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण तैयार करने की दिशा में 'टीचर्स ऑफ बिहार-द चेंज मेकर्स' समूह पिछले कई वर्षों से निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है। वर्ष 2019 से सक्रिय यह समूह विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षकों, छात्रों एवं शिक्षा प्रेमियों को जोड़ते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और सकारात्मक बदलाव की मिसाल बन चुका है।

समूह का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों तथा नवाचारों को बढ़ावा देना है। टीचर्स ऑफ बिहार के प्रयासों का प्रभाव अब राज्य के अधिकांश विद्यालयों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। शिक्षक अपने विद्यालयों में नई गतिविधियों और तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए बच्चों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

टीचर्स ऑफ बिहार द्वारा शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, बाल गतिविधियों एवं नवाचारों को केंद्र में रखते हुए अनेक पत्रिकाओं का नियमित प्रकाशन किया जा रहा है। इनमें दैनिक ज्ञानकोश, प्रज्ञानिका, पद्यपंकज, गद्यगुंजन, बालमन, बालमंच, कर्मणा, अनुसंधानम्, अभिमत, प्रकृति प्रहरी, प्रगाथा, विद्यार्थी दर्पण, रेलगाड़ी (बालमन एक्सप्रेस), चम्पारण ज्ञानाग्रह, सुरक्षित शनिवार और बैगलेस डे, प्रोजेक्ट शिक्षक साथी, शिक्षक और द्व तथा भावों की उड़ान जैसी पत्रिकाएँ शामिल हैं। इन पत्रिकाओं के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है।

समूह के संस्थापक शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार केवल एक संगठन नहीं, बल्कि शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि समूह का उद्देश्य शिक्षकों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहाँ वे अपने नवाचार, गतिविधियाँ और अनुभव साझा कर सकें।

प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि समूह लगातार शिक्षकों को डिजिटल शिक्षा, नवाचार, साहित्य, विज्ञान एवं सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समूह राज्य स्तर पर और भी बड़े शैक्षिक अभियानों का संचालन करेगा। इवेंट लीडर केशव कुमार ने कहा कि टीचर्स ऑफ बिहार शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा का केंद्र बन चुका है। यह समूह शिक्षकों एवं छात्रों की प्रतिभा को नई पहचान दिलाने के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों की सकारात्मक तस्वीर समाज के सामने प्रस्तुत कर रहा है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

● बढ़े बिजली बिल, प्रीपेड व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** आम आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफ रविवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर आम उपभोक्ताओं और किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। जिला मुख्यालय स्थित विद्युत उपकेन्द्र पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान आप कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी की और प्रतीकात्मक रूप से स्मार्ट मीटर की तस्वीरें जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का पहले बिजली बिल करीब 1500 रुपये आता था, अब वही बिल बढ़कर 5000 से 7000 रुपये तक पहुंच रहा है, जिससे मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उपभोक्ताओं द्वारा अग्रिम भुगतान किए जाने के बावजूद कई क्षेत्रों में 10 से 12 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग, बिलिंग प्रणाली और तकनीकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है। आप नेताओं ने किसानों की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि प्रदेश में नलकूपों पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के कारण किसानों में भारी असंतोष है।



महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या और तकनीकी खामियों के चलते सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे खेती-किसानी पर संकट गहराता जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने महामहिम राज्यपाल से मांग की कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित अनियमितताओं और आर्थिक शोषण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों और संबंधित कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आम उपभोक्ताओं और किसानों के हितों की रक्षा के लिए पारदर्शी एवं न्यायसंगत व्यवस्था लागू की जाए। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., अनूप ताम्रकार, प्रमोद नामदेव, भागवती, कैलाश नारायण, रमेश कुमार, विवेक जैन, मीना, पूनम राजा, मोहित जोशी, राकेश, महेन्द्र पाराशर, राजीव, विवेक, हरीबाई, गनेशराम, बुद्धसिंह बुन्देला, वसीम खान, आशाराम, जगन्नाथ कुशवाहा, सुनील जैन, हजारीलाल राजपूत के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## दुद्धी तहसील में तड़ित चालक यंत्र लगाने की उठाई मांग

● आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने डीएम, एनएचआरसी और मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

● आकाशीय बिजली से हो रही मौतें सरकारी उपेक्षा का नतीजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- आकाशीय बिजली से हो रही है आकस्मिक मौतों पर रोक के लिए दुद्धी तहसील में तत्काल बड़े पैमाने पर तड़ित चालक यंत्र लगाने के संबंध में कार्रवाई हेतु आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री और अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को ईमेल से पत्र भेजा है। एआईपीएफ के जिला सचिव इंद्रदेव खरवार ने भेजे पत्र में कहा है कि बभनी क्षेत्र के चौना गांव में शनिवार शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दो बच्चियों की मौत की दर्दनाक घटना बेहद दुःखद है। चौना गांव की 9 वर्षीय अर्चना पुत्री विष्णु दयाल तथा 8 वर्षीय आस्था पुत्री राजेश कुमार की आकाशीय बिजली से मृत्यु हो गई। वहीं कुछ दूरी पर खड़े गांव के ही 12 वर्षीय बालक हर्ष पुत्र देवनारायण घायल हो गया। यह इस क्षेत्र की पहली और इकलौती घटना नहीं है। इस पहाड़ी- पठारी क्षेत्र में हालत इतनी बुरी है कि प्रत्येक वर्ष आकाशीय बिजली के प्रकोप के कारण निरीह ग्रामीणों की आकस्मिक मौतें होती रहती हैं और उनके परिवारजन इस त्रासदी को झेलते हैं। इस संबंध में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की तरफ से दुद्धी तहसील के पहाड़ी-पठारी अंचल में आकाशीय बिजली से बचाने के लिए तड़ित चालक यंत्र लगाने की उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन से लगातार मांग की गई है। लेकिन दुखद यह है कि आज तक समुचित कार्रवाई नहीं हुई और ना ही तड़ित चालक यंत्र लगाए गए। स्पष्टतः यह नागरिकों के जीवन की रक्षा के भारतीय राज्य के दायित्वों का खुला उल्लंघन है और इस क्षेत्र के प्रति सरकार की गैर जवाबदेह व उपेक्षित रवैए को प्रदर्शित करता है।

**अतः** निवेदन किया गया है कि दुध्दी तहसील के पठारी-पहाड़ी अंचल में आकाशीय बिजली के प्रकोप से रक्षा के लिए तत्काल तड़ित चालक यंत्र लगाने का आदेश देने का कष्ट करें ताकि आम लोगों के जीवन की रक्षा हो सके। साथ ही चौना गांव में मृत व घायल बच्चों के परिवार जनों को समुचित मुआवजा दिलाने का निर्देश देने का भी कष्ट करें।

### मुर्गी पालन फार्म हाउस में कोबरा सांप निकलने से मची भगदड़



**कोंच(जालौन)**– कस्बे में महेशपुरा रोड स्थित ठाकुर बाबा स्थान के समीप बने एक मुर्गी पालन फार्म हाउस में करीब 6-7 फीट लंबा कोबरा सांप निकलने से मौके पर डर के मारे लोगों में भगदड़ मच गई। जानकारी के अनुसार, सुभाष नगर निवासी संजय निरंजन पुत्र गेंदन का महेशपुरा रोड पर मुर्गी पालन फार्म हाउस बना हुआ है। रविवार दोपहर करीब 1 बजे फार्म हाउस परिसर में अचानक एक कोबरा दिखाई दिया। कोबरा के फन फैलाकर बैठने से मौके पर मौजूद लोगों में डर के मारे भगदड़ मच गई। वहीं सांप पकड़ने में माहिर जगतराम वर्मा को मौके पर बुलाया गया। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। पकड़े गए कोबरा को सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया गया। सामने आ रहा है कि गर्मी बढ़ने के कारण सांप आबादी वाले इलाकों की ओर देखे जा रहे हैं जिससे लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

## साइबर क्राइम के क्षेत्र में सोनभद्र पुलिस की बड़ी सफलता

● CEIR पोर्टल के माध्यम से 336 खोए मोबाइल फोन बरामद कर स्वामियों को लौटाए

12.03.2026 से अब तक 66 पीड़ितों को 27,26,442/- की धनराशि कराई गई वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश**– जनपद सोनभद्र में साइबर अपराधों की रोकथाम, खोए/गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी तथा आमजन को त्वरित तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में सघन अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जनपद पुलिस को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

उक्त अभियान के तहत सर्विलांस सेल, एसओजी टीम तथा जनपद के समस्त थानों की संयुक्त टीमों द्वारा CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के माध्यम से तकनीकी विश्लेषण एवं सतत मॉनिटरिंग करते हुए माह मार्च 2026 से अब तक कुल 336 खोए मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ?65 लाख है, सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किए गए।

बरामद किए गए मोबाइल फोन को विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल द्वारा पीड़ितों को मोबाइल फोन वितरित किए गए। अपने बहुमूल्य मोबाइल पुनः प्राप्त होने पर नागरिकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि माह फरवरी 2026 में भी 151 मोबाइल फोन बरामद कर लौटाए गए थे।

इसी क्रम में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर क्राइम) अनिल कुमार के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी (सहायक नोडल साइबर क्राइम) हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर सेल/साइबर क्राइम पुलिस थाना एवं साइबर हेल्प डेस्क द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही की गई। परिणामस्वरूप दिनांक 12.03.2026 से अब तक साइबर ठगी से प्रभावित 66 पीड़ितों की कुल 27,26,442/- की धनराशि उनके बैंक खातों में सुरक्षित वापस कराई गई है। इसके अतिरिक्त, माह फरवरी 2026 (01.02.2026 से 11.03.2026) के दौरान 86 पीड़ितों की 35,86,160/- की धनराशि भी वापस कराई जा चुकी है।यह सफलता NCRP पोर्टल पर सतत निगरानी, साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान, संदिग्ध खातों को तत्काल होल्ड कराना, डिजिटल साक्ष्यों का विश्लेषण तथा बैंकों के साथ समन्वय के माध्यम से प्राप्त की गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन द्वारा इस उपलब्धि के लिए सर्विलांस सेल, एसओजी टीम एवं संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया।जनपद सोनभद्र पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

## ललितपुर-राजघाट मार्ग पर अवैध कब्जों के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा

● सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंच कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सार्वजनिक सुरक्षा और विधिक नियमों के उल्लंघन को लेकर जनपद के अधिवक्ताओं ने कड़ा रुख अपनाया है। ललितपुर से राजघाट तक जाने वाली मुख्य सड़क पर पीडब्ल्यूडी और ग्राम सभा की भूमि पर हुए अवैध कब्जों को लेकर अधिवक्ता संवाद के माध्यम से जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई है।

**विधिक प्रावधानों की अनदेखी पर जताई चिंता**

अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल, जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, शशिकांत लोधी, देव सिंह लोधी, अरुण कुमार एवं शेर सिंह यादव शामिल रहे, ने प्रशासन को अवगत कराया कि ललितपुर से राजघाट के बीच स्थित दर्जनों गांवों में रोड कंट्रोल एक्ट की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। बिना सार्वजनिक निर्माण विभाग की अनुमति और बिना भू-उपयोग परिवर्तन के, सड़क की हद के भीतर बड़े पैमाने पर पक्के निर्माण कर लिए गए हैं।

**अवैध अतिक्रमण बना डेथ ट्रैप**

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि इन अवैध निर्माणों और उनके सामने खड़े होने वाले वाहनों के कारण सड़क अत्यंत संकरी हो गई है। विधिक मापदंडों की अनदेखी का परिणाम यह है कि इस मार्ग पर दुर्घटनाएं अब सामान्य बात हो गई हैं, जिनमें कई निर्दोष नागरिकों की अकाल मृत्यु हो चुकी है। अधिवक्ताओं ने इसे जनहित और सार्वजनिक सुरक्षा के अधिकार का हनन बताया है।


डीएम -एसपी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता संवाद पदाधिकारी

**राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त जांच की मांग**

अधिवक्ता संवाद के माध्यम से मांग की गई है कि विशेष जांच समिति, नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में लेखपालों की टीम गठित कर सिलगन, गनगौरा, टोरिया, मड़वारी और काला पहाड़ जैसे गांवों में ग्राम सभा की वर्ग 6 की भूमि की पैमाइश कराई जाए। अवैध निर्माणों का ध्वस्तीकरण, जिन संपत्तियों के नक्शे पास नहीं हैं या जिन्होंने पीडब्ल्यूडी की सीमा में अतिक्रमण किया है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल ध्वस्त किया जाए। राजस्व वादों का निस्तारण, इन कब्जों के कारण बढ़ रहे राजस्व विवादों के त्वरित समाधान हेतु प्रशासनिक सख्ती बरती जाए।

**न्याय और जनहित की सुरक्षा प्राथमिकता**

प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी है कि यदि सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर सुरक्षित नहीं बनाया गया, तो आम जनता के जीवन की रक्षा हेतु विधिक स्तर पर संघर्ष को और तेज किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की दलीलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित तहसील प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### मिशन शक्ति के तहत महिला थाना रॉबर्ट्सगंज के परिवार परामर्श केंद्र की प्रभावी पहल



### 11 प्रकरणों की सुनवाई, 05 मामलों में आपसी सहमति से सुलह

**सोनभद्र/** उत्तर प्रदेश- रविवार दिनांक 03.05.2026 को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों की सुनवाई महिला थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज की अध्यक्षता में की गई। कुल 11 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें दोनों पक्षों को उपस्थित कराकर काउंसलिंग एवं आपसी संवाद की प्रक्रिया अपनाई गई।

सुनवाई एवं विस्तृत परामर्श के उपरांत 05 प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति स्थापित कर सुलह-समझौता कराया गया, जिससे संबंधित परिवारों में पुनः सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित हुआ। वहीं 03 प्रकरणों में दोनों पक्षों द्वारा अपनी कार्यवाही न्यायालय के माध्यम से कराने की इच्छा व्यक्त की गई। शेष 03 प्रकरणों में आपसी सहमति न बन पाने के कारण अग्रिम तिथि नियत कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। महिला थाना रॉबर्ट्सगंज द्वारा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नीट परीक्षा के दौरान पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने किया सुभाष कालेज का निरीक्षण



**कानपुर।** दिनांक 3.05.2026 को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा आयोजित NEET (G)2026 की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा श्री सुभाष स्मारक इण्टर कॉलेज साकेत नगर कानपुर नगर / कानपुर कन्या महाविद्यालय इंटर कॉलेज किदवई नगर कानपुर नगर/ महिला महाविद्यालय पीजी कॉलेज किदवई नगर कानपुर नगर एवं अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अभ्यर्थियों की सुव्यवस्थित प्रवेश-व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, स्वच्छता एवं पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं जायजा लिया गया। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापकों से समन्वय स्थापित करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ दायित्व निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने, भीड़-भाड़ नियंत्रित करने एवं सुदृढ़ कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्दश दिये।

### पनकी मंदिर में दर्शन करने गये प्रापर्टी डीलर की थार चोरी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



**कानपुर।** पनकी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 30 तारीख को पनकी मंदिर दर्शन करने गए एक प्रॉपर्टी डीलर की चोरी हुई थार गाड़ी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, प्रॉपर्टी डीलर ने पनकी थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में एक युवक कल्याणपुर के केशवपुरम क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है, जबकि दूसरा आरोपी चौबेपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पनकी पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोर गिरोहों में हड़कंप मच गया है।

### घाटमपुर में यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई, पुलिस



**घाटमपुर।** घाटमपुर के मुख्य चौराहे पर चेकिंग अभियान में 45 ट्रको के चालान काटे गए,, आपको बताते चलें कि घाटमपुर में पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया,, कस्बे के मुख्य चौराहे पर चलाएं गए इस अभियान के दौरान कुल 45 ट्रको के चालान काटे गए, पुलिस ने मुख्य रूप से ट्रकों की सघन चेकिंग की,,इस दौरान हाई स्पीड ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले और प्रतिबंधित हाई स्पीड प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहनों पर विशेष कार्य वाही की गई ,इस कार्यवाही में कस्बा चौकी प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक योगेश कुमार, उपनिरीक्षक अरूण कुमार, उपनिरीक्षक राधाकिशन भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे, पुलिस का उद्देश्य क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### बिस्कोहर में जन आरोग्य मेले में 80 मरीजों का हुआ उपचार




**सिद्धार्थनगर।** न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। सुबह से दोपहर तीन बजे तक कुल 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गई। मेले में आए मरीजों में अधिकांश पेट दर्द, दस्त, बुखार और त्वचा पर फोड़े-फुंसी , गांठों में दर्द की समस्या से परेशान थे। डॉ. एससी शर्मा ने मरीजों की जांच की और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य रहने के लिए बचाव के उपाय बताए। इस दौरान फार्मासिस्ट राकेश चौधरी ,धीरज राय समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# पानी की टंकी पर 16 घंटे से फंसे 2 बच्चों को एयरफोर्स हेलिकॉप्टर से सेना ने किया रेस्क्यू

● रील बनाने पानी की टंकी पर चढ़े थे, सीढ़ी टूटने से 3 नीचे गिरे, एक की मौत, दो घायल





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
हरीश कुमार चौधरी

**सिद्धार्थनगर।** शहर के कांशीराम आवास कॉलोनी में शनिवार को 5 बच्चे रील बनाने के लिए 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े थे। उतरते समय सीढ़ी टूट गई। 3 बच्चे नीचे गिर गए। इनमें से 1 की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर है। 2 बच्चे टंकी पर फंस गए। पानी की टंकी पर 16 घंटे से फंसे बच्चों का एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर से सेना ने रेस्क्यू किया। दोनों को गोरखपुर के एयरफोर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टंकी के आसपास दलदल होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आई। हाइड्रॉलिक क्रेन मंगाई गई, लेकिन दलदल के कारण क्रेन टंकी तक नहीं पहुंच पाई। इसलिए 150 मीटर सड़क बनाने का काम शुरू किया गया। देर रात तक करीब 120 मीटर तक सड़क बन गई।

इस बीच, रात करीब 3 बजे तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे काम रोकना पड़ा। हालात देखते हुए प्रशासन ने सेना की मदद मांगी। इसके बाद रविवार सुबह करीब 5.20 बजे एयरफोर्स का हेलिकॉप्टर घटनास्थल पर पहुंचा **दोनों बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया।**

जबकि शनिवार को ही चिकित्सकों ने 13 वर्षीय सिद्धार्थ पुत्र धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वह मोहाना थाना क्षेत्र के जुबलीपुर का निवासी था और काशीराम कॉलोनी में अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। घायल किशोरों में 11 वर्षीय शनि पुत्र बरसाती और 14 वर्षीय गोलू पुत्र चंद्रेश शामिल हैं । दोनों के सीने में गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

वहीं, 16 वर्षीय पवन पुत्र मिथलेश और 14 वर्षीय पुत्र जमीरुद्दीन टंकी के ऊपर एक साथ आवास के पास ही जर्जर पानी की टंकी पर रील बनाने के लिए चढ़ गए थे। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना के बाद मौके पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन और एसएसपी अभिषेक महाजन समेत कई अफसर पहुंचे।राहत और बचाव कार्य शुरू कराया। मौके पर पोकलेन बुलाकर मलबा हटाया गया। बच्चों तक रस्सी के जरिए खाना और पानी पहुंचाया गया। पानी की टंकी के चारों तरफ पानी भरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए गोरखपुर से हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म क्रेन मंगाई गई। इसमें लिफ्ट लगी होती है, जो सीढ़ी के जरिए 135 फीट ऊंचाई तक जाती है।

पहले हाइड्रॉलिक क्रेन का मेन सड़क पर ट्रायल किया गया। इस दौरान उसके लिफ्ट सेंसर में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद लखनऊ से क्रेन मंगाई गई। दूरी ज्यादा होने की वजह से देर होने लगी तो बचाव का अन्य रास्ता तलाशा गया। इसके बाद सड़क बनाकर टंकी तक पहुंचने का रास्ता अपनाया गया। जल्द ही 150 मीटर तक सड़क बनाने का काम शुरू किया गया। तीन जेसीबी और एक पोकलेन की मदद से देर रात तक 120 मीटर सड़क तैयार कर ली गई। फिर मौसम खराब हो गया। इसके बाद वायुसेना की मदद मांगी गई। एयर फोर्स के हेलीकॉप्टर से पानी के टंकी पर फंसे 2 बच्चों को सेना ने रेस्क्यू कर गोरखपुर ले गए।

## हत्या करने वाला अभियुक्त 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना महेशगंज पर 02 मई को सूचना मिली कि टिंकू शुक्ला उर्फ विजय पुत्र कृपाशंकर शुक्ला निवासी ग्राम हरिहरपुर, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ को उसकी ससुराल ग्राम जियावन का पुरवा, राजापुर थाना महेशगंज में उसके मामा का लड़का दीपक पाण्डेय पुत्र लक्ष्मीनारायण पाण्डेय उर्फ बबलू निवासी ग्राम गोरखापुर नरियावां, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ द्वारा आपसी विवाद के दौरान चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।घायल को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी कुंडा भेजा गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की आवश्यक विधिक कार्यवाही संपादित की गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना महेशगंज पर धारा 103 (1) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

थाना महेशगंज पुलिस व एसओजी टीम प्रतापगढ़ द्वारा संबंधित अभियुक्त दीपक पाण्डेय पुत्र लक्ष्मी नारायण पाण्डेय उर्फ बब्लू पाण्डेय उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम गोरखापुर नरियावां थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को चाकू के साथ थाना महेशगंज क्षेत्रान्तर्गत महेवामलकिया के पास गंगा एक्सप्रेसवे हाईवे के सर्विस रोड पर गोपालापुर अंडर पास के पास से गिरफ्तार किया गया।

## संत एंथोनी कालेज में जनगणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**प्रतापगढ़।** संत एंथोनी इंटर कालेज में जनगणना 2026-27 हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर की शनिवार को तीन दिवसीय सम्पन्न प्रशिक्षण में कुल 173 प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रभारी जनगणना अधिकारी नैंसी सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी लोग अपने लॉगिन पासवर्ड से एचएलओ ऐप डाउनलोड कर अभ्यास कर ले जिससे जनगणना करते समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और जो भी शंकाएं हो उसका समाधान प्रशिक्षण कक्ष में अवश्य कर लें।मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना में परिवार के प्रकार, भवन परिसर, आवास एवं नजरी नक्शा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर इओ नगर पालिका राकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नगर संतोष वर्मा, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार उमरवैश्य ,संदीप कुमार यादव मौजूद रहे।

## प्रमोद तिवारी की जम्मूकश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर से हुयी शिष्टाचार भेंट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से शनिवार की देर शाम शिष्टाचार भेंट हुयी। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होने जम्मू कश्मीर दौरे पर पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के बीच हुयी भेंट वार्ता में आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकजुटता पर जोर दिया गया। अपनी छोटी बेटी प्रो. डॉ. विजयश्री सोना के साथ राजभवन पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी व उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के बीच करीब पैंतालीस मिनट की गर्मजोशी के साथ हुई लम्बी भेंट वार्ता में अहम राष्ट्रीय मसलों पर द्विपक्षीय चर्चा भी हुयी। भेंट वार्ता के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी ने आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य साहस तथा पराक्रम व शौर्य के साथ साथ जम्मू कश्मीर के लोगों की राष्ट्रीयता परक एक जुटता को भी जमकर सराहा। वहीं लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने सांसद प्रमोद तिवारी के साथ अपने पुराने बेहतर संबंधों की यादगार को साझा करते हुये उनके संसदीय एवं विधायी ज्ञान की प्रशंसा भी की। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने पहलगाम की बैसरन घाटी पहुंचकर पिछले साल अप्रैल में आतंकवादियों के हमले में निर्दोष शहीद भारतीयों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। श्रीनगर में सांसद प्रमोद तिवारी रविवार को केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में भी शामिल हुये। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## कोर्ट की फटकार पर आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोर्ट की फटकार पर उदयपुर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा मारपीट व गाली गलौज एवं धमकी को लेकर केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी नीलम सरोज पत्नी महेश सरोज ने कोर्ट से फरियाद की कि बीती 25 फरवरी को आरोपियों द्वारा नाली के विवाद को लेकर उसे तथा परिवार के सदस्यों को गाली गलौज के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर चोटहिल कर दिया। आरोपियों ने पीड़िता को जातिसूचक गालियां भी दी। पीड़िता ने कोर्ट में की गयी फरियाद में कहा है कि पुलिस ने उसके विपक्षियों की तरफ से तहरीर पर एक तरफा मुकदमा दर्ज किया गया है। अफसरों से शिकायत करने के बावजूद उदयपुर पुलिस ने जांच के नाम पर पीड़िता की तहरीर पर केस नहीं दर्ज किया। कोर्ट की फटकार पर उदयपुर पुलिस ने गांव के बृजेश यादव पुत्र बालकिशन, सुनील यादव पुत्र सुखराम, बालगोविन्द पुत्र शिवमंगल यादव, पंकज यादव पुत्र चन्द्रेश यादव, श्यामा पत्नी लालजी, पिंकी व निक्की पुत्रीगण राजकुमार यादव, बिट्टन यादव पत्नी राजकुमार के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## विधायक विनय वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने आक्रोश पदयात्रा निकाल भरी हुंकार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में रविवार शाम को विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा व पत्नी बबिता वर्मा के साथ हजारों महिलाओं ने विधायक आवास संत रविदास नगर टीचर्स कॉलोनी से महिला आक्रोश पद यात्रा निकाल नारी शक्ति वंदन, नारी शक्ति, जिन्दाबाद, महिलाओं के अधिकार को लेकर आवाज़ बुलंद किया। सांसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुहिम को रोकने वाले विरोधियों पर महिलाएं व विधायक खूब गरजे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिलाओं ने यात्रा में हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में अपनी एकजुटता दिखाई। पद यात्रा विधायक आवास से शुरू होकर नगर पंचायत शोहरतगढ़ के तिरंगा तिराहा, पुलिस पिकेट, गोलघर, सोनारी मोहल्ला, भारत माता चौक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि का भ्रमण करते हुए पुनः वापस लौटी।

विधायक ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाते हैं और जब अधिकार देने की बात आती है तो विरोध की राजनीति करते हैं।

विधायक ने कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का आरक्षण कोई नहीं रोक पायेगा आधी आवादी अपना हक लेकर रहेगी विधायक पत्नी बबिता वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य हो रहा है और नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इस महत्वपूर्ण कानून का विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है, जिसे देश की मातृशक्ति कभी माफ नहीं करेगी। पद यात्रा में दौरान विधायक विनय वर्मा, विधायक पत्नी बबिता वर्मा, एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, सीओ मयंक द्विवेदी, तहसीलदार प्रकाश सिंह, प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ,शैलेन्द्र कौशल, विजय गुप्ता, अरविंद वर्मा, हरीश वर्मा , राजकुमारी, मुन्नी देवी आदि सहित हजारों की संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही।

## शिवराजपुर पुलिस का बड़ा खुलासा, हत्या कर शव की पहचान छिपाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर।** कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना शिवराजपुर पुलिस ने हत्या कर शव की पहचान छिपाने के सनसनीखेज मामले का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, एक बड़ी लकड़ी का डंडा, लोहे की रॉड और अन्य साक्ष्य भी बरामद किए हैं। पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवराजपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित उर्फ गुड्डू निवासी ग्राम महाराजपुर प्रताप नगर थाना बिल्हौर, सचिन राठौर निवासी ग्राम महिगवां देहात थाना बिल्हौर तथा आकाश राठौर उर्फ पप्पू निवासी ग्राम साजौनी नायपुर थाना बिल्हौर शामिल हैं।

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की हत्या पूर्व नियोजित साजिश के तहत की गई थी। आरोपियों ने पहले मृतक को अपने साथ ले जाकर शराब पिलाई, इसके बाद आपसी विवाद और रंजिश के चलते डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर उसकी हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया गया, ताकि मामला हादसा प्रतीत हो और पहचान छिपाई जा सके। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल, मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर MP41ML7003, एक लोहे की रॉड, लकड़ी का डंडा और अन्य सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## फर्रुखाबाद रुट पर ट्रेन में दूधियों का कब्जा, महिला की जान जाते-जाते बची



**कानपुर।** कल्याणपुर रेलवे स्टेशन एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में आ गया। रविवार को स्टेशन पर दूधियों के कब्जे और अवैध सामान रखने के कारण एक महिला की जान जाते-जाते बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बिना टिकट यात्रा करने वाले कुछ दूधियों ने ट्रेन के डिब्बे और निकास मार्ग पर अपने दूध के डिब्बे रखे हुए थे, जिससे यात्रियों को उतरने में भारी परेशानी हो रही थी। इसी दौरान एक महिला ट्रेन से उतरने का प्रयास कर रही थी कि अचानक उसका पैर फिसल गया। मौके पर मौजूद यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को ट्रेन के नीचे आने से बचा लिया। घटना के बाद स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी और हंगामे का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची आरपीएफ पुलिस ने मौके से एक दूधिये को हिरासत में लेकर अनवरगंज आरपीएफ चौकी भेज दिया है। यात्रियों का आरोप है कि लंबे समय से कुछ लोग बिना टिकट यात्रा कर ट्रेनों में कब्जा जमाए रहते हैं और विरोध करने पर विवाद पर उतारू हो जाते हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऐसे लोगों पर स्थायी कार्रवाई कब होगी और रेलवे प्रशासन इस समस्या पर कब सख्ती दिखाएगा।

## भाजपा का दो दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण का होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर वर्ग प्रशिक्षण के संबंध में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक शनिवार को आयोजित की गई।बैठक में काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंच पर जिला प्रभारी कौशलेन्द्र सिंह पटेल, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य,जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र एवं ओम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ द्वारा 9 एवं 10 मई को दो दिवसीय वर्ग प्रशिक्षण का श्री राम रिसॉर्ट चिलबिला में आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता वर्ग प्रभारी के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे, जबकि पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र वर्गाधिकारी के रूप में सहभागिता करेंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिला कार्य समिति,मण्डल अध्यक्ष एवं मण्डल प्रभारी,समस्त मोर्चा जिलाध्यक्ष / जिला महामंत्री,जिला संयोजक, सह-संयोजक, प्रकोष्ठ /विभाग,जनप्रतिनिधि,जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक (विधान परिषद/ विधानसभा), विधानसभा प्रत्याशी, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख,जिले में निवास करने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा/प्रकोष्ठ/विभाग के प्रदेश एवं क्षेत्र स्तरीय पदाधिकारी,प्रदेश एवं जिला स्तरीय सहकारी संघ / सहकारी बैंक / क्रय-विक्रय समिति, क्षेत्र समिति भाजपा,राष्ट्रीय परिषद सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष,

सहित कुल 300 कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।मुख्य अतिथि अवधेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि संगठनात्मक दृष्टि से जनपद प्रतापगढ़ काशी क्षेत्र ही नहीं, बल्कि प्रदेश के सबसे बड़े जिलों में से एक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं व्यवहारिक कौशल को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश सिंह ने किया।जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल का जन्मदिन भी कार्यालय पर मनाया गया।इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश मिश्र राजन एवं अजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पवन गौतम, अजय सिंह, रामजी मिश्र एवं राम आसरे पाल, जिला मंत्री रुचि केसरवानी, पूनम इंसान, मुदित सिंह, राम चरित्र वर्मा, विनोद शर्मा एवं अनिल कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष शिव विलास वैश्य, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ल, जिला सह मीडिया प्रभारी द्वय देवेश त्रिपाठी एवं आशीष कुमार, यशोदा शुक्ला, माधुरी सिंह, प्रमिला शुक्ला, पूर्व महामंत्री अशोक मिश्र, हरिश्चंद्र सोनकर, पिंकी दयाल, ओम प्रकाश पांडेय, आशीष त्रिपाठी, विशाल सिंह, मुरली उपाध्याय, विजय मिश्र, अंशुमान सिंह, कृपा शंकर गिरी, मनजीत सरोज, रजत सक्सेना, छेदी राम सरोज, आलोक सिंह, नवीन सिंह, विक्रम सिंह, अतुल शुक्ल, साधु दुबे, प्रशांत श्रीवास्तव, नीरज ओझा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## कानपुर सब फैकल्टी द्वारा आयोजित 43वां रिफ्रेशर कोर्स 2026 का समापन समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** आई.एम.ए. कॉलेज ऑफ जनरल प्रैक्टिशनर्स (सी.जी.पी.), कानपुर सब फैकल्टी द्वारा आयोजित 43वां रिफ्रेशर कोर्स 2026 का समापन समारोह आज सम्पन्न हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जी.के. मिश्रा, अतिरिक्त निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानपुर मंडल तथा प्रो. डॉ. विनय कुमार पाठक, कुलपति, सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय, कानपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर आईएमए एवं सीजीपी के पदाधिकारियों में डॉ. अनुराग मेहरोत्रा (अध्यक्ष, आई.एम.ए. कानपुर), डॉ. शालिनी मोहन (सचिव), डॉ. गौरव चावला (सहायक निदेशक, आई.एम.ए. सी.जी.पी.), डॉ. दीपक श्रीवास्तव (वैज्ञानिक सचिव), डॉ. शरद दामेले (सहायक सचिव) एवं डॉ. विशाल सिंह (वित्त सचिव) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रतिमा वर्मा एवं डॉ. अमित सिंह गौर द्वारा किया गया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत, दीप प्रज्वलन, संबोधन एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। विशिष्ट अतिथियों ने अपने संबोधन में इस प्रकार के वैज्ञानिक आयोजनों को चिकित्सकों के ज्ञानवर्धन एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। समारोह में आयोजन टीम, पदाधिकारियों एवं स्टाफ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में डॉ. शरद दामेले सहायक सचिव आई. एम. ए. सी.जी.पी. द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## हत्या का प्रयास के अभियोग में अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** बीते 14 जनवरी को वादी निवासी बलीपुर थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत बलीपुर दुर्गा मंदिर के पास पूर्व से घात लगाए बैठे आरोपीगण द्वारा रास्ता रोककर लोहे की रॉड, ब्लेड एवं डंडों से मारपीट की गई, जिससे वादी के सिर व आंख में गंभीर चोटें आई। बीच-बचाव करने आए प्रार्थी के दोस्त को भी आरोपियों द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर में 06 नामजद लोगों पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना प्रभारी कोतवाली नगर सुभाष कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ में दर्ज मुकदमा से संबंधित अभियुक्त रोहित मिश्रा उर्फ बाबा पुत्र शिव शंकर मिश्रा निवासी बलीपुर विवेक नगर थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ उम्र करीब 31 वर्ष को रेलवे क्रसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर में आई सर्वाधिक शिकायतें

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने आज दिव्यांग जनों की समस्यायों के समाधान के लिए शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर चार में शिविर का आयोजन किया,, शिविर में दूर दराज से आए दिव्यांग जनों ने, दिव्यांग उत्पीड़न,, पेंशन, रोजगार के लिए ऋण,आवास,आय प्रमाण पत्र, रेलवे यूनिक कार्ड न बनने की शिकायत दर्ज कराई,, राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों से बात करके समस्याओं का समाधान कराया जाएगा, किसी दिव्यांग व्यक्ति को किसी प्रकार की असुविधा हो तो शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क बगिया गेट नंबर चार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं,, शिविर में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, अरविंद सिंह, रंजीत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## संदीप यादव हत्या कांड में शामिल दोषी बख्शे नहीं जायेंगे: परिवार से मिले सांसद





● जगदंबिका पाल व विधायक श्यामधनी राही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के लोटन कोतवाली के धरनिहवा गांव के टोला कोल्हुआ निवासी मृतक संदीप यादव के परिजनों से मिलने डूमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या व सदर विधायक श्यामधनी राही, नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द माधव, विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही व कई अन्य पहुंचे। सांसद जगदम्बिका पाल ने मृतक के पिता से कहा की दोषियों को सजा दिला कर न्याय दिलाया जायेगा। सांसद जगदंबिका पाल ने मृतक संदीप यादव के पिता को पच्चास हजार रुपये का आर्थिक मदद किया। मृतक के पिता ने सांसद से कहा जो हमारे साथ थे पुलिस ने उन पर मार्ग जाम का मुकदमा लिख कर तलाश रही । इस मामले में सांसद ने कहा कि पुलिस का यह रवैया ठीक नही है मै मुख्यमंत्री से बात करुँगा ।सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि पीड़ित परिवार का हर संभव मदद किया जाएगा। सी एच सी अधीक्षक अमित चौधरी ने डॉ.मनीष चौधरी को टीम के साथ भेजा। मृतक के परिवार को सीएचसी लोटन इलाज के लिए लाया गया। सदर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि संदीप यादव हत्या कांड में शामिल दोषियों की गिरफ्तारी होगी।

